राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार , 13 जुलाई 2025
वर्ष 06, अंक 280, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

लहरपुर क्षेत्र में वैध व अवैध अस्पतालों की भरमार, दो- तीन अस्पतालों तक ही सीमित हो गए सीएमएस...03

भरतिया पहुंचे सपा सांसद रामजीलाल सुमन, सरकार पर लगाये आरोप...12

## बेचारे अवार्ड-जीवी प्रधानमंत्री को लौटते ही संघ प्रमुख ने 75 साल की याद दिला दी- कांग्रेस

**प्रयागराज।** कांग्रेस ने शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के 75 साल की उम्र में पद छोड़ने से जुड़े बयान को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसा। कांग्रेस ने कहा कि यह कैसी घर वापसी है कि विदेश से लौटते ही सरसंघचालक ने पीएम को याद दिला दिया कि इस साल वे 75 साल के हो जाएंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने तंज कसते हुए कहा, 'बेचारे अवार्ड- जीवी प्रधानमंत्री! कैसी घर वापसी है ये- लौटते ही सरसंघचालक के द्वारा याद दिला दिया गया कि 17 सितंबर 2025 को वे 75 साल के हो जाएंगे। लेकिन प्रधानमंत्री सरसंघचालक से भी कह सकते हैं कि - वे भी तो 11 सितंबर 2025 को 75 के हो जाएंगे! एक तीर, दो निशाने!'

दरअसल, 9 जुलाई को नागपुर में एक पुस्तक विमोचन समारोह में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने संघ विचारक मोरोपंत पिंगले को याद करते हुए कहा, '75 साल की उम्र पूरी होने पर जब आपको शॉल ओढ़ाई जाती है तो इसका मतलब है कि अब आपको रुक जाना चाहिए। आपकी उम्र हो चुकी है, अब दूसरों को अवसर देना चाहिए।' भागवत ने यह बात पिंगले के जीवन और उनके निस्वार्थ सेवा के संदर्भ में कही थी, लेकिन इसका समय और शब्दों ने इसे राजनीतिक रंग दे दिया। खास तौर पर, यह बयान इसलिए चर्चा में आया क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खुद मोहन भागवत दोनों ही सितंबर 2025 में 75 वर्ष के हो जाएंगे। भागवत 11 सितंबर को और मोदी 17 सितंबर को।

भागवत के इस बयान ने बीजेपी को लेकर चलने वाली उस सुगबुगाहट को फिर से चर्चा में ला दिया है जिसमें कथित तौर पर 75 साल की उम्र पार करने वाले नेताओं को सक्रिय राजनीति से हटने के लिए कहा जाता है। 2014 में नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बीजेपी सरकार बनने के बाद लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी जैसे कई दिग्गज नेताओं को 75 साल की उम्र के बाद टिकट या मंत्रिमंडल में जगह नहीं दी गई थी।

कांग्रेस ने भागवत के इस बयान को तुरंत लपक लिया। पीएम मोदी पर तंज कसने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश द्वारा मोहन भागवत और पीएम मोदी पर तंज कसे जाने के बाद कांग्रेस के अन्य नेताओं ने भी भागवत के बयान को लेकर हमला बोला।

सुप्रिया श्रीनेत ने तंज में लिखा है कि 'मोदी जी को मोहन भागवत जी का यह Happy Birthday in advance कहने का तरीका थोड़ा रोचक है!' कांग्रेस के एक अन्य वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने एक वीडियो बयान जारी करते हुए लिखा है, देश के अच्छे दिन आने वाले हैं, भागवत और मोदी जाने वाले हैं।

कांग्रेस के अलावा शिवसेना यूबीटी के नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने भी इस बयान पर तीखा कटाक्ष किया। राउत ने कहा, 'पीएम मोदी ने लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, जसवंत सिंह जैसे बड़े नेताओं को 75 साल की



उम्र के बाद जबरन रिटायरमेंट दिला दिया था। अब देखते हैं कि क्या वे खुद इस नियम का पालन करेंगे या नहीं।' राउत ने यह भी दावा किया कि इस साल मार्च में पीएम मोदी की नागपुर में आरएसएस मुख्यालय की यात्रा उनके रिटायरमेंट की चर्चा से जुड़ी थी, हालाँकि बीजेपी ने इसे खारिज कर दिया था।

इसके अलावा, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी पिछले साल मई 2024 में इस मुद्दे को उठाया था। उन्होंने कहा था, 'बीजेपी में 75 साल की उम्र में रिटायरमेंट का नियम है। पीएम मोदी अगले साल 17 सितंबर को 75 साल के हो जाएंगे। क्या वे रिटायर होंगे या अमित शाह को पीएम बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं?'

बीजेपी में कथित 75 साल वाले नियम को लेकर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस मुद्दे पर पहले साफ़ किया था कि बीजेपी के संविधान में 75 साल की उम्र में रिटायरमेंट का कोई लिखित नियम नहीं है। मई 2024 में उन्होंने कहा था, 'पीएम मोदी 2029 तक देश का नेतृत्व करेंगे। विपक्ष झूठ फैलाकर चुनाव नहीं जीत सकता।' बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी पिछले साल इस बात को दोहराया था कि मोदी 2029 तक नेतृत्व में रहेंगे।

दिलचस्प बात यह है कि मोहन भागवत स्वयं 11 सितंबर 2025 को 75 साल के हो जाएंगे। आरएसएस में सरसंघचालक के पद के लिए कोई उम्र सीमा नहीं है, और पहले भी कई सरसंघचालक 75 साल से ज़्यादा उम्र तक रहे थे। मिसाल के तौर पर बालासाहेब देवरस 79 साल की उम्र तक पद पर रहे थे। भागवत के बयान ने न केवल पीएम मोदी के भविष्य को लेकर चर्चा छेड़ दी है, बल्कि बीजेपी और आरएसएस के बीच संबंधों पर भी सवाल उठाए हैं। कुछ जानकारों का मानना है कि यह बयान बीजेपी के लिए एक आंतरिक संदेश हो सकता है, जो पार्टी में अगली पीढ़ी के नेतृत्व को तैयार करने की जरूरत पर जोर देता है। वहीं, विपक्ष इसे बीजेपी और आरएसएस के बीच संभावित तनाव के रूप में देख रहा है।

## बिहार में निजी कंपनियों के लिए खुला विकास का नया द्वार... CSR नीति 2025 से मिलेगा निवेश को बढ़ावा

**बिहार सरकार की नई CSR नीति 2025 से निजी कंपनियों को जनकल्याणकारी योजनाओं में निवेश का सुनहरा अवसर मिलेगा. बता दें कि इस CSR पोर्टल के लॉन्च से निवेश प्रक्रिया आसान होगी. इससे बिहार के विकास में 24,932 कंपनियां भागीदार बनेंगी. जिससे बिहार की दिशा और दशा में बदलाव आएगा**






**स्वतंत्र प्रभात**

बिहार अब विकास की नई राह पर तेजी से बढ़ रहा है. बिहार सरकार ने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) नीति 2025 को अधिसूचित कर दिया है. जिसके तहत निजी कंपनियां राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं में सीधे निवेश कर सकेंगी. इस नीति से बिहार के विकास को नई गति मिलेगी और राज्य की सामाजिक-आर्थिक तस्वीर बदलने में मदद मिलेगी।

वित्त विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर ने बताया कि बिहार सरकार ने एक सीएसआर पोर्टल तैयार किया है. जिसे जल्द ही उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री सम्राट चौधरी लॉन्च करेंगे. इस पोर्टल पर कंपनियां रजिस्ट्रेशन कर सकेंगी और निवेश से जुड़ी सभी जानकारी एक ही जगह पा सकेंगी. सरकार ने ष्टस्क्र सोसाइटी का गठन किया है, जिसकी निगरानी मुख्य सचिव की अध्यक्षता में शासी निकाय और वित्त विभाग की कार्यकारिणी समिति करेगी. बता दें कि यह पोर्टल निवेशकों को भटकने से बचाएगा और उन्हें सरकार की प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में निवेश की पूरी जानकारी देगा।

**पहले क्यों थी परेशानी?**

पहले निजी कंपनियों को बिहार में सीएसआर फंड खर्च करने के लिए सही मंच नहीं मिल पा रहा था. नतीजतन, देश में 2022-23 में CSR के तहत खर्च हुए 29,727 करोड़ रुपये में से केवल 1 प्रतिशत ही बिहार को मिला था. जबकि नियमों के अनुसार बिहार को कम से कम 10 प्रतिशत हिस्सा मिलना चाहिए था. नई नीति और पोर्टल के जरिए अब यह कमी दूर होगी।

**बिहार के लिए सुनहरा अवसर**

वर्तमान में देशभर में 24,932 कंपनियां सीएसआर फंड खर्च करने के लिए योग्य हैं. नई नीति के तहत ये कंपनियां बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में निवेश कर सकेंगी. वित्त विभाग का मानना है कि पारदर्शी नीति और पोर्टल के जरिए बिहार अब कंपनियों के लिए निवेश का आकर्षक गंतव्य बनेगा. जिससे बिहार की दिशा और दशा में बदलाव आएगा।

**पटना में होगा मेगा सेमिनार**

बिहार सरकार जल्द ही पटना में एक भव्य सेमिनार आयोजित करने जा रही है. इस सेमिनार में देश की प्रमुख कंपनियों को आमंत्रित किया जाएगा. इसका उद्देश्य कंपनियों को बिहार में सीएसआर फंड के जरिए निवेश के अवसरों से अवगत कराना है. यह आयोजन बिहार के सामाजिक बदलाव में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा।

**बिहार की महिलाओं के साथ सीएसआर का योगदान**

बिहार में पहले से ही जीविका परियोजना के तहत 1.35 करोड़ परिवारों को जोड़ा जा चुका है. जिसमें महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं. अब सीएसआरफंड के जरिए शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में और अधिक निवेश से बिहार की नारी शक्ति को नया बल मिलेगा. इसके अलावा ग्रामीण सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाएं और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों में भी CSR निवेश से विकास को नई गति मिलेगी।

**क्यों खास है यह नीति?**

नई CSRनीति पारदर्शिता, समन्वय और कड़ी निगरानी पर जोर देती है. यह न केवल कंपनियों को निवेश के लिए प्रोत्साहित करेगी, बल्कि बिहार के विकास में उनकी भागीदारी को सुनिश्चित भी करेगी. बता दें कि यह नीति बिहार को देश के उन राज्यों में शामिल करेगी, जो कॉरपोरेट निवेश के जरिए तेजी से प्रगति कर रहे हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मंडलीय चिकित्सालय में शीघ्र बनेगा पैलियेटिव केयर वार्ड



**मिर्जापुर।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले के मंडलीय चिकित्सालय में पैलियेटिव केयर वार्ड स्थापित किये जाने का आदेश 03 जुलाई को मिल चुका है प्रदेश के 23 जिलो में बन चुका है इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी की ओर से मेडिकल कालेज के प्राचार्य को शुक्रवार को सूचित कर दिया गया है। यहां पर न होने के कारण प्रदेश सरकार की ओर से मांग किया गया था यह 10 बेड का वार्ड होगा। इस आशय की जानकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर मुकेश ने दी।

**बहुखण्डीय चिकित्सालय की उपलब्धि जिले को मिला**

**मिर्जापुर।** स्वास्थ्य विभाग की ओर जिले को बहुखण्डीय चिकित्सालय की उपलब्धि दी गई यह सूचना मिलते ही जिले के डॉक्टरों में खुशी की लहर दौड़ गई। यह चिकित्सालय 50 बेड का बनाया जाना है इसके लिए जगह देखने का काम विभाग की ओर से शुरू कर दिया है। जगह मिलने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी। ट्रामा सेन्टर व इमरजेन्सी एक साथ चलाया जा रहा है। चूंकि ट्रामा सेन्टर सीएमओ की बिल्डिंग है तो इसमें भी खोलने का विचार किया जा सकता है। इस आशय की जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सी एल वर्मा ने दी।

### कर अधिक्ताओं ने समस्याओं को लेकर जीएसटी कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

**चित्रकूट ब्यूरो:** जीएसटी कार्यालय सीतापुर में एडिशनल कमिश्नर ग्रेड एक दिनेश सचान और ग्रेड दो राकेश कुमार के चित्रकूट आगमन पर जिला कर अधिवक्ता संघ ने जोरदार स्वागत किया। एडिशनल कमिश्नरों ने अधिक्ताओं के साथ बैठक भी की। जिसमें जिला कर अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने कार्यालय एवं जीएसटी से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सोंपा। इस मौके पर जॉइंट कमीशनर बाँदा राम नारायण, संतोष वर्मा, डिप्टी कमिश्नर विक्रम अजीत, सीनियर अधिवक्ता संजय अग्रवाल, पीयूष गोयल, शिवनाथ त्रिपाठी, अभिनव केशरवानी, अनिल शुक्ला, प्रदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## बेवजह पति से अलग रह रही पत्नी भरण-पोषण की हकदार नहीं- हाईकोर्ट

**स्वतंत्र प्रभात**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए अहम टिप्पणी की है. हाईकोर्ट ने पति-पत्नी के विवाद में फैमिली कोर्ट द्वारा पत्नी को भरण पोषण देने का आदेश रद्द करते हुए कहा कि बिना किसी वाजिब कारण के ससुराल और पति से अलग रह रही पत्नी को भरण पोषण नहीं दिया जा सकता है. यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष चंद्र शर्मा ने मेरठ निवासी विपुल अग्रवाल की निगरानी याचिका पर उसके अधिवक्ता रजत ऐरन और दूसरे पक्ष के वकील को सुनकर दिया है।

याची के अधिवक्ता रजत ऐरन ने कोर्ट के समक्ष दलील दी कि याची की पत्नी निशा अग्रवाल विवाह के कुछ समय बाद ही छोटे बच्चे के साथ ससुराल छोड़कर मायके जाकर रहने लगी. पति के भरसक प्रयास के बाद भी वापस आने को तैयार नहीं हुई. उन्होंने कोर्ट को बताया कि मध्यस्थता के दौरान भी पत्नी द्वारा पति के साथ जाने से स्पष्ट इनकार कर दिया।

एडवोकेट रजत ऐरन ने कहा कि पत्नी ने भरण पोषण के लिए फैमिली कोर्ट मेरठ के समक्ष सीआरपीसी की धारा 125 का मुकदमा किया।

फैमिली कोर्ट ने अपने आदेश में पति से अलग रहने का कोई वाजिब कारण पत्नी के पास नहीं पाया. इसके बाद भी आठ हजार रुपये मासिक भरण पोषण सहानुभूति के आधार पर तय कर दिया गया, जो सीआरपीसी की धारा 125(4) के प्रावधान का उल्लंघन है. हाईकोर्ट ने पति की निगरानी याचिका स्वीकार करते हुए फैमिली कोर्ट के गत 17 फरवरी के आदेश को भरण पोषण के मूलभूत प्रावधानों के विपरीत पाते हुए रद्द कर दिया. इस मामले में फिर से निर्णय के लिए उसे फैमिली कोर्ट मेरठ भेजने का निर्देश दिया।

## काकोरी ब्लाक में आंगनबाड़ी भर्ती में हुई धांधली का मामला पहुंचा सीएम की चौखट पर

**● .....लखनऊ से गोरखपुर में पीड़ितों ने की सीएम से मुलाकात।**

**.....जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन।**

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखनऊ।** बाल पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत आंगनबाड़ी भर्ती में धांधली का दावा किया जा रहा है।आरोप है कि मेरिट लिस्ट में फर्स्ट आने के बावजूद भी चयन नहीं हुआ।काकोरी में आंगनबाड़ी वर्कर भर्ती में बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है।काकोरी ब्लॉक अंतर्गत कई ग्राम पंचायत में मेरिट लिस्ट में फर्स्ट नंबर का सिलेक्शन हुआ था,लेकिन सुपरवाइजर और सीडीपीओ ने पैसे की मांग की,जब पैसा नहीं दिया तो सेकंड नंबर पर जो महिला थी उसका सिलेक्शन कर दिया गया,पीड़ितों ने आरोप लगाया कि घर-घर जाकर पैसे का लेनदेन करती थी सुपरवाइजर,पूरा मामला राजधानी के काकोरी ब्लॉक का है।पीड़ितों ने गोरखपुर मंदिर में आयोजित मुख्यमंत्री जनता दर्शन में पहुंच कर सीएम योगी से मिलकर शिकायत कर न्याय की मांग कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग किया है।

काकोरी में आंगनबाडी भर्ती 2024 के केन्द्र दशदोई-एक ग्राम दशदोई,ब्लाक काकोरी,तहसील सदर के चयन में मोहिनी देवी गौतम के मैरिट में अधिक अंक (मैरिट अंक 18.89) होने के बावजूद दूसरे ग्राम/वार्ड (ग्राम पंचायत-मुजफफर नगर पलिया) की निवासिनी अभ्यर्थी लक्ष्मी पुत्री अयोध्या प्रसाद पत्नी राम सिंह (मैरिट अंक 04.48) का नियम विरूद्ध चयन कर दिया गया।मोहिनी देवी पत्नी महेन्द्र कुमार गौतम ग्राम नयाखेड़ा,दशदोई,ब्लाक काकोरी तहसील सदर जनपद लखनऊ ने आंगनबाड़ी कार्यकात्री चयन वर्ष 2024 पद हेतु केन्द दशदोई के लिये आवेदन किया था।जिसका मेरिट लिस्ट हाईस्कूल एवं इन्टरमीडियट व स्नातक के अंक मिलने पर



मैरिट अंक 18.69 है जब कि लक्ष्मी पुत्री अयोध्या प्रसाद पत्नी राम सिंह का मैरिट अंक 04¬48 है।जबकि लक्ष्मी पत्नी राम सिंह ग्राम पंचायत दसदोई की निवासी भी नहीं है यहां उसका मायका है।वह दूसरे ग्राम/वार्ड (ग्राम पंचायत-मुजफफर नगर पलिया) की निवासिनी है। उसके फर्जी कागजात के आधार पर ग्रान दशदोई का निवास प्रमाण पत्र बनाकर चयन प्रक्रिया में भाग लिया गया।इसी तरह से रीना देवी पत्नी रामकरन निवासी गदाईखेड़ा,बड़गांव ब्लाक काकोरी,तहसील-सदर,जनपद लखनऊ। खुश्बू रावत ग्राम पंचायत गोहरामऊ काकोरी,संगीता यादव ग्राम पंचायत जगतापुर काकोरी,अंकाक्षा वर्मा ग्राम



पंचायत गुरुदीनखेडा काकोरी ने गुरु पूर्णिमा पर गोरखनाथ मंदिर पर आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया। सीएम ने अभी को आश्वस्त किया कि नियमानुसार जांच कराकर दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## अंग्रेजी शासन काल में बना अप्सरा नदी का बांध हालत हुई जर्जर लाखों लोग हो रहे प्रभावित

**● 20 साल पहले क्योलड़िया डैम जर्जर हुई तो रोका गया आवागमन**

**स्वतंत्र प्रभात**

विश्व देव राठौर

**बरेली/**क्योलड़िया अंग्रेजी शासन में शारदा नहर खंड क्योलड़िया में इस बांध का निर्माण हुआ। लेकिन करीब 12 दशक पुरानी पुरानी इस डैम के जर्जर होने पर विभाग के अधिकारियों ने डैम से भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी। डैम पर 20 वर्ष पूर्व आवागमन रोक दिया गया लेकिन अब तक डैम पर पुल का निर्माण नहीं हुआ है। डैम पर पुल नहीं बनने से सबसे ज्यादा व्यापारी,किसान और छात्र प्रभावित हो रहे हैं। जर्जर डैम से गुजरने पर लोगों को जान का खतरा बना हुआ है। डैम से रोजाना 50 से अधिक गांवों के लाखों लोगों का तहसील और जिला मुख्यालय आवागमन रहता है। जिसके कारण ही लाखों लोग प्रभावित हो रहे है। ब्लॉक भदपुरा का कार्यालय क्योलड़िया में बना हुआ है। यहां थाना बैंक थाना व अन्य सरकारी विभागों के ऑफिस भी है। लेकिन



यहां से तहसील नबावगंज और जिला मुख्यालय बरेली जाने के लिए डैम से होकर ही मेन रास्ता है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार डैम का निर्माण अंग्रेजी शासन कॉल में हुआ। लगभग 120 साल पुरानी हो चुकी डैम के जर्जर होने पर विभाग के अधिकारियों ने डैम से भारी वाहनों के गुजरने पर प्रतिबंध लगा दिया। जिसके बाद भारी वाहनों को लंबी दूरी तय करना पड़ रहा है। इससे लोगों को अधिक समय और अधिक रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों को इससे अवगत कराया लेकिन पुल का निर्माण नहीं हुआ। जिससे लोगों को जान का खतरा बना हुआ है।

**इन गांवों का रहता है रोजाना पुल से आवागमन**

क्योलड़िया, मौजमपुर, परसरामपुर, जवेदा, बिजासन, रुकुमपुर, प्रहलादपुर, आनंदापुर, वैवाही, पेनहा, मधुनगला, असुआ, फुलबइया, माधौपुर, कुलुआ, महेशपुर, कुंअरपुर, भउआ बाजार, बिहारीपुर अब्दुल रहमान, मरगापुर मरगैय्या, बरसिया, बिहारीपुर प्रीतमराम, नौगवा भगवंतपुर, जरपा मोहनपुर, अमीर नगर, किशनपुर, आदि। इस बांध निर्माण ना होने से क्षेत्र को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है परंतु इस तरफ विभाग एवं जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसके कारण लोग उपेक्षित तो है ही परंतु किसी दिन बड़ी घटना होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता सभी पार्टियों के नेताओंको चुनाव के समय याद आती है चुनावजीतने क इसे भूल जाते हैं इसी कारण इसका नया निर्माण नहीं हो पा रहा है।

## राजनीतिक और धार्मिक उद्देश्यों के लिए तिरंगे के उपयोग पर रोक लगाने की मांग, सुप्रीम कोर्ट 14 जुलाई को करेगा सुनवाई

**● उच्चतम न्यायालय 14 जुलाई को एक याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें राष्ट्रीय ध्वज के राजनीतिक और धार्मिक उद्देश्यों से होने वाले उपयोग को रोकने की मांग की गई है. याचिका में केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग को राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और भारतीय ध्वज संहिता, 2002 के प्रावधानों को सख्ती से लागू करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है**

**स्वतंत्र प्रभात**

उच्चतम न्यायालय 14 जुलाई को एक महत्वपूर्ण याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें केंद्र सरकार और भारत निर्वाचन आयोग को निर्देश देने की मांग की गई है कि वे किसी भी राजनीतिक दल या धार्मिक संगठन द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के ÷राजनीतिक या धार्मिक उद्देश्यों÷ के लिए किए जा रहे उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने के लिए कदम उठाएं।



यह याचिका राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और भारतीय ध्वज संहिता, 2002 के प्रावधानों को सख्ती से लागू करने की मांग करती है, ताकि तिरंगे का सम्मान बना रहे और उसका कोई दुरुपयोग न हो।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ की ओर से इस याचिका पर सुनवाई की जाएगी।

**सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई याचिका**

याचिकाकर्ता ने अदालत से अनुरोध किया है कि वह केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग को उचित रिट या आदेश जारी कर यह सुनिश्चित करें कि तिरंगे का उपयोग किसी भी राजनीतिक दल या धार्मिक संस्था द्वारा उनके प्रचार या विचारधारा के समर्थन में न किया जाए. याचिका में यह भी कहा गया है कि राष्ट्रीय ध्वज पर पार्टी का लोगो, धार्मिक प्रतीक या किसी प्रकार का लेख अंकित करना न केवल असंवैधानिक है बल्कि यह राष्ट्रध्वज की गरिमा के विरुद्ध भी है. इसमें राजनीतिक रैलियों, धार्मिक आयोजनों या चुनाव प्रचार के दौरान तिरंगे का इस्तेमाल रोकने की मांग भी शामिल है।

**याचिका पर 14 जुलाई को होगी सुनवाई**

भारतीय ध्वज संहिता, 2002 और राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 में तिरंगे के प्रयोग से जुड़ी स्पष्ट व्यवस्थाएं हैं, जिनका उल्लंघन करने पर दंड का प्रावधान है. बावजूद इसके, पिछले कुछ वर्षों में कई अवसरों पर तिरंगे का राजनीतिक और धार्मिक उद्देश्यों के लिए प्रयोग देखा गया है. सुप्रीम कोर्ट में इस बाबत दायर याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई होगीराजनीतिक और धार्मिक उद्देश्यों के लिए तिरंगे के उपयोग पर रोक लगाने की मांग, सुप्रीम कोर्ट 14 जुलाई को करेगा सुनवाई।

## संक्षिप्त खबरें

### मृतक कर्मी के परिजनों से मिले बीडीओ, किया आर्थिक मदद



**बस्ती।** बस्ती जिले के विकासखंड परशुरामपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत भटीनिया के बेलवरिया निवासी व ब्लॉक के कर्मचारी स्व. लालचंद यादव के आकस्मिक निधन से पूरे विकासखंड परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। अपने कर्तव्यनिष्ठा और मृदुल स्वभाव के लिए पहचाने जाने वाले साथी के निधन से सभी दुखी थे।इस शोक की घड़ी में खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में समस्त ब्लॉक स्टाफ ने मिलकर उनके परिवार को संबल देने का प्रयास किया। ब्लॉक के सभी कर्मचारियों के सहयोग से एकत्रित की गई धनराशि 1,10,900 (एक लाख दस हज़ार नौ सौ रुपये) उनके माता को सौंपकर सहयोग भाव व्यक्त किया गया।खंड विकास अधिकारी ने कहा कि स्व. लालचंद यादव न केवल एक अच्छे कर्मचारी थे, बल्कि सभी के सहयोगी, विनम्र स्वभाव के व्यक्ति थे। उनका असमय निधन विभाग के लिए अपूरणीय क्षति है। इस दौरान विकासखंड के समस्त अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे और सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्रीश पाण्डेय, एडीओ पंचायत प्रभारी आलोक कुमार दिवाकर, सीडीपीओ विक्रमजोत बलराम सिंह,पूर्व एडीओ पंचायत राम सुरेश यादव के साथ जय प्रकाश मौजूद रहे।

### पैकोलिया थाना क्षेत्र के बभनान क्रॉसिंग का मामला, वायरल वीडियो से मचा हड़कंप

**बस्ती।** बस्ती जिले के पैकोलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बभनान क्रासिंग से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामूली कहासुनी के बाद शुरू हुआ विवाद उस वक्त बड़ा रूप ले लिया, जब कसाई मेराज नामक युवक जान से मारने की धमकी देने के बाद धारदार बकरा काटने वाला छूरा लेकर अंडे के दुकानदार रंगीलाल के दरवाजे पर जा पहुंचा।ग्रामीणों के अनुसार, रविवार रात मेराज ने जान से मारने की नीयत से दरवाजे पर पहुंचकर खुलेआम छूरा लहराया। यह पूरी घटना मोबाइल कैमरे में कैद हो गई और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। बताया जा रहा है कि विवाद के बाद आरोपी ने दुकानदार को सुबह देख लेने की धमकी दी थी। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया और उसे खंभे से बांध दिया। तत्पश्चात इसकी सूचना पैकोलिया पुलिस को दी गई। घटना के बाद से क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है, वहीं पुलिस की भूमिका और खौफ को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### पैकोलिया थाना क्षेत्र के बभनान क्रॉसिंग का मामला, वायरल वीडियो से मचा हड़कंप



**बस्ती।** बस्ती जिले के पैकोलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बभनान क्रासिंग से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामूली कहासुनी के बाद शुरू हुआ विवाद उस वक्त बड़ा रूप ले लिया, जब कसाई मेराज नामक युवक जान से मारने की धमकी देने के बाद धारदार बकरा काटने वाला छूरा लेकर अंडे के दुकानदार रंगीलाल के दरवाजे पर जा पहुंचा।ग्रामीणों के अनुसार, रविवार रात मेराज ने जान से मारने की नीयत से दरवाजे पर पहुंचकर खुलेआम छूरा लहराया। यह पूरी घटना मोबाइल कैमरे में कैद हो गई और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। बताया जा रहा है कि विवाद के बाद आरोपी ने दुकानदार को सुबह देख लेने की धमकी दी थी। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया और उसे खंभे से बांध दिया। तत्पश्चात इसकी सूचना पैकोलिया पुलिस को दी गई। घटना के बाद से क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है, वहीं पुलिस की भूमिका और खौफ को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

# स्वास्थ्य विभाग खुद अपने स्वास्थ्य की नहीं कर पा रहा रक्षा या फिर जिम्मेदार भ्रष्ट

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती।** बस्ती जिले में सरकारी स्वास्थ्य विभाग खुद बीमार नजर आ रहा है! एक तरफ बस्ती में सैकड़ों की संख्या में अवैध तरीके से प्राइवेट हॉस्पिटल मेडिकल सेंटर अल्ट्रासाउंड आदि स्वास्थ्य से जुड़ी व्यवस्था धड़ल्ले से चल रहे हैं! क्या यह मान लिया जाए जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं है या फिर लक्ष्मी के प्रभाव से चल रहे हैं! दोनों ही सूरत में यह गंभीर विषय है! जिले के कई प्रतिष्ठित अखबारों ने प्रमुखता से खबरों को दिखाया भी लेकिन जिम्मेदार है कि वह देखना ही नहीं चाहते! एक तरफ सरकारी हॉस्पिटलों में मरीजों के साथ धरातल के भगवान कहे जाने वाले डॉक्टर अपनी ऊपरी कमाई के चक्कर में गरीबों को भी लूटने से बाज नहीं आ रहे! यह किसी से छुपा नहीं है! उत्तर प्रदेश सरकार एक तरफ स्वास्थ्य को लेकर अपनी पीठ थपथपाने में लगी है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है अस्पताल के नाम पर बिल्डिंग तो बना दिया लेकिन अभी भी मूलभूत सुविधाओं से हॉस्पिटल वंचित हैं डॉक्टरों की कमी साफ-साफ दिखाई दे रही है और जो है भी वह अपनी ऊपरी कमाई के चक्कर में आम लोगों के साथ बिजनेसमैन जैसा व्यवहार कर रहे हैं बाहर की दवाइयां और बाहर से जांच कराई जा रही है! आम जनता भी इन व्यवस्थाओं से त्रस्त आ चुकी है! नाम न छापने की शर्त पर डॉक्टर ने ही पूरे व्यवस्था पर सवाल उठा दिया! और कहां की जिले में ही चाहे वह कैली हॉस्पिटल हो जिला अस्पताल हो या फिर महिला हॉस्पिटल! बाहर की दवाओं में और बाहर की जांच में 50 से 60% डॉक्टर का कमीशन फिक्स है और इसका हिस्सा ऊपर तक जाता है! बहुत सारी जांच की मशीन या तो हॉस्पिटल में है ही नहीं या फिर चल ही नहीं रही! इसके लिए कई बार उच्चाधिकारियों को अवगत भी कराया गया लेकिन सुधार नहीं है! राम नाम की सरकार है सब राम भरोसे चल रहा है मिश्रा जी आप लोग भी लिखिए हो सकता है की जिम्मेदार की आंखें खुल जाए सबको सब पता है!

### कांवड़ यात्रा की सुरक्षा को लेकर प्रशासन एलर्ट, कमिश्नर व डीआईजी ने डीएम एसपी के साथ बस में बैठकर घघौवा तक कावड़ मार्ग का किया निरीक्षण



**बस्ती।** बस्ती जिले में श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर बस्ती जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आ रहा है। कमिश्नर अखिलेश सिंह और डीआईजी संजीव त्यागी ने जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ भदेश्वरनाथ मंदिर परिसर और कांवड़ यात्रा मार्ग का गहन निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बस से एनएच-28 पर फुटहिया, कप्तानगंज चौराहा, हरैया, छावनी होते हुए घघौआ अयोध्या बॉर्डर तक भ्रमण किया।भ्रमण के दौरान उन्होंने मार्ग में पड़ने वाले प्रमुख पड़ावों, सुरक्षा बिंदुओं और सुविधाओं का जायज़ा लिया। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा, विद्युत व्यवस्था और ट्रैफिक नियंत्रण जैसे तमाम पहलुओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 113 सड़कों को मिली मंजूरी



### ●बलरामपुर में जर्जर हुई हरिहरगंज-ललिया संपर्क मार्ग

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर-** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने के लिए एक बड़ी पहल की गई है। शासन द्वारा 113 सड़कों को अनुमोदन दे दिया गया है जिनका निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। संबंधित ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत अधिकारियों और लेखपालों को निर्देशित किया गया है कि वे जल्द से जल्द गांवों में सर्वे कर मार्ग निर्धारण सुनिश्चित करें। ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की देरी न हो। बलरामपुर सदर क्षेत्र की 51, गैसड़ी की चार, गैड़ास बुजुर्ग की 28, पचपेड़वा की दो, रेहरा बाजार की आठ, श्रीदत्तगंज की नौ, तुलसीपुर की 10 और उतरौला की एक सड़क शामिल है। सभी संबंधित अधिकारियों को ट्रांजैक्ट वॉक के माध्यम से कार्रवाई शुरू करने के निर्देश पत्र के माध्यम से जारी कर दिए गए हैं। गैड़ास बुजुर्ग की निवासी मंजुला देवी ने बताया कि हमारे गांव में बरसात के दौरान पैदल निकलना मुश्किल हो जाता है। अगर यह सड़क बन गई तो अस्पताल और बाजार जाना आसान हो जाएगा। वहीं, तुलसीपुर क्षेत्र के राम प्रसाद ने कहा कि अब लग रहा है कि सरकार ने हमारे गांव की भी सुनी है। सड़क बनने से बच्चों को स्कूल आने-जाने में परेशानी नहीं होगी।

## पोखरों पर अवैध इमारत खड़ी कर रहे भू-माफिया



स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** सूबे के मुख्यमंत्री आदित्य योगी नाथ द्वारा लगातार सूबे में प्रशासन और शासन स्तर पर आदेश दिए जा रहे हैं, जो भी सरकारी जमीन ओर पोखर पर अवैध कब्जा है उनका कब्जा मुक्त कराया जाए, लेकिन निचले स्तर पर शासन और प्रशासन के द्वारा शिकायत मिलने के बाद भी सरकारी जमीन ओर पोखर को कब्जा मुक्त कराने में अनदेखी की जा रही है। कहीं ना कहीं अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेशों की अवहेलना करते नजर आ रहे हैं और सरकारी जमीन ओर पोखर को खाली नहीं करा पा रहे हैं। जिसके चलते भूमाफिया के हौसले बुलंद आए दिन नजर आ रहे हैं। थाना बरला क्षेत्र के गांव टिकटा में मुख्य मार्ग पर पोखर पर भू माफिया के द्वारा कब्जा किया गया है। पोखर के ऊपर ही मदरसा और इमारतें बना दी गई है। लगातार जिलाधिकारी को शिकायत मिलने के बाद भी प्रशासन इस पोखर को कब्जा मुक्त कराने में नाकाम नजर आ रहा है। जब इस पोखर की जानकारी क्षेत्रीय लोगों से की गई तो क्षेत्रीय लोगों की अलग-अलग राय देखने को मिली, जब इस पोखर की जानकारी क्षेत्रीय प्रधान से ली गई तो उन्होंने अभिलेखों के आधार पर पूरी जानकारी दी और कहा कि किसी समय पर यहां पोखर हुआ करती थी। आज भू माफिया के द्वारा इस पोखर पर कब्जा कर लिया गया है। मौजूदा प्रधान से पोखर को कब्जा मुक्त कराने की बात कही गई तो उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यदि पिछले प्रधान जब कब्जा मुक्त नहीं करा सके तो मैं इस पोखर को कैसे कब्जा मुक्त करवा सकता हूं, यदि प्रशासन और शासन स्तर पर इस पोखर पर कार्रवाई की गई तो वह इस पोखर को कब्जा मुक्त कराने में अपना पूरा सहयोग प्रदान करेगें।

### सुआंव नदी पुनरुद्धार का शुभारम्भ



**बलरामपुर** – आज दिनांक 12 जुलाई 2025 को जनपद बलरामपुर के जिला प्रशासन के नेतृत्व में ग्राम पंचायत हसुआ डोल विकास खंड सदर में छोटी एवं सहायक नदियों के पुनरुद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत सुआँव नदी पुनरुद्धार कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक बलरामपुर सदर द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में तुलसीपुर, गैसड़ी, पचपेड़वा, बलरामपुर सदर, श्रीदत्तगंज, गैडास बुजुर्ग, उतरौला के सफाई कर्मचारियों सहित समस्त ग्राम पंचायत वासियों ने भी श्रम दान कर सहयोग किया उक्त अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर श्री हिमांशु गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ0 मुकेश रस्तोगी, डॉ0जावेद , वरिष्ठ शासकीय अधिवक्ता श्री पवन कुमार शुक्ला, भाजपा नेता आकाश पाण्डेय एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पुल की स्थिति को बताया खतरनाक, आवागमन पर लगी रोक

स्वतंत्र प्रभात



**बलरामपुर-** के कैली गांव के पास क्षतिग्रस्त पुल पर की गई बैरीकेडिंग पिपरहवा चौराहा (बलरामपुर) गोंडा से आई इंजीनियरों की टीम ने शुक्रवार को कठरिहवा पुल का निरीक्षण किया। इसके बाद टीम ने पुल की स्थिति को देखते हुए इसपर से आवागमन पूरी तरह से बंद करने का सुझाव दिया। टीम के सुझाव पर पुल के दोनों तरफ दीवार खड़ी करके तुलसीपुर-हरैया मार्ग पर आवागमन पुरी तरह से रोक दिया गया है। तुलसीपुर-हरैया मार्ग पर खैरा गांव के पास बना कठरिहवा पुल बुधवार को पानी के तेज बहाव के चलते क्षतिग्रस्त हो गया था। स्थानीय लोगों की सूचना पर बृहस्पतिवार को विभागीय अधिकारियों ने पुल का निरीक्षण किया तो पुल के पिलर में दरारें मिलीं। पुल की मरम्मत के लिए प्रशासन ने आवागमन पर रोक लगाते हुए गोंडा से टेक्निकल टीम बुलाई थी। शुक्रवार को इंजीनियरों की टीम ने पुल का निरीक्षण किया। पुल की स्थिति को खतरनाक बताते हुए टीम ने इसपर वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने का सुझाव दिया। एसडीएम राकेश कुमार जयंत ने बताया कि पुल के दोनों तरफ दीवार खड़ी करके आवागमन रोक दिया गया है। इस मार्ग पर आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कराई जा रही है। टेक्निकल टीम की रिपोर्ट के आधार पर पुल की मरम्मत का कार्य शीघ्र शुरू कराया जाएगा।

**प्रशासन ने जारी किया रूट**

**डायवर्जन**

तुलसीपुर-हरैया मार्ग पर खैरा गांव के पास कठरिहवा पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन को रोक दिया गया है। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड कुमार शैलेंद्र ने बताया कि आवागमन बंद होने पर रूट को डायवर्ट किया गया है। अब वाहनों का आवागमन राष्ट्रीय राजमार्ग- 730 के किमी 339 के पास कौलपुर मोड़ से महराजगंज, ललिया होते हुए राज्य मार्ग संख्या- 158 के किमी 40 पर स्थित बरदौलिया से होगा।

# नगरीय निकायों की विकास योजनाओं और साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात




**अंबेडकरनगर-** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय निकायों से संबंधित विकास योजनाओं, साफ-सफाई व्यवस्था तथा जन सामान्य की समस्याओं के समाधान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अध्यक्षगण, अधिशासी अधिकारीगण, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), उप जिलाधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नगर निकायों में संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया।जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नालों के आस-पास कूड़ा जमा न होने दिया जाए तथा नालों की नियमित सफाई वर्षा ऋतु से पूर्व सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नालों में एंटीलार्वा छिड़काव कराने और कूड़ा डालने वालों पर सख्त प्रवर्तन कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।शहरों में कहीं भी कूड़े के ढेर न दिखने की बात पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि नागरिकों को घरों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में डस्टबिन के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाए। डोर-टू-डोर कलेक्शन एवं कचरा पृथक्करण के संबंध में आईटीसी सुनहरा कल संस्था द्वारा प्रशिक्षण दिया गया, वहीं सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर कोरिलिंक कंसल्टेंट्स कंपनी, नई दिल्ली द्वारा प्रस्तुति दी गई।जिलाधिकारी ने 2 जुलाई के शासनादेश के अनुपालन में मोहल्ला समितियां गठित करने के भी निर्देश दिए, ताकि स्थानीय स्तर पर साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।बैठक का उद्देश्य नगरीय निकायों के कार्यों में पारदर्शिता, गति और नागरिक सुविधा को प्राथमिकता देना रहा। अंत में उन्होंने सभी अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्यों को तय समयसीमा में पूर्ण करने का आह्वान किया।

## प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर कराया गया मुर्ति मिलाप

### ●आज मंदिर में शिव जी की मूर्ति के स्थापना के साथ होगा प्राण-प्रतिष्ठा व प्रसाद वितरण

स्वतंत्र प्रभात



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना परिसर में हो रहे शिव मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे दिन शिव मूर्ति के मिलाप करवाया गया। इस दौरान पुरोहित पंडित अनिल शास्त्री द्वारा क्षेत्र के पांच शिवालयों पर पहुंचकर प्रतिष्ठित मूर्तियों से मिलाप कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में शिव भक्त गाजे-बाजे के साथ थिरकते हुए शिवालयों पर मिलाप कार्यक्रम में शामिल हुए। जानकारी के मुताबिक थाना परिसर प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में थाना परिसर में शिव मंदिर का निर्माण कार्य सम्पन्न हो चुका है। मंदिर में शिव मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां जोरों शोरों पर चल रहा है। प्राण-प्रतिष्ठा के प्रथम दिन शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ मंदिर परिसर में कलश स्थापना करवाया गया। वहीं दूसरे दिन शनिवार को प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व शिव मूर्ति का क्षेत्र में भ्रमण करवाते हुए पांच शिवालयों में शिव मूर्ति का मिलाप करवाया गया। शिव मूर्ति मिलाप के लिए गाजे-बाजे के साथ नाचते-गाते हुए श्रद्धालु थाना परिसर से निकल कर पर्व प्रथम प्राचीन शिव मंदिर महरी घोड़हवा पहुंचे तत्पश्चात कुकेशर, सवनहवां, अहिरौली, सेखुआनी आदि मंदिरों पर विधि-विधान पूर्वक ब्राह्मण के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिव जी की मूर्ति का मिलाप कराया गया। शिव मूर्ति मिलाप होते ही हर-हर महादेव के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इसी क्रम में आज तीसरे दिन मंदिर में शिव जी की मूर्ति स्थापना के साथ प्राण प्रतिष्ठा करवाया जाएगा तथा शाम को विशाल भंडारे के माध्यम से लोगों में प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य यजमान कांस्टेबल नितीश कुमार, प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय, उपनिरीक्षक अभिषेक जायसवाल, आदर्श सिंह, रामजीत, अंबिका प्रसाद, कांस्टेबल विकास यादव, जितेन्द्र सिंह यादव, विजय नाथ यादव, बुद्धि सागर चौधरी, सुजीत निर्मल ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बच्चूसिंह, राजू पासवान, रामप्रीत यादव, नरेन्द्र तिवारी सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### तैराकी से हुआ खेल महोत्सव का आगाज़



**अम्बेडकरनगर-** राजकीय एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को सात दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ तैराकी प्रतियोगिता से हुआ। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देश पर आयोजित इस आयोजन का उद्घाटन जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्य व जिला ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. हनुमान प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया।क्रीड़ाधिकारी ने कहा कि तैराकी जैसे खेल शारीरिक व मानसिक विकास के लिए जरूरी हैं। डॉ. सिंह ने खेल महोत्सव को युवाओं के लिए प्रतिभा निखारने का मौका बताया। प्रतियोगिता में 36 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया।फ्री स्टाइल बालिका 50 मीटर में नित्यसा प्रथम, सानवी द्वितीय, अद्विंयारा तृतीय रहीं। बैक स्ट्रोक बालिका में सृष्टि ने पहला स्थान पाया। बालक वर्ग 50 मीटर में विभूति नारायण सिंह अव्वल रहे। अंडर-18 व अंडर-14 वर्गों में अनिमेष व वैष्णवी सिंह ने पहला स्थान हासिल किया।खेल महोत्सव में अगले सात दिन अलग-अलग खेल स्पर्धाएं होंगी। कोच व खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

# हल्की बारिश ने खोली रोडवेज की पोल, कर्मचारियों ने खोले भ्रष्टाचार के परत-दर-परत राज!

स्वतंत्र प्रभात



**अकबरपुर/अंबेडकरनगर-** एक ओर प्रदेश सरकार परिवहन निगम को घाटे से उबारने के लिए योजनाएं बना रही है, तो दूसरी ओर जमीनी हकीकत में निगम की जर्जर व्यवस्था खुद ही उसे डुबाने पर तुली है। शुक्रवार को महज 10 मिनट की हल्की बारिश ने अकबरपुर रोडवेज वर्कशॉप की हालत की ऐसी पोल खोल दी कि जिम्मेदारों के चेहरे पर पसीना आ गया। वर्कशॉप के अंदर पानी घुसने से न सिर्फ मशीनें और सामान भीग गए, बल्कि कर्मचारियों की जान पर भी बन आई। कर्मचारियों ने बताया कि बारिश के पानी से पूरी बिल्डिंग में करंट दौड़ जाता है। अगर किसी की जान गई तो इसका जिम्मेदार कौन होगा?

**भिटरिया ढाबे पर रिश्वतखोरी का खेल!**

डिपो के चालकों-परिचालकों ने भी निगम में चल रही अव्यवस्थाओं पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने बताया कि भिटरिया ढाबे पर बसें रोकी तो जाती हैं, लेकिन वहां रसीद नहीं दी जाती। ढाबा संचालक द्वारा अगर शिकायत की जाती है उस पर जिम्मेदार अधिकारी चालक परिचालक पर तुरंत कार्यवाही करने पर अमादा हो जाते हैं परंतु चालक परिचालक द्वारा अपनी समस्याओं को अवगत कराया जाता है तो उसका कोई निराकरण नहीं होता अगर किसी तरह मोहर लग भी गई तो 500 किलोमीटर का सफर तय कर एप्लीकेशन, फोटोकॉपी और अफसरों की सिफारिशों के बाद ही कैश जमा होता है। इस चक्कर में कर्मचारियों का शोषण होता है और नई भर्ती के बावजूद कोई चालक या परिचालक आवेदन तक नहीं करता।

**डग्गामार वाहन और पुलिस की मेहरबानी!**

क्षेत्रीय प्रबंधक ने माना कि बसखारी बाजार के अंदर निगम की बसों को एंट्री नहीं दी जाती, जबकि प्राइवेट डग्गामार वाहन आराम से अंदर से सवारी भरते हैं और बेधड़क दौड़ते हैं। कर्मचारियों ने साफ आरोप लगाया कि पुलिस विभाग के कुछ कर्मचारी निजी स्वार्थ में इन अवैध वाहनों को अंदर घुसने देते हैं, जबकि रोडवेज की बसों को बाईपास से जाने पर मजबूर किया जाता है, जिससे निगम की आय पर सीधा असर पड़ता है।

**आरएम-एसएम के दौरे का दिखावा!**

बारिश के वक्त आरएम और एसएम का अचानक निरीक्षण भी महज दिखावा साबित हुआ। गीली दीवारें, भीगी फाइलें और करंट दौड़ती छतें देखकर भी अफसर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते नजर आए। कर्मचारियों ने उप संभागीय परिवहन अधिकारी पर भी सहयोग न करने का आरोप लगाया।

**कर्मचारी बोले- निगम की हालत से लोग डर रहे आवेदन से!**

कर्मचारियों का कहना है कि खुले में भर्ती निकलने के बावजूद चालक और परिचालक बनने कोई नहीं आना चाहता। वजह साफ है- शोषण, रिश्वतखोरी और घटिया प्रबंधन।अब देखना है कि रोडवेज महकमा इस बदहाल व्यवस्था को सुधारने के लिए कब तक कोई ठोस कदम उठाता है, या फिर अगली बारिश में फिर से सारी पोल खुलेगी!

## मनरेगा में भ्रष्टाचार का पर्दाफाश- कागजों पर 38 मजदूर, मौके पर मिले केवल 10-11

### ● ग्राम पंचायत अक्षती में हुआ बड़ा खुलासा, जिम्मेदारों की भूमिका पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात



**अम्बेडकरनगर, रामनगर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत ग्राम पंचायत अक्षती में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। मीडिया की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि सरकारी दस्तावेजों में जहां 38 मजदूरों को कार्यरत दिखाया गया है, वहीं मौके पर मात्र 10 से 11 मजदूर ही काम करते मिले। यह स्थिति न केवल सरकारी धन के दुरुपयोग को दर्शाती है, बल्कि सरकार की गरीबों को रोजगार देने की मंशा पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। स्थानीय मजदूरों ने खुद इस बात की पुष्टि की कि असल में गिनती के कुछ ही मजदूर कार्यरत हैं, जबकि नाम दर्ज कर कई अन्य लोगों के नाम पर भुगतान निकाला जा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि यह घोटाला ग्राम प्रधान और मनरेगा एपीओ की मिलीभगत से चल रहा है। अब सवाल यह उठता है कि क्या जिम्मेदार अधिकारी इस घोटाले से वाकई अनजान हैं, या वे भी इस काले खेल में मौन भागीदार हैं? स्थानीय लोगों और सूत्रों के अनुसार, यह कोई पहली घटना नहीं है। मनरेगा के तहत चल रहे तमाम कार्यों में गड़बड़ियां आम बात हो गई हैं। काम की वास्तविकता और मास्टर रोल में दर्ज मजदूरों की संख्या में भारी अंतर अब हर पंचायत में नजर आने लगा है। जब इस मामले में विकासखंड अधिकारी रामनगर से बात की गई, तो उन्होंने कहा, "मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।" हालांकि जनता में यह आशंका बनी हुई है कि कहीं यह मामला भी जांच के नाम पर ठंडे बस्ते में न डाल दिया जाए।

**अब सबसे बड़ा सवाल यही है**

गरीबों के हिस्से का पैसा आखिर कब तक कागजों में ही बंटता रहेगा?

क्या जिम्मेदार अधिकारियों पर कभी सख्त कार्रवाई हो पाएगी?

क्या इस बार जांच वाकई निष्पक्ष होगी?

जनता जवाब चाहती है, और कार्यवाही की उम्मीद भी।

## संक्षिप्त खबरें

### इनर व्हील संस्था के द्वारा किया गया वृक्षारोपण



**बिसवां/सीतापुर** बिसवां इनर व्हील संस्था के द्वारा कल अमर नगर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में वृक्षारोपण कार्यक्रम कराया गया जिसमें की 51 पेड़ लगाए गए, नीम पीपल कड़ी पत्ता, अनेक तरह की पेड़ संस्था के सदस्यों के द्वारा लगाए गए विद्यालय प्रांगण में, कार्यक्रम में अध्यक्ष गुरमीत कौर ,सचिव तुलसी राजवंशी, कोऑर्डिनेटर गुंजन सेठ, अल्पना अवस्थी, एकता गुप्ता,सुनीता अग्रवाल,अंजलि राजवंशी, अन्य सदस्य की उपस्थिति रही।

### जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू कराए जाने के लिए जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**बिसवा (सीतापुर)** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन सीतापुर इकाई के तत्वाधान में प्रदेश सचिव विश्ववीर गुप्ता एवम जिलाध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू कराए जाने के संदर्भ में प्रधानमंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के पदाधिकारियों व सदस्यों की प्रधानमंत्री भारत सरकार से ज्ञापन के माध्यम से प्रमुखता के साथ माँग है कि देश की स्थिति को देखते हुए, देश व आम जनमानस के हितों को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू कराया जायद जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश सचिव विश्ववीर गुप्ता एवम जिलाध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव के ज्ञापन देने के समय पन्च कैलाशी शिव साधिका साधना बाजपेयी, सीतापुर बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय नाथ अवस्थी,रतनेश त्रिवेदी, प्रदीप गुप्ता, मनोज शुक्ला, पंकज बाजपेयी, अरुण मिश्रा, संजय मिश्रा, प्रदीप सिंह गौर, विपिन विश्वकर्मा, राम बाबू श्रीवास्तव, सुभाष अस्थाना, रुद्र वीर गुप्ता, आशीष सिंह, राहुल शुक्ला, अश्वनी बाजपेयी, मुकेश गोल्डू शुक्ला,श्रवण कृश्रीवास्तव, प्रतीक अवस्थी, आयुष सिंह, रवि गौरव, रवींद्र श्रीवास्तव, योगेंद्र त्रिपाठी, मनोज श्रीवास्तव, शैलेश श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मां की डांट से क्षुब्ध होकर छात्रा गायब

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दोपहर में उसकी बिटिया स्कूल से पढ़कर घर लौटी। किसी बात को लेकर उसने उसे डांट दिया। जिससे नाराज होकर वह कहीं चली गई। काफी खोजबीन की गई लेकिन बिटिया कहीं ढूंढे नहीं मिली। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में गुमशुदगी दर्ज कर छात्रा की तलाश की जा रही है।

### थाना समाधान दिवस में आई कुल 13 शिकायतों में एक का ही मौके पर हुआ निस्तारण



**लालगंज (रायबरेली)** सरेनी।शनिवार को कोतवाली परिसर में खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।आयोजित थाना समाधान दिवस में खंड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार यादव व कोतवाल शिवाकांत पांडेय ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके द्वारा समस्याओं के समाधान का प्रयास किया गया।इसमें पूरे चंद्रु गांव के नंदकिशोर के रास्ते का विवाद,पाठक खेड़ा के गणेश प्रसाद का घूरे का विवाद,गहरौली के सुनील कुमार का जमीन से संबंधित विवाद,बेनी माधवगंज के अशोक कुमार का शौचालय के निर्माण का विवाद समेत कुल 13 शिकायतें आईं,जिनमें सिर्फ एक का ही मौके पर निस्तारण किया गया।वहीं अन्य शिकायतों के समाधान के लिए राजस्व व पुलिस की टीमें गठित कर दी गई हैं। खंड विकास अधिकारी व कोतवाल ने मातहतों से कहा कि शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर गेगासो चौकी प्रभारी मान सिंह, चौकी प्रभारी भोजपुर बृजेश सिंह, उप निरीक्षक दिनेश चंद्र तिवारी, उप निरीक्षक सुधीर पांडेय व लेखपाल रामाशीष, अजय कुमार, आशीष कुमार, संजय पाठक, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## लहरपुर क्षेत्र में वैध व अवैध अस्पतालों की भरमार, दो- तीन अस्पतालों तक ही सीमित हो गए सीएमएस

● पांच दिन बीतने के बाद भी नहीं हो सकी कोई कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात




**सीतापुर** जनपद भर में खुले अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ छिड़काव स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली संदेह के घेरे में है उन्हीं की मेहरबानी से जगह-जगह अवैध अस्पताल फलते-फूलते रहे बीच-बीच में इनके शिकार होकर लोग शिकायतें करते रहे लेकिन अधिकारी जांच- जांच खेलकर उनकी आवाज दबाते रहे। अस्पतालों में आने वाले मरीज़ बचेंगे या नहीं यह तो किसी को नहीं पता लेकिन उनके पास पैसा नहीं बचेगा इसकी जिम्मेदारी निजी अस्पताल ज़रूर ले लेता है। आए दिन सैंकड़ों मरीज़ अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती होते हैं, उनका इलाज होता है, कुछ तो ठीक होकर वापस अपने घर चले जाते हैं और कुछ जिला अस्पताल चले जाते हैं, लेकिन जिनके पास पैसा नहीं होता वो न तो अपने घर जा पाते है और न ही किसी अन्य बड़े अस्पताल में भर्ती हो पाते हैं वो सीधे अपनी ज़िंदगी की जंग हार जाते हैं। हाल ही के दिनों लहरपुर क्षेत्र में अचानक सीएमएस लहरपुर ने अपना चाबुक चलाया था जिसमें महज दो अस्पतालों पर गाज गिरी थी अन्य अस्पतालों को देखने और समझने की आवश्यकता सीएमएस साहब को लगी ही नहीं, अब ऐसे में सवाल यह उठता है महज दो - तीन अस्पतालों पर ऐसे कार्रवाई करने से क्या अन्य अस्पताल अपनी सही राह पकड़ पाएंगे या फिर ऐसे ही कार्रवाईयों का झुनझुना थमा कर अधिकारी लोगों को आश्वासन देने में लगे रहेंगे। क्षेत्र के संभ्रांत लोगों में दबी जुबान से यह चर्चा चलने लगी है कि क्या सीएमएस साहब ने दो अस्पतालों पर चाबुक चलाकर अन्य अवैध या वैध अस्पतालों को एक संदेश दिया है कि आने वाले समय में भी ऐसा ही चलता रहेगा जैसा आज के समय में चल रहा है। जांच होगी, नोटिस दी जाएगी लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाएगी और संचालक जैसे अपना कार्य कर रहे हैं वैसे ही करते रहेंगे। सवाल यह भी है कि क्या जिले में बैठे सीएमओ साहब का ध्यान कभी लहरपुर में संचालित हो रहे अस्पतालों पर कभी जाएगा ? क्या इन अस्पतालों पर कभी कोई सख्त कार्रवाई की जाएगी ? या फिर जैसा चल रहा है वैसा ही चलता रहेगा। देखने वाली बात यह है कि कुछ अस्पतालों में तो एंट्री और एग्जिट तक सुरक्षित नहीं है, बहुत से ऐसे अस्पताल हैं जिनमें कंपाउंडर तो छोड़ दो डॉक्टर तक हॉस्पिटल चलाने के काबिल नहीं हैं।

### नाला निर्माण के सिलापट्ट में योगी की जगह योगो, वायरल होते ही हटाया

सिला पट्ट सोशल मीडिया पर वायरल



**लालगंज (रायबरेली)।** नगर पंचायत प्रशासन की एक लापरवाही पर सोशल मीडिया में जबरदस्त किरकिरी हो गई। कस्बे में नाला निर्माण के लिए लगाए गए एक शिलापट्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम ही गलत अंकित कर दिया गया। पट्टिका पर योगी की जगह योगो आदित्यनाथ लिखा था। मुख्यमंत्री के नाम की यह भारी गलती किसी ने कैमरे में कैद कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पोस्ट वायरल होते ही हड़कंप मच गया और आनन फानन में नगर पंचायत ने शिलापट्ट को हटवा दिया। शिलापट्ट पर नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और मुख्यमंत्री के नाम सबसे ऊपर अंकित थे। नीचे सांसद राहुल गाँधी, विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह व नगर पंचायत अध्यक्ष का नाम लिखा गया। लेकिन मुख्यमंत्री के नाम में इतनी बड़ी गलती से अधिकारी सवालों के घेरे में आ गए हैं। हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि गलती प्रिंटिंग में हुई या निगरानी में चूक थी।

## काशी दर्शन कर लौटे परिवार के यहाँ चोरों ने किया हाथ साफ

● सरोजनीनगर के हीरालाल नगर का मामला

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** लखनऊ में पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के बाद भी कालोनियों में निवासरत परिवारों का घर से बाहर जाने पर चोरी होने का खतरा बराबर बना रहता है चाहे वह लोग शादी बारात में जायें या फिर मंदिर में दर्शन के लिए जनपद के बाहर गये हों और घर के बाहर ताला लगा दिया हो परन्तु गली कूचों में फेरी लगाने वाले व शातिर अपराधियों की जब बन्द घर के बाहर लगे ताले पर तिरक्षी नजर पड़ती है तो वह घात लगाकर रात्रि में उस घर को अपना शिकार बना लेते हैं।

हीरालाल नगर, सरोजनीनगर की प्रमिला देवी अपने पति परमेश्वर प्रसाद के साथ परिवार सहित काशी विश्वनाथ मंदिर,बनारस भगवान शंकरजी के दर्शन करने 16 जून 2025 श्रावण मास के शुभारम्भ में गये हुए थे। अपने घर की देखरेख के लिए सामने रहने वाले रितिक कुमार पुत्र नारायणदास को घर के गेट की चाबी इसलिए देकर गये थे,कि पौधों में पानी सिंचित कर देंगे। पीड़िता जब बनारस से 18 जून को सुबह अपने घर पहुंची तो देखा कि गेट में ताला नहीं है, मकान की गैलरी और कमरे का ताला तोड़कर घर में रखे जेवरात और 15000/- रुपये गायब थे। पीड़िता को संदेह है कि रितिक कुमार के घर वालों ने ही घर में मौका पाकर चोरी किया है। यह तथ्यों की जाँच पड़ताल करने पर ही पुलिस किसी मुकाम पर पहुंचेगी। पीड़िता की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डीएम व एसपी ने किया मंदिरों व घाटों का निरीक्षण, कावड़ यात्रा को लेकर सीसीटीवी से निगरानी के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में श्रावण मास को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कमर कस ली है डीएम और एसपी ने श्यामनाथ मंदिर, नैमिषारण्य स्थित देवदेवेश्वर मंदिर और राजघाट का निरीक्षण किया अधिकारियों ने पूजन-अर्चन कर जनकल्याण की कामना की डीएम ने निर्देश दिए कि सभी प्रमुख स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगातार चालू रहें कंट्रोल रूम से इनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए अधिकारियों को लाइव फीड के जरिए निगरानी करने और क्षेत्र में भ्रमण करने को कहा गया है श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई निर्देश दिए गए हैं। रूट डायवर्जन प्लान का कड़ाई से पालन किया जाएगा पार्किंग स्थलों पर उचित संकेतक लगाए जाएंगे पेयजल और मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था की जाएगी पार्किंग स्थलों की निगरानी भी सीसीटीवी कैमरों से होगी घाटों पर साफ-सफाई, बैरिकेटिंग और रोशनी की व्यवस्था की जाएगी जल पुलिस, गोताखोर और नाविकों की पर्याप्त तैनाती होगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गहरे पानी से बचाव के संकेतक लगाए जाएंगे एसपी अंकुर अग्रवाल ने पुलिस अधिकारियों को मानकों के अनुसार ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। देवदेवेश्वर मंदिर के संपर्क मार्गों की मरम्मत के लिए एनएचएआई और लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए हैं। राजघाट पर लगे पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाए जाएंगे निरीक्षण में एसडीएम अभिनव कुमार, मिश्रिख एसडीएम शैलेन्द्र मिश्र, पीडब्ल्यूडी की कार्यकारी अभियंता रीमा सोनकर सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे!!

### आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित आरोपी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तिलहर के कुशल निर्देशन में अपराधों की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक खुदागंज के नेतृत्व में थाना खुदागंज पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली।जानकारी के अनुसार वादी मुकदमा सुरेश चन्द्र पुत्र मंगली निवासी ग्राम खिरिया थाना खुदागंज जिला शाहजहाँपुर ने अभियुक्त संतोष पुत्र रिंकू निवासी खिरिया थाना खुदागंज जिला शाहजहाँपुर के विरुध्द वादी की पुत्री से फ़ोन पर बात करना व परेशान करना जिससे आहत होकर वादी की पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 142/25 धारा 108 बी.एन.एस. पंजीकृत कराया गया था। मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त की तलाश लगातार जारी थी। जिसके क्रम मे मुखबिर की सूचना पर थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर के पास अभियुक्त संतोष पुत्र रिंकू निवासी खिरिया थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर को गिरफ्तार किया गया।

## पंच कैलाशी साधना दीदी के नेतृत्व में बैजनाथ बाबाधाम काँवर यात्रा के लिए यात्री दल हुए रवाना!

स्वतंत्र प्रभात




**बिसवा (सीतापुर)** बैजनाथ धाम ÷ बाबाधाम "काँवर यात्रा के लिए पंच कैलाशी शिव साधिका साधना बाजपेयी के कुशल नेतृत्व,दिशा निर्देशन एवम मार्ग दर्शन में 31 सदस्यीय यात्री दल बिसवा सीतापुर से बैजनाथ धाम के लिए हुए रवाना द्य पंच कैलाशी शिव साधिका साधना बाजपेयी ने बैजनाथ धाम काँवर यात्रा के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि यह पैदल काँवर यात्रा गंगा धाम असर गंज (सुल्तानगंज) से काँवर भरकर क्रमश तारापुर, जलेबिया,सुइयां पर्वत, काँवड़िया से गुड़ियारी, कलकटिया,भूत बंगला होते हुए बैजनाथ बाबा धाम पहुँच कर भोले नाथ शिव जी को भक्त गन काँवर समर्पित करेंगेद्य इसके पश्चात वासुकी नाथ में भी भक्त काँवर समर्पित करेंगे द्य उन्होंने आगे बताया कि यह पैदल काँवर यात्रा लगभग 120 किमी. पैदल चलकर संपन्न होती हैद्य उन्होंने बताया कि तत्पश्चात् यात्री चित्रकूट, प्रयाग राज के दर्शन करके सीतापुर पहुँचकर बैजनाथ बाबा धाम काँवर यात्रा का समापन होगा। बैजनाथ बाबा धाम काँवर यात्रा में प्रमुख रूप से विश्ववीर गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, रवि प्रकाश मिश्रा, अरविंद सिंह,नीरज श्रीवास्तव, शिखा गुप्ता, शशि श्रीवास्तव, मीना मिश्रा, पुष्पा मिश्रा, निर्मला अग्रवाल, दीपक शुक्ला, विजय शंकर बाजपेयी, अभिषेक मिश्रा, अजय गुप्ता, अंकित मानव, मुकेश शुक्ला, सविता कपूर,शशि बाजपेयी, सुनीता बाजपेयी, चंद्र मोहन बाजपेयी, संतोषी यादव, रंजना यादव, विजय नाग, आशा शुक्ला, दीपिका मिश्रा, लक्ष्मी अवस्थी, माधवी अवस्थी सहित आदि भक्त प्रमुख रूप से रहे।

## नदी में डूबने से हुई किसान की मौत घर

स्वतंत्र प्रभात



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के पिसावा थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव में शनिवार को एक 50 वर्षीय अधेड़ की कठिना नदी में संदिग्ध परिस्थितियों में डूबने से मौत हो गई मृतक की पहचान परसु राम पुत्र स्व. बदलू निवासी अकबरपुर के रूप में हुई है सूचना मिलते ही पुलिस, लेखपाल और फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंच गई स्थानीय ग्रामीणों और हदीरा गांव के गोताखोर चरन सिंह, विमलेश, छत्रपाल, गुलजारी, हरद्वारी, कैलाश आदि ने घंटों मशक्कत के बाद शव को नदी से बाहर निकाला बताया गया कि सबसे पहले गोताखोर चरन सिंह के पैर से शव टकराया, जिससे उसकी लोकेशन का पता चला बाहर निकालने के बाद पेट का पानी निकाला गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। रेस्क्यू के दौरान एक और हादसा उस समय हुआ जब गोताखोर गुलजारी अचानक नदी में गिर पड़े हालांकि साथियों ने समय रहते उन्हें बाहर निकाल लिया कुछ देर बाद उनकी हालत सामान्य हो गई मृतक के बड़े बेटे प्रेम ने बताया कि वह और उनके पिता खेत में मूंगफली की बुवाई कर रहे थे इसी बीच गांव का ही टेक राम उनके पिता को नदी किनारे ले गया कुछ देर बाद उसने लौटकर बताया कि "तुम्हारे पिता नदी में डूब गए हैं इसके बाद परिजन और ग्रामीण खोजबीन में जुट गए प्रेम ने बताया कि उनका परिवार हरियाणा के एक भट्टे पर मजदूरी करता है और कुछ दिन पहले ही खेती के लिए गांव लौटा था।

मृतक के पास चार बीघा जमीन थी परिवार में मां और तीन बेटे- प्रेम, लवकुश और राम हेत हैं पिता की मौत से परिवार में कोहराम मचा है थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम भेजी गई थी शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है!!

## नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज रायबरेली।** संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाले भूमि संबंधित विवाद में राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की टीम मौके पर जाकर मामले का निस्तारण सुनिश्चित करें अन्यथा यदि मामले का निस्तारण मौके पर नहीं होता है तो उनको तहसील दिवस व थाना दिवस में बुलाकर मामले को निस्तारित किया जाए,जिससे कि क्षेत्र में होने वाले विवादों पर अंकुश लगाया जा सके। यह उद्गार आज कोतवाली परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए नायब तहसीलदार सत्या राजा व्यक्त कर रही थी।

बताते चले की पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस में कुल 9 शिकायती पत्र आए जिसमें पुलिस विभाग से 3 व राजस्व विभाग से 6 शिकायती पत्र आए, जिसमें 1 प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव, एसआई दिनेश गोस्वामी, एसआई राजवीर सिंह, एसआई रोहित कुमार, एसआई सुनील सिंह चौहान सहित पुलिस विभाग व राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। तो वही क्षेत्र के नवसृजित थाना चन्दापुर में भी समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी ने की तो वही कुल 7 शिकायती पत्र आए जिसमें 3 शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर थाना अध्यक्ष चन्दापुर अरविंद सिंह, एस एसआई प्रवीण कुमार सिंह,एसआई अशोक कुमार तथा राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## क्षेत्र के कल्याण हेतु एक माह निरंतर चलेगा रुद्राभिषेक अनुष्ठान

स्वतंत्र प्रभात

**माल, लखनऊ।** अनीपुर गांव स्थित श्री ब्रह्म बाबा वैदिक चेतना आश्रम पर देश एवं क्षेत्र के कल्याण हेतु एक माह अनवरत चलेगा रुद्राभिषेक अनुष्ठान। आपको बता दें कि माल क्षेत्र के ग्राम पंचायत सस्पन के अनीपुर गांव स्थित श्री ब्रह्म बाबा वैदिक चेतना आश्रम में विराजमान खेरेश्वर महादेव मंदिर में सावन माह के उपलक्ष्य में क्षेत्र की शांति के लिए पांच ब्राह्मणों आचार्य सुनील कांत, मुकेश पांडेय, विवेक पांडेय, शिवा, शुभम, चंद्रकांत के द्वारा रुद्राभिषेक अनुष्ठान का आयोजन निरंतर एक माह तक चलेगा। इस मौके पर आचार्य सुनील कांत ने बताया कि सावन का महीना शिवभक्तों के लिए सबसे पवित्र और शुभ समय माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सावन में सम्पूर्ण सृष्टि का संचालन भगवान शिव स्वयं करते हैं। यही कारण है कि इस महीने में रुद्राभिषेक का विशेष महत्व होता है। वहीं आचार्य मुकेश पांडेय ने बताया कि इस महीने में रुद्राभिषेक करना बेहद शुभ और फलदायी होता है। रुद्राभिषेक में शिवलिंग



पर जल, दूध, घी, शहद और गंगाजल आदि से अभिषेक किया जाता है, जिससे भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

## हरियाली की ओर बढ़ते कदम- एस एस ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात





**लखनऊ** राजधानी लखनऊ के बीकेटी स्थित एस एस ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपने परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को हरा-भरा बनाना और बच्चों को पर्यावरण संरक्षण में पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूक करना था। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान जी ने बच्चों को पेड़ लगाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलवाया।

कार्यक्रम में एस एस इंटरनेशनल स्कूल, लखनऊ और एस एस पब्लिक स्कूल, हेमी के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान दोनों विद्यालयों की प्रधानाचार्याएं चन्द्रकांति शर्मा और प्रिया उपाध्याय भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ पौधे लगाए और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। इस पहल से न केवल पर्यावरण को लाभ होगा, बल्कि बच्चों में भी प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी। एस एस ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस का यह प्रयास निश्चित रूप से सराहनीय है और इससे प्रेरणा लेकर अन्य संस्थानों को भी इस तरह के आयोजन करने चाहिए। इस तरह के आयोजनों से न केवल बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती है, बल्कि वे आगे चलकर अपने आसपास के समाज में भी पर्यावरण संरक्षण के महत्व को फैलाने में मदद कर सकते हैं।

## एसडीएम ने थाना पर सुनी फरियाद, न्याय का दिया आश्वासन

**शोहरतगढ़ थाना पर सुनवाई करते हुये एसडीएम राहुल सिंह व सीओ सुजीत राय**

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ थाना सभागार में आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम राहुल सिंह व सीओ सुजीत राय ने शिकायतकर्ता के समस्याओं की सुनवाई करते हुये उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया। समाधान दिवस में सात मामले पेश हुये। मौके पर किसी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। एसडीएम राहुल सिंह ने शिकायतकर्ताओं की बात को गम्भीरता से सुनकर जांच टीम बनाकर समस्या निस्तारण दोनों पक्षों की उपस्थिति में निष्पक्ष तरीका से करने का निर्देश दिया। इस दौरान थाना प्रभारी विन्देश्वरी मणि त्रिपाठी, उप निरीक्षक सुभाष यादव, महिला कांस्टेबल उर्मिला, राजस्व निरीक्षक गणेश त्रिपाठी, देवानन्द, राम जतन, कैलाश नागर, लेखपाल मुहम्मद मुश्ताक, अनिरुद्ध चौधरी, पिंटू पासवान, रेनू, बबिता ठाकुर, माधुरी, जिज्ञासा, मानवी पांडेय, राणा सिंह उपस्थित रहे।

## मलिहाबाद में मंत्री नंद गोपाल नंदी के जन्मोत्सव पर हुआ रुद्राभिषेक, दीर्घायु की कामना

स्वतंत्र प्रभात

**मलिहाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई व निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल नंदी के जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार को मलिहाबाद स्थित श्री गोपेश्वर गौशाला परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचीन गोपेश्वर महादेव और चिंताहरण हनुमानजी के पावन दरबार में मंत्री नंदी के सुखी, समृद्ध और निरोग जीवन की कामना करते हुए भव्य रुद्राभिषेक किया गया। यह कार्यक्रम मंत्री की पत्नी अभिलाषा गुप्ता नंदी पूर्व महापौर प्रयागराज के निर्देशन में गौशाला परिवार के सानिध्य में महंत कैवल्य गिरी महाराज की उपस्थिति में संपन्न हुआ। रुद्राभिषेक से पूर्व गौपूजन भी किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर अपनी शुभकामनाएं अर्पित कीं।

इस अवसर पर गौशाला प्रबंधक एवं प्रान्त गौसंवर्धन प्रमुख उमाकांत गुप्ता,धर्मेंद्र प्रधान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लखनऊ, जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर पंकज गुप्ता, व्यापार मंडल माल नेता गोपाल गुप्ता,देवम लॉन के एमडी विकास पाठक, पूर्व प्रधान महमूद नगर रिजवान, प्रमोद पाठक सहित सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मंत्री नंद गोपाल नंदी को जन्मदिन की बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।यह आयोजन मंत्री नंद गोपाल नंदी के सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान और उनकी लोकप्रियता को दर्शाता है जहाँ उनके जन्मोत्सव को एक धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम के रूप में मनाया गया।उमाकांत गुप्ता ने कहा कि ऐसे आदर्श और प्रेरणादायी



व्यक्तित्व के धनी नंदगोपाल नंदी के पुनर्जात, जन्मदिवस पर भगवान की पूजा-अर्चना कर उनके दीर्घायु की कामना की। और एक भंडारे का आयोजन किया। इसके साथ इस आयोजन में क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने भाग लिया एवं मंत्री जी की लंबी आयु के लिए कामना की उसके साथ यह बताते हुए अत्यंत हर्ष है कि श्री गोपेश्वर महादेव मंदिर की पुनः प्राण प्रतिष्ठा आज ही के दिन हुई थी जो श्री योगेश व्यास जी के द्वारा श्री अजय याज्ञनिक जी की पवित्र उपस्थिति में संपन्न हुई थी।

# आजकल डॉ मोहन यादव पर लट्टू हैं ज्योतिरादित्य

चौंकिए मत! आज का शीर्षक सौ फीसदी सही है. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आजकल मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पर लट्टू हैं. वे इससे पहले के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, स्वर्गीय बाबूलाल गौर या कमलनाथ पर इतने फिदा नहीं थे जितने कि डॉ यादव पर हैं. मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पर सिंधिया के फिदा होने की एक वजह हो तो गिना भी दें लेकिन डेढ साल में मुख्यमंत्री यादव ने सिंधिया के अहं को जिस ढंग से संतुष्ट किया है वो काबिले गौर है. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सामने सबसे बडी चुनौती दर असल सिंधिया नहीं बल्कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान हैं. चौहान का दबाब कम करनेके लिए ही मोहन यादव का झुकाव सिंधिया की ओर हो गया है. पिछले डेढ साल में सिंधिया ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को जब भी याद किया वे गुना से लेकर ग्वालियर के बीच हाजरी देते नजर आए. मुख्यमंत्री यादव ने सिंधिया को भी खुश रखा और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिह तोमर को भी. मुख्यमंत्री डॉ यादव नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेन्द्र तोमर द्वारा आयोजित भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में भी शामिल हुए. डॉ यादव दर असल हिकमत अमली के उस्ताद साबित हो रहे हैं. उन्हे पता है कि सिंधिया पासंग वाले नेता हैं. वे जब शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ मैदान में उतरे तो चौहान को सत्ता से हाथ धोना पडे थे, कमलनाथ के खिलाफ उतरे तो उनकी कुरसी चली गई थी और जब सिंधिया कमलनाथ तथा शिवराज सिंह चौहान पर मेहरबान हुए तो उन्हे रातोंरात सत्ता में वापिस भी ले आए थे।

सूत्र बताते हैं कि सिंधिया ने भी सूबे में अपना वजूद बनाये रखने के लिये सिंधिया को खुश रखने में कोई कंजूसी नहीं की. मुख्यमंत्री यादव ने सिंधिया की कमजोर नस पकड ली है. सिंधिया को अपनी जै - जै पसंद है और मुख्यमंत्री यादव को जै- जै करने में कोई संकोच नहीं है. वे समझ गये हैं कि सिंधिया की जै- जै करना सस्ता सौदा है. सिंधिया के इशारे मुख्यमंत्री समझने लगे हैं. किस अफसर को सिंधिया पसंद करते हैं और किससे खफा हैं ये मुख्यमंत्री को पता रहता है. ग्वालियर और गुना में इनदिनों सिंधिया 'मिनी मुख्यमंत्री 'की भूमिका में नजर आने लगे हैं।

पिछले दिनों ग्वालियर में समरसता सम्मेलन में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की शान में कसीदे पढे. विधानसभा सभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की मौजूदगी में कसीदे पढे. सिंधिया ने सम्मेलन में आमंत्रित भीड को भोजन परोसने में भी मुख्यमंत्री का हाथ बंटाया. बेचारे तोमर साहब देखते रहे.दरअसल ग्वालियर भाजपा में सिंधिया समर्थकों की संख्या पहले कम थी, लेकिन अब सिंधिया ने संगठन में भी अपनी जगह बना ली है.

आपको बता दें कि सिंधिया को साधकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादल सूबे में लोकप्रियता के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौऔहान से बडी लकीर खींचने लगे हैं. डॉ यादव अपने आपको आम आदमी के रूप में



स्थापित करना चाहते है. इसके लिए वे काम भी कर रहे है.मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के निवासी उस वक्त हैरान रह गए, जब गुरुवार की रात प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अचानक उनके बीच पहुंच गए. मुख्यमंत्री ने बाजार में न केवल आम जनता से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना, बल्कि एक ठेले वाले से फल भी खरीदे. उन्होंने फल विक्रेता को डिजिटल पेमेंट भी किया।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सामने अपने समर्थकों को भाजपा संगठन और निगम, मंडलों में जगह दिलाने की चुनौती है।

डॉ यादव से पहले शिवराज सिंह चौहान ने लंबे अरसे तक निगम, मंडलों में नियुक्तियां न कर सिंधिया की खूब किरकिरी कराई. डॉ यादव को पता है कि सिंधिया की पार्टी हाईकमान और आर एस एस में भी गहरी पैठ है जो प्रदेश में सत्ता संतुलन बनाए रखने के बहुत काम आ सकती है. इसलिए वे सिंधिया की हर छोटी- बडी ख्वाहिश पूरी करने में कोई कंजूसी नसी कर रहे है.सिंधिया के आभामंडल का लाभ जितना डॉ मोहन यादव ने हंसते, मुस्कराते ले लिया है इसका अनुमान खुद सिंधिया को भी नहीं है।

मजे की बात ये है कि इस समय ज्योतिरादित्य सिंधिया मुख्यमंत्री यादव के प्रति जितने विनम्र हैं शिवराज सिंह चौहन उतने ही उग्र. चौहान तो पिछले दिनों अपने क्षेत्र के आदिवासियों को लेकर मुख्यमंत्री आवास पर भी जा धमके थे. चौहान ने खाद, बीज के मुद्दे पर परोक्ष रूप से यादव सरकार की किरकिरी कराई. अब देखना ये है कि सिंधिया और डॉ मोहन यादव की ये नयी कैमिस्ट्री कितने दिन चलती है.अतीत में ज्योतिरादित्य के पिता स्वर्गीय माधवराव सिंधिया और तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय मोतीलाल वोरा के बीच भी इसी तरह की कैमिस्ट्री हुआ करती थी।

**राकेश अचल**

# सोशल मीडिया पर जवाबदेही तय होनी चाहिए

आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया एक ऐसी शक्ति बन चुकी है, जिसने संवाद की परिभाषा ही बदल दी है। यह केवल व्यक्तिगत अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि यह जनमत निर्माण, राजनीतिक अभियान, सामाजिक आंदोलनों और सूचना प्रसार का सबसे प्रभावशाली मंच बन गया है। फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और व्हाट्सऐप जैसे प्लेटफॉर्म्स ने आम लोगों को ऐसा मंच दिया है जहां से वे सीधे पूरी दुनिया से जुड़ सकते हैं। लेकिन जिस गति और पैमाने से यह माध्यम विकसित हुआ है, उसी अनुपात में इससे जुड़ी समस्याएं भी बढ़ी हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि सोशल मीडिया पर किसी भी व्यक्ति को कुछ भी कहने और फैलाने की खुली छूट मिल गई है, चाहे वह सूचना सत्य हो या झूठ। इस स्थिति में यह अत्यंत आवश्यक हो गया है कि सोशल मीडिया पर जवाबदेही तय की जाए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र का मूल स्तंभ है, लेकिन किसी भी स्वतंत्रता के साथ एक उत्तरदायित्व भी जुड़ा होता है। दुर्भाग्य से, सोशल मीडिया पर यह संतुलन दिन-ब-दिन बिगड़ता जा रहा है। एक ओर यह मंच उन आवाज़ों को सामने लाने में सहायक रहा है जिन्हें परंपरागत मीडिया में स्थान नहीं मिलता, वहीं दूसरी ओर यह कई बार अफवाहों, नफरत और गलत सूचनाओं का केंद्र बन गया है। किसी एक व्यक्ति द्वारा पोस्ट किया गया झूठ कुछ ही समय में लाखों लोगों तक पहुँच सकता है, जिससे न केवल व्यक्ति विशेष की प्रतिष्ठा धूमिल होती है, बल्कि सामाजिक सौहार्द भी बिगड़ता है। हमने देखा है कि सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाए गए झूठे वीडियो और संदेशों के कारण समाज में कई बार हिंसा की घटनाएं घट चुकी हैं। किसी विशेष धर्म, जाति या वर्ग के विरुद्ध घृणास्पद सामग्री वायरल करना आज एक आम बात हो गई है। कई बार यह देखा गया है कि ऐसे मामलों में न तो प्लेटफॉर्म कोई ठोस कदम उठाता है और न ही उपयोगकर्ता को अपने कृत्य की गंभीरता का आभास होता है। यही कारण है कि इस मंच पर जवाबदेही की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महसूस की जा रही है। आज स्थिति यह हो गई है कि ट्रोलिंग, साइबर बुलिंग, चरित्र हनन और दुष्प्रचार सोशल मीडिया की एक सामान्य प्रवृत्ति बन चुकी है। विशेषकर महिलाओं, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और अल्पसंख्यकों को सोशल मीडिया पर घृणास्पद टिप्पणियों और धमकियों का सामना करना पड़ता है। यह केवल एक आभासी उत्पीड़न नहीं है, बल्कि मानसिक और सामाजिक उत्पीड़न है, जिसकी गूंज कई बार वास्तविक जीवन तक सुनाई देती है। ऐसे में यह आवश्यक है कि सोशल मीडिया के प्रयोग के लिए कुछ स्पष्ट मर्यादाएं निर्धारित की जाएं। भारत सरकार ने 2021 में सूचना प्रौद्योगिकी नियमों में संशोधन करके एक पहल की है, जिसके अंतर्गत सोशल मीडिया कंपनियों को अपने प्लेटफॉर्म पर फैलने वाली सामग्री की निगरानी और शिकायत निवारण के लिए कुछ ज़िम्मेदारियाँ दी गई हैं। यह एक सकारात्मक कदम है, परंतु इसका क्रियान्वयन अब भी अधूरा है। अनेक कंपनियाँ इन नियमों को पूरी तरह नहीं मानतीं



या केवल औपचारिकता निभाती हैं। इसके अतिरिक्त, आम उपयोगकर्ता की जागरूकता का स्तर भी बहुत कम है। अधिकतर लोग बिना किसी पुष्टि के सूचनाएं साझा कर देते हैं, जिससे फर्जी खबरों और अफवाहों को बल मिलता है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए इसका समाधान केवल कानूनों या सेंसरशिप से नहीं निकलेगा। इसके लिए एक समग्र सामाजिक प्रयास की आवश्यकता है। समाज को यह समझना होगा कि डिजिटल दुनिया में भी वही नैतिकता लागू होती है जो वास्तविक जीवन में होती है। किसी भी पोस्ट, ट्वीट या वीडियो को साझा करने से पहले उसकी प्रामाणिकता, भाषा और भाव के बारे में विचार करना जरूरी है। साथ ही, सरकार, सामाजिक संस्थाएं, और शिक्षा संस्थान मिलकर डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा दें ताकि लोग सही और गलत की पहचान कर सकें। सोशल मीडिया कंपनियों की भी यह नैतिक और व्यावसायिक जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने एल्गोरिद्म को पारदर्शी और संतुलित बनाएं। ऐसी सामग्री को बढ़ावा देने से परहेज़ करें जो उन्माद और ध्रुवीकरण को बढ़ावा देती है। प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक, भ्रामक या हिंसक सामग्री को स्वतः पहचानने और हटाने के लिए तकनीकी उपायों के साथ-साथ मानव हस्तक्षेप भी ज़रूरी है। साथ ही, उपयोगकर्ताओं को भी यह सिखाया जाना चाहिए कि वे जिम्मेदारीपूर्वक संवाद करें और डिजिटल दुनिया में एक संवेदनशील नागरिक की भूमिका निभाएं। वर्तमान परिदृश्य में सोशल मीडिया को पूर्ण स्वतंत्रता देना उतना ही खतरनाक हो सकता है जितना किसी वाहन को बिना ब्रेक के चलाना। यह जरूरी है कि इस माध्यम का उपयोग विवेक, संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व के साथ किया जाए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वह स्वतंत्रता किसी अन्य की गरिमा और अधिकारों का हनन न करे। यह संतुलन ही एक सशक्त, स्वस्थ और लोकतांत्रिक समाज की नींव है। इसलिए अब समय आ गया है कि हम सोशल मीडिया को केवल एक तकनीकी माध्यम न मानें, बल्कि इसे सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ जोड़ें। इसमें हर नागरिक की भूमिका है सरकार की, कंपनियों की, मीडिया की, और सबसे अधिक, उस आम व्यक्ति की जो हर दिन इस मंच का उपयोग करता है। सोशल मीडिया पर जवाबदेही केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि अब अनिवार्यता बन चुकी है जिसे और अधिक देर तक टाला नहीं जा सकता।

**हंसराज चौरसिया**

# दैनिक राशिफल



डॉ.कौशलेन्द्र पाण्डेय
ज्योतिष सेवा केन्द्र लखनऊ




**मेष-** आज व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**वृष-**आज जल्दबाजी से चोट लग सकती है। दूर से शोक समाचार मिल सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नौकरी में कार्यभार रहेगा। भागदौड़ रहेगी। आय होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मिथुन-**आज यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। रुके कार्यों में गति आएगी। प्रसन्नता रहेगी। जोखिम न उठाएं।

**कर्क-**आज जल्दबाजी न करें। कोई समस्या खड़ी हो सकती है। शरीर शिथिल हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेगे। प्रमाद न करें।

**सिंह-**आज कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। नौकरी में शांति रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा। कार्य समय पर पूर्ण होंगे।

**कन्या-**आज पुराना रोग उभर सकता है। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। किसी व्यक्ति के व्यवहार से अप्रसन्नता रहेगी। अपेक्षित कार्य विलंब से होंगे। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। किसी व्यक्ति विशेष की नाराजी झेलना पड़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**तुला-**आज पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत का आशीर्वाद मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे। प्रमाद न करें।

**वृश्चिक-** आज कष्ट, तनाव व चिंता का वातावरण बन सकता है। शत्रु पस्त होंगे। धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने में रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से मनोनुकूल लाभ होगा।

**धनु-**आज धनहानि संभव है, सावधानी रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से बचें। शत्रु शांत रहेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा।

**मकर-**आज अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बढ़ सकती है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। तनाव रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति की बातों में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें, लाभ होगा।

**कुंभ-**आज शत्रु सक्रिय रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**मीन-**आज घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विरोध होगा। विवाद से क्लेश होगा, इससे बचें। पुराना रोग उभर सकता है। परिवार की चिंता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

# संपादकीय

## मासिक धर्म—जीवन का उत्सव या अपराध? स्कूल की क्रूरता पर सवाल

**[ मासिक धर्म को अपराध ठहराने का पाप- कब बदलेगी हमारी सोच? ]**


जब एक स्कूल, जो नन्हे मन के सपनों को पंख देने और उनके भविष्य को गढ़ने का पवित्र मंदिर माना जाता है, वही उनकी मासूमियत को कुचलने और आत्मसम्मान को तार-तार करने का अखाड़ा बन जाए, तो क्या हमारा समाज वास्तव में सभ्य कहलाने का हक रखता है? महाराष्ट्र के ठाणे जिले के शाहपुर में एक निजी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में हुई 08 जुलाई की घटना महज एक वाकया नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक संवेदनाओं और शैक्षिक व्यवस्था पर एक जोरदार तमाचा है। मासिक धर्म, जो प्रकृति की अनमोल देन और नारीत्व का गौरव है, उसे शर्मिंदगी का हथियार बनाकर कक्षा 5 से 10 तक की मासूम छात्राओं की गरिमा को बेरहमी से रौंदा गया। यह कहानी उन कोमल हृदयों की है, जिनके सुनहरे सपनों को अपमान की काली स्याही से दागदार कर दिया गया। यह घटना हमारी अंतरात्मा से एक चीखता सवाल पूछती है—क्या हम अपने बच्चों को वह सम्मान, सुरक्षा और संवेदना दे पा रहे हैं, जिसके वे सच्चे हकदार हैं? यह सिर्फ एक स्कूल की कहानी नहीं, बल्कि हमारे समाज के नैतिक पतन का आईना है, जो हमें झकझोरकर आत्ममंथन के लिए मजबूर करता है। जब सूरज की सुनहरी किरणें धरती को नहला रही थीं, ठाणे के शाहपुर तहसील में एक निजी स्कूल का सभागार एक दिल दहलाने वाले मंजर का साक्षी बन रहा था। इस स्कूल में, जहां नर्सरी से दसवीं तक की करीब 600 छात्राएं अपने भविष्य के सुनहरे सपने संजोती हैं, उस दिन कक्षा 5 से 10 तक की मासूम लड़कियों को ऐसी यातना सहनी पड़ी, जो सभ्य समाज के माथे पर कलंक है। स्कूल की प्रिंसिपल और एक महिला कर्मचारी ने शौचालय की दीवारों पर खून के धब्बे देखकर ऐसा क्रूर और अमानवीय कदम उठाया, जिसने शिक्षा के पवित्र मंदिर को तार-तार कर दिया। कक्षा 5 से 10 तक की इन नन्हीं बच्चियों को सभागार में बुलाया गया, जहां प्रोजेक्टर पर शौचालय की दीवारों और फर्श पर खून के धब्बों की तस्वीरें प्रदर्शित की गईं। इसके बाद शुरू हुआ एक अपमानजनक और हृदयविदारक पूछताछ का दौर—"क्या तुम्हें मासिक धर्म हुआ है? यह खून किसका है?" मानो ये मासूम बच्चियां अपराधी हों, जिनसे बेरहमी से सवाल-जवाब किया जा रहा हो। जिन लड़कियों ने मासिक धर्म से गुजरने की बात कबूल की, उनके अंगूठे के निशान लिए गए, मानो वे किसी जघन्य अपराध की सजा पाने वाली कैदी हों। जिन्होंने मासिक धर्म न होने की बात कही, उन्हें एक महिला अटेंडेंट के साथ शौचालय ले जाकर उनकी अंडरगारमेंट्स तक की तलाशी ली गई—एक ऐसा घिनौना कृत्य, जो न केवल उनकी निजता को तार-तार करता है, बल्कि किसी भी बच्चे के कोमल मन को आजीवन आघात पहुंचाने की क्रूरता रखता है।


कई अभिभावकों ने बताया कि उनकी बेटियों को, सैनिटरी पैड्स का उपयोग करने के बावजूद, झूठ बोलने का इल्ज़ाम झेलना पड़ा। इस अपमान ने इन नन्हीं आत्माओं को मानसिक रूप से कुचलकर रख दिया। कई लड़कियां सदमे की शिकार हैं, कुछ ने स्कूल के दरवाजे की ओर मुंह मोड़ लिया, और कुछ इस दर्द को शब्दों में बयां करने की हिम्मत तक खो चुकी हैं। 2019 के यूनिसेफ के सर्वे के अनुसार, देश में हर साल 2.3 करोड़ लड़कियां मासिक धर्म शुरू होने पर स्कूल छोड़ देती हैं, और इस उम्र में करीब 54 प्रतिशत लड़कियां एनीमिक होती हैं, जिनमें छोटे शहरों और गांवों की लड़कियां अधिक हैं। ऐसी घटनाएं मासिक धर्म से जुड़े सामाजिक कलंक को और गहरा करती हैं, जिसके चलते लाखों लड़कियां शिक्षा से वंचित हो जाती हैं। एक मां की शिकायत पर पुलिस ने प्रिंसिपल, एक अटेंडेंट, चार शिक्षकों और दो ट्रस्टियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा के तहत मामला दर्ज किया। क्या यह कानूनी कार्रवाई उन गहरे, रिसते घावों को भर पाएगी, जो इन मासूम बच्चियों के मन पर हमेशा के लिए नासूर बन चुके हैं? मासिक धर्म—प्रकृति का वह अनमोल उपहार, जो नारी को जीवन रचने की दिव्य शक्ति देता है। फिर क्यों इसे शर्मिंदगी का लबादा ओढ़ाया जाता है? क्या शौचालय में खून के धब्बों का कारण जानने के लिए इतना क्रूर, अमानवीय और अपमानजनक रास्ता चुनना जरूरी था? क्या स्कूल प्रशासन ने एक पल के लिए भी सोचा कि 10 से 15 साल की इन मासूम बच्चियों के कोमल मन पर इस बर्बर कार्रवाई का क्या असर पड़ेगा? यह घटना केवल एक स्कूल की विफलता नहीं, बल्कि हमारी उस रूढ़िगत, संकुचित सोच का काला सच है, जो मासिक धर्म को आज भी पाप और लज्जा का पर्याय मानती है। पिछले साल, मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन के तहत डिपार्टमेंट ऑफ स्कूल एजुकेशन एंड लिटरेसी ने बोर्ड परीक्षाओं के दौरान स्कूलों के लिए एक एडवाइजरी जारी की थी, जिसमें कहा गया कि 10वीं और 12वीं की छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान मुफ्त सैनिटरी नैपकिन, जरूरत पड़ने पर ब्रेक, और परीक्षा केंद्रों पर रेस्टरूम की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। इसके बावजूद, इस स्कूल ने इन दिशानिर्देशों की अवहेलना की और नन्हीं आत्माओं को अपराधी की तरह कठघरे में खड़ा कर दिया। यह घिनौना कृत्य न केवल इन छात्राओं की निजता को तार-तार करता है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा, कभी न भरने वाला आघात पहुंचाता है। मनोवैज्ञानिक चेतावनी देते हैं कि ऐसी घटनाएं बच्चों में आजीवन डर, शर्मिंदगी और आत्मसम्मान की कमी का जहर बो सकती हैं। इस दिल दहलाने वाली घटना से निपटने और भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए तुरंत और अटल कदम उठाने होंगे। स्कूलों को मासिक धर्म को एक स्वाभाविक, सम्मानजनक और गौरवपूर्ण विषय के रूप में पढ़ाने की जिम्मेदारी लेनी होगी। छात्राओं के लिए सैनिटरी पैड्स की निर्बाध उपलब्धता और उनके सुरक्षित निपटान की व्यवस्था अनिव।

**प्रो. आरके जैन**

# स्त्रियों, बच्चों का शोषण शर्मनाक

**नैतिकता और संवेदनाएं?**





गुरुग्राम में पिता ने अपने दर्प, घमंड के कारण अपनी जवान पुत्री गोली मारकर हत्या कर दी। पूरे देश में स्त्रियों बच्चियों पर अत्याचार व शोषण की अनेक घटनाएं लगभग रोज सामने आ रही है समाज का ताकतवर पुरुष वर्ग संवेदनहीन हो चुका है और चेतना स्खलित हो चुकी है। विगत वर्ष मणिपुर की महिलाओं पर शर्मनाक और अमानवीय पुरुष समाज की हरकतों से पूरा समाज और पूरा देश लज्जित हुआ है। छोटी बच्चियों से लेकर बड़ी बूढ़ी महिलाओं तक शारीरिक, सामाजिक शोषण देश के लिए एक काला अध्याय हैद्य हम अपने पशुओं के व्यवहार के कारण लज्जित तो हुए ही पर उसके पश्चात कोई पछतावा दिखाई नहीं देता है। देश के कोने कोने से महिलाओं को अपमानित करने की घटनाएं रोज हो रही हैं क्या हमारे नैतिक मूल्य और आस्थाये अब पूर्ण रूप से स्खलित हो चुकी है नैतिक मूल्यों का क्षरण अचानक तेज होता जा रहा हैद्य धन तथा पद की लोलुपता ने सारी हदें पार कर दी हैंद्य भारतीय समाज पुरुष प्रधान होने का यह मतलब कतई नहीं होना चाहिए कि स्त्री ही हर ज्यादति और अत्याचार की शिकार होती रहे। प्राचीन काल से अब तक स्त्री ही पुरुष तथा समाज के दमन का केंद्र रही हैद्य शिक्षा तथा आर्थिक स्थिति के विकास के बाद भी स्त्रियों की दयनीय स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन नहीं आया है देश की आबादी की 45त्न आबादी महिलाओं की है पर अभी तक स्त्रियों की स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन परिलक्षित नहीं हुआ है,यह एक चिंतनीय समाजिक समस्या हमारे सामने ज्वलंत खड़ी हैद्य

भारतीय समाज की विशेषता है कि यह क्रमिक रूप से बाहरी मूल्यों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप आज समाज विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं तथा मूल्यों का अद्भुत समूह बन गया, यूं कहें कि अलग-अलग सभ्यताओं के पुष्पों का एक रंग बिरंगा गुलदस्ता ही बन गया हैद्य वही सभ्यताओं के आत्मसात करने के परिणाम स्वरूप पाश्चात्य सभ्यता से हिंदुस्तानी समाज में बड़ी विसंगतियां जन्म लेने लगी है। सभ्यताएं तो आई लेकिन अपनी बुराइयों को भी लेकर आई हैं। इससे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का अवमूल्यन ही हुआ है। और इसके अलावा पाश्चात्य सभ्यता ने खुलेपन आमंत्रित कर युवाओं तथा पुरुषों के मन में वासनात्मक कुंठा को जन्म दिया है। जिसके कारण महिलाओं पर यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आज भारतीय समाज निश्चित तौर पर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और यही वजह है कि पाश्चात्य सांस्कृतिक प्रवृतियों मानसिक भावनाओं को संक्रमित कर कुंठा को जन्म दिया है। यही कारण है कि मानसिक संक्रमण से भारतीय समाज पाश्चात्य सभ्यता का अंधा अनुसरण कर रहा है जिसके कारण मानवीय मूल्यों में नैतिक स्खलन स्पष्ट दिखाई देने लगा और इस नैतिक गिरावट से हिंसा में काफी वृद्धि हुई है। पाश्चात्य सभ्यता के दुष्प्रभाव में सबसे गहरा दुष्प्रभाव यौन हिंसा के प्रचार प्रसार का है। पुरुष समाज की मानसिकता है की पुरुष होने के कारण उन्हें कुछ चीजों का हक नैसर्गिक रूप से प्राप्त है जैसे कि अच्छी पत्नी और संतान में बेटों की प्राप्ति, कोई भी पुरुष अपनी आने वाली पीढ़ी में पुत्री नहीं चाहता है जबकि पुत्र पुत्री एक समान ही होते हैं बल्कि जो मायूस होकर पुत्री जन्म का दुख मनाते हैं उन्हें वर्तमान में पीएससी और यूपीएससी की रिजल्ट लिस्ट देखनी चाहिए इसमें बालिकाओं ने बहुत अच्छे अंको से परीक्षा पास कर समाज में उनकी अहम भूमिका को सार्थक किया है। वर्तमान समाज में परंपरागत रूप से पुरुषों को ऐसा करते देख उसकी आने वाली पीढ़ी भी अपने महिला संगिनी से दुर्व्यवहार और हिंसा करने से नहीं चूकता है। पुरुष की कुंठा इस कदर बढ़ चुकी है कि वह किसी सुंदर स्त्री को देखकर यह चाहने लगता है कि वह स्त्री उसकी अंक शायनी हो जाए और यदि स्त्री उसके विमुख होती है तो वह उस पर बलात नियंत्रण करने की कोशिश में यौन अपराध की ओर उन्मुख हो जाता है। अपरिपक्व उम्र से ही किशोरावस्था के युवक सेक्सुअल हिंसा के प्रति उन्मुख होने लगे हैं हमें इसकी असली वजह तथा कारण को समझना होगा मोबाइल का इंटरनेट कंप्यूटर लैपटॉप ने इस विकृत संस्कृति को एक खुला आकाश दे दिया है समाज में बढ़ती योन अपराधिक हिंसा के मुख्य कारणों में से एक इंटरनेट मोबाइल और लैपटॉप का घर घर उपलब्ध होना ही है। मानसिक रूप से अपरिपक्व को बच्चों के पास मोबाइल तथा लैपटॉप तथा इंटरनेट आ चुका है और उससे वह वह वासनात्मक कहानियां, चित्र और फिल्में देखकर युवतियों तथा छोटी-छोटी बच्चियों पर यौन अपराध करने से नहीं चूकते और यही वजह है कि भारतीय संस्कृति विकृत होकर युवकों द्वारा बड़ी संख्या में यौन अपराध किए जा रहे हैं। जिसके कारण महिलाओं की भावना तथा आत्म सम्मान में गिरावट आकर आत्महत्या तक के परिणाम सामने आने लगे हैं। आंकड़ों में यदि जाएं तो 2020 में लगभग 40,000 बलात्कार के मामले हिंदुस्तान में सामने आए हैं जिनमें 18 साल से कम आयु की लड़कियों की संख्या 16800 की और सबसे खतरनाक तथा विवाद,वीभस्त आंकड़ा जो है वह 6 साल से कम उम्र की लड़कियों के साथ बलात्कार की घटना के लगभग 600 मामले सामने आए हैं। यौन हिंसा के अलावा बच्चियों, युवतियों तथा महिलाओं द्वारा युवाओं द्वारा दिए गए प्रणय निवेदन तो ठुकरा दिए जाने के बाद तेजाब फेंकने की घटनाएं तीव्रता से बड़ी हैं 2010 से लेकर 2020 तक महिलाओं पर तेजाब फेंकने की 1208 घटनाएं विभिन्न जगहों में संबंधित थानों में पंजीकृत हुई है। माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रशासन को एसिड की खरीदी बिक्री पर रोक लगाने के आदेश भी दिए गए, पर आज भी पूरे देश में तेजाब की बिक्री खुलेआम हो रही है। तेजाब पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। इसके अलावा इंटरनेट मोबाइल पर भी प्रभावी नियंत्रण आवश्यक है इस पर भी एक उम्र की सीमा से ऊपर के लोगों को इस्तेमाल करने की अनुमति दी जानी चाहिए। भारत में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा के प्रति लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जा कर एक अभियान चलाकर इसे योजनाबद्ध तरीके से कानून की मदद से हिंदुस्तान भर में विस्तारित किया जाना चाहिए। इसी तरह कन्या भ्रूण हत्या को भी समूल नष्ट करने का अभियान चलाकर एक प्रभावी योजना तैयार की जानी चाहिए। भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार के साथ शासकीय योजनाओं को भी यौन हिंसा प्रताड़ना के खिलाफ आमजन को शिक्षित और जागरूक कर पाश्चात्य सभ्यता को ना अपनाने हेतु प्रेरित करना चाहिए।

**संजीव ठाकुर**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मार्ग दुर्घटना में दो की मौत एक महिला घायल

**रूद्रपुर,देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र के रुद्रपुर- गौरी बाजार मुख्य मार्ग के राम लक्षन चौराहे पर रात लगभग 10:30 बजे बोलेरो ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मौके पर प्रिंस मद्धेशिया की दर्दनाक मौत हो गई । वहीं पति पत्नी बुरी तरह घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने अपनी सरकारी गाड़ी से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। गुलाबचंद मद्धेशिया की स्थिति नाजुक देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान गुलाब मद्धेशिया की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बैतालपुर निवासी गुलाब मद्धेशिया अपनी पत्नी मीरा मद्धेशिया के साथ अपने गांव के ही एक लड़का प्रिंस मद्धेशिया के साथ जा रहे थे। रामलक्षन चौराहे पर रुद्रपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे प्रिंस मद्धेशिया पुत्र श्रीकांत मद्धेशिया उम्र 22 वर्ष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।इलाज के दौरान गुलाबचंद मद्धेशिया की भी मौत हो गई। पुलिस ने बोलेरो गाड़ी को कब्जे में ले लिया और अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी खजनी, नायब तहसीलदार ने सुनीं जनसमस्याएं, कार्रवाई का निर्देश



### दो बजे के वाद राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम नही वनाया गया जिम्मेदारो द्वारा

**खजनी** – गोरखपुर थाना खजनी में आयोजित जुलाई माह के प्रथम समाधान दिवस में क्षेत्र के विभिन्न गांव कस्बों से अपनी भूमि विवादों से संबंधित समस्याएं लेकर पहुंचे13 फरियादी पेश हुए। अध्यक्षता कर रहे नायब तहसीलदार अशोक कुमार तथा क्षेत्राधिकारी उदय प्रताप सिंह ने सभी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए लेखपालों व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर पहुंचकर जांच और समाधान कराने का निर्देश दिया। सभी मामलों में टीम बना कर जांच और कार्रवाई के बाद आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। मौके पर दिवस प्रभारी थानाध्यक्ष अनूप सिंह, एसआई सत्यदेव, एस आई ओमप्रकाश बिंद राजस्व निरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह सहित लेखपाल अभिषेक दिक्षित, राजिव रंजन शर्मा, रवि सैनि समेत आदि लोग मौजूद रहे।

### धान की रोपाई करने जा रहे मजदूर का ऑटो पलटा




**अलीगढ़।** कोतवाली अतरौली क्षेत्र के गांव हैवतपुर के निकट धान की रोपाई करने जा रहे मजदूरों से भरा एक ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खेत में पलट गया। जिसमें 22 महिला पुरुष और बच्चे घायल हो गए। जिला मलखान सिंह अस्पताल से गम्भीर रूप से घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। गांव नगला लोधा से करीब 25 मजदूर एक ऑटो के द्वारा बरला के गांव रामनगर में धान की रोपाई करने जा रहे थे। शनिवार की सुबह जैसे ही मजदूरों से भरा ऑटो इज्जतपुर बंबा की पटरी वाले रास्ते से हैवतपुर और नागलिया खैराबाद के बीच पहुंचा अचानक सामने से दूसरा वाहन आ गया। जगह कम होने के कारण साइड से निकलने के दौरान ऑटो से चालक का नियंत्रण हट गया और ऑटो खेत में पलट गया। इसमें सभी महिलाएं और बच्चे दब गए। चीख-पुकार मचने पर खेतों में काम कर रहे लोग घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े। खेतों में काम कर रहे लोगों ने ऑटो उठाकर उसमें दबे बच्चों और महिलाओं का बाहर निकालकर सीएचसी भेज दिया। जहां गंभीर हालत देख सूरज, तरुण, मनोरमा, लवकुश को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। अन्य घायलों में शिवम, पुनीत, विशाल, संतोष, गौरव, कमलेश, कपिल, कीर्ति, योगेश, जतिन, अंजली, विवेक, भूरा, प्रवीण, वर्षा, चंद्रपाल, आकाश, घनेंद्र भी घायल हुए हैं। उन्हें उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# बुजुर्ग ने खा लिया ज़हर, पेड़ के नीचे मिला शव, गांव में पसरा मातम

स्वतंत्र प्रभात

**खज़नी** – अज्ञात कारणों से एक 65 वर्षीय बुजुर्ग ने ज़हर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना खजनी क्षेत्र के नन्दापार गांव की है, जहां रमाकांत गुप्ता पुत्र स्व. हरिमन गुप्ता का शव गांव के बाहर आम के बाग में पेड़ के नीचे पड़ा मिला। जब रमाकांत तीन घंटे तक घर नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। खोजबीन के दौरान सूचना मिली कि बाग में पेड़ के नीचे उनका शव पड़ा है। यह खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया, पत्नी और बेटों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पाकर खजनी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खजनी थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला जहर खाने से मौत का लग रहा है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।



बताया जा रहा है कि रमाकांत गुप्ता सहजनवा तहसील में प्राइवेट मुंशी का काम करते थे। उनके दो पुत्र किशन गुप्ता और दीपक गुप्ता गांव में ही रहते हैं। बड़े बेटे किशन की शादी हो चुकी है जबकि छोटा बेटा दीपक अभी अविवाहित है। रमाकांत के पांच भाई हैं, जो अलग रहते हैं। वह अपने छोटे परिवार के साथ ही रहते थे। गांव के लोगों के अनुसार रमाकांत शांत और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। किस अड़चन ने उन्हें इस कदर तोड़ दिया कि उन्होंने ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली, यह किसी को समझ नहीं आ रहा। पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है, बेटों की आंखें पिता की अंतिम झलक पाने को तरस रही थीं, लेकिन जब तक पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, तब तक उनकी सारी उम्मीदें टूट चुकी थीं।

पुलिस ने परिजनों और आस-पड़ोस के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है ताकि मौत के पीछे की असली वजह सामने आ सके। इधर गांव में लोग आपस में चर्चा कर रहे हैं कि परिवार में ऐसा कौन सा संकट आया जिसने रमाकांत गुप्ता को ऐसा बड़ा कदम उठाने पर मजबूर कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के रहस्य से पर्दा उठने की उम्मीद जताई जा रही है।

# CISF का जलवा विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल 2025 में 64 पदकों के साथ भारत तीसरे स्थान पर

स्वतंत्र प्रभात

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन किया है। 30 जून से 6 जुलाई 2025 तक अमेरिका के इरमिंगम में आयोजित प्रतिष्ठित विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल 2025 में CISF टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 64 पदक अपने नाम किए हैं। विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल दुनिया के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में से एक है, जहाँ विश्वभर के पुलिस और अग्निशमन कर्मी विभिन्न खेलों में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। इस वर्ष, 70 से अधिक देशों के लगभग 10,000 एथलीटों ने इस भव्य आयोजन में भाग लिया। CISF टीम ने 6 विभिन्न स्पर्धाओं में हिस्सा लिया और असाधारण प्रदर्शन करते हुए अपने अदम्य साहस, शक्ति और शानदार टीम वर्क का परिचय दिया। टीम के हर खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर भारत का परचम लहराया। CISF के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने भारत को कुल 560 पदकों के साथ समग्र पदक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुँचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और खेल के क्षेत्र में हमारे पुलिस और अग्निशमन कर्मियों की बढ़ती ताकत को दर्शाता है। इस शानदार प्रदर्शन में बिहार के एथलीटों का योगदान भी सराहनीय रहा। विशेष रूप से, बिहार के पूर्वी चंपारण जिले की विजया कुमारी ने अपने अविश्वसनीय प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने निम्नलिखित पदक जीतकर टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई 100 मीटर में स्वर्ण पदक, 100 मीटर रिले में स्वर्ण पदक, 400 मीटर मिश्रित रिले में स्वर्ण पदक, 200 मीटर में रजत पदक,400 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक,400 मीटर में कांस्य पदक CISF हमेशा से ही फिटनेस, अनुशासन और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेलों में टीम का यह प्रभावशाली प्रदर्शन विश्व मंच पर हमारे कर्मियों की शारीरिक और मानसिक दृढ़ संकल्प का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह उपलब्धि न केवल CISF के लिए गौरव का क्षण है, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है।

# सहजनवा में किसानों का गुस्सा- सूखी नहर पर प्रदर्शन, तत्काल पानी छोड़ने की मांग

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर सहजनवा**– रामपुर सरजू कैनाल में पानी की आपूर्ति ठप होने से गुस्साए किसानों ने शनिवार को सुखी नहर में उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित किसानों ने सिंचाई विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की और नहर में तत्काल पानी छोड़ने की गुहार लगाई। प्रदर्शन का नेतृत्व क्षेत्र पंचायत सदस्य राधेश्याम यादव ने किया, जिन्होंने बताया कि यह नहर क्षेत्र के लिए सिंचाई का प्रमुख स्रोत है। दुल्टही, सिधौली, बैदवली, बरसिहा, रामपुर चेचुआपार सहित आधा दर्जन से अधिक गांवों के किसान इस नहर पर निर्भर हैं। लेकिन वर्तमान में नहर सूखी पड़ी है, जिससे किसानों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है।



किसानों का कहना है कि धान की रोपाई के लिए पानी का इंतजार करना पड़ रहा है। समय बीतने के साथ फसल की पैदावार प्रभावित होने का खतरा बढ़ रहा है। कुछ किसानों ने बारिश की उम्मीद में धान की रोपाई शुरू की थी, लेकिन बारिश न होने से उनकी फसलें सूख रही हैं। राधेश्याम यादव ने कहा, "नहर में पानी न होने से किसानों का धैर्य जवाब दे रहा है। समय पर पानी नहीं मिला तो धान की फसल बर्बाद हो जाएगी।"किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द पानी नहीं छोड़ा गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मामले पर अवर अभियंता विनीत पांडेय ने आश्वासन दिया कि मामला उनके संज्ञान में है और दो दिनों के भीतर नहर के टेल तक पानी पहुंचा दिया जाएगा। लेकिन किसानों का कहना है कि ऐसे वादे पहले भी किए गए हैं, मगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ। क्षेत्र के किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि नहर में नियमित पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि उनकी मेहनत और फसल को बचाया जा सके। यह प्रदर्शन क्षेत्र में बढ़ते तनाव को दर्शाता है। किसान प्रशासन के अगले कदम का इंतजार कर रहे हैं और उम्मीद जता रहे हैं कि उनकी मांगें जल्द पूरी होंगी। यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और उग्र होने की आशंका है।

# सोनभद्र शिव शक्ति महिला मंडल ने किया रुद्राभिषेक और सुंदरकांड पाठ, सावन भर गूंजेगी हर हर महादेव की गूंज

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र।** पवित्र श्रावण मास के दूसरे दिन, शनिवार को सोनभद्र के रामगढ़ कसारी भिखारी बाबा आश्रम स्थित शिव मंदिर में आध्यात्मिक उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। शिव शक्ति महिला मंडल ने पूरे विधि-विधान से रुद्राभिषेक का आयोजन किया और साथ ही सुंदरकांड पाठ भी किया, जिससे पूरा मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी, जो भगवान शिव की आराधना और श्रावण मास के पावन अवसर का लाभ उठाने के लिए आतुर थे। शिव शक्ति महिला मंडल की अध्यक्ष किरन मोदनवाल के नेतृत्व में राधिका केसरी, सारिका गुप्ता, पिंकी केशरी, श्रेया विश्वकर्मा, चंदा केशरी, लाडो केशरी, पूनम शुक्ला, विद्या विश्वकर्मा और प्रियंका गुप्ता ने श्रद्धापूर्वक सुंदरकांड का पाठ किया। उनकी मधुर वाणी और भक्तिमय भजनों से वातावरण और भी पवित्र हो गया। इस दौरान, सावन माह के दूसरे दिन शिव शक्ति महिला मंडल की संरक्षिका विमला देवी, प्रियंका गुप्ता और लीलावती देवी, साथ ही गोविंद गुप्ता, भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट की उपाध्यक्ष चिंता मौर्य, शिव शक्ति महिला मंडल की उपाध्यक्ष खुशबू मौर्य, लकी केसरी, पंडित रेवती नाथ त्रिपाठी, रामा त्रिपाठी, डॉक्टर विजय, उर्मिला देवी, भईया लाल और करुणा सिंह ने आचार्य राधे कृष्ण तिवारी के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दूध से रुद्राभिषेक पूजन किया। इस दौरान उपस्थित सभी भक्तों ने महादेव का जयकारा लगाया।भिक्षुक भिखारी रमाशंकर गिरी उर्फ जंगली बाबा ने बताया कि शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा पूरे सावन माह भर प्रतिदिन रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि महिला मंडल वर्ष 2024 से ही प्रत्येक शनिवार को सुंदरकांड का पाठ नियमित रूप से करता आ रहा है, जिससे क्षेत्र में धार्मिक चेतना का संचार हो रहा है। इस अवसर पर साध्वी कृष्णावती, कालो देवी, हीरा, परमानंद मौर्य, विवेकानंद मौर्य, इंद्रपति पांडेय, मनोज केशरी, रितिका केशरी, कलावती चौबे, सुखराम महाराज, राजेंद्र महाराज, मुन्ना महाराज, सुरेश महाराज, लालू महाराज, सागर महाराज और अभय समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा, जो शिव भक्तों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव था।



# गोला थाने पर आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

### ●कुल आए 16 मामलों में 5 का हुआ निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाजार गोरखपुर**– गोला थाना परिसर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार बालचंद चौहान व कोतवाल अंजुल चतुर्वेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस समाधान दिवस पर आए फरियादियों की पीड़ा को सक्षम अधिकारियों ने विधिवत सुना।और निस्तारण कराने का भरपूर प्रयास किया।कुल 16 मामले आए जिसमें मात्र 5 मामलों का निस्तारण हुआ। इस समाधान दिवस पर अधिकांश मामले राजस्व से संबंधित रहे। समाधान दिवस के अंत में समाधान दिवस पर आने वाले प्रार्थना पत्र को रजिस्टर में अंकित कर हल्का लेखपाल को आवेदन पर जांच कर रिपोर्ट देने को कहा गया। समाधान दिसंबर आए फरियादियों का कहना था कि जिस मंशा के साथ इस योजना को लागू किया गया।राजस्व एवं पुलिस विभाग पुरी तरह ध्वस्त कर दिया है।जिसका परिणाम है कि समाज में जिसकी लाठी उसी की भैंस वाली कहावत पूरी तरह चरितार्थ है।कोई भी विवाद जमीन से ही पैदा होता है।जमीन का मालिक राजस्व विभाग।सारे राजस्व अभिलेख विभाग के पास मौजूद है।दो पक्ष विवाद जमीन के लिए करते है।और राजस्व विभाग की उदासीनता के कारण मार पीट हत्या तक पहुंच जाता है।पुलिस का रोल आरंभ होता है।वही अगर राजस्व संबंधित विवाद पैदा होते ही विवाद को लेकर अगर राजस्व व पुलिस विभाग निष्पक्ष रूप से तैयार हो जाय तो विवाद निश्चित ही निपट जाएगा।और लोगों को थाना व तहसील एवं न्यायालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। क्या इस तरह की व्यवस्था बनेगी।यह एक यक्ष प्रश्न खड़ा पड़ा है। फरियादियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि विवाद आते ही राजस्व विभाग पुलिस व पुलिस विभाग राजस्व को दोषी मानते हुए कार्य आरंभ कर देते है।और स्थिति तो तब विकराल हो जाती है कि मामला न्यायालय तक पहुंच जाता है।और बीच में ही तनाव बढ़ कर कोई अनहोनी घटना को जन्म दे देता है।घटना होते ही दोनों विभाग के कान खड़े हो जाते है।और न्याय का दरवाजा भी खुल जाता है। आखिर ऐसा क्यों।यह प्रश्न सर्व समाज के समक्ष ही नहीं शासन एवं प्रशासन में बैठे आला जिम्मेदार अफसरानों पर भी खड़ा पड़ा है।



बताते चले कि न्यायालयों में बढ़ते मुकदमों के बोझ, मारपीट, हत्या आदि की घटनाओं को देखते हुए शासन एवं प्रशासन के साथ सरकार में बैठे लोगों ने यह निर्णय लिया कि सभी को सुलभ, सस्ता एवं अविलंब न्याय की व्यवस्था सुनिश्चित हो। जिसके लिए तहसील पर महीने में दो बार संपूर्ण समाधान दिवस एवं महीने में दो बार स्थानीय थाना पर समाधान दिवसंका आयोजन आरंभ हुआ।इस समाधान दिवस पर विभाग से जुड़े लोगों को एकत्र होकर छोटे मोटे विवाद को सुनकर विधि सम्मत मामले का निपटारा करने का लक्ष्य रहा।लेकिन वर्तमन में समाधान दिवस का आयोजन तो चल रहे है लेकिन न्याय करना एवं न्याय देना दोनों कार्य से सक्षम अधिकारी दूर दिखाई दे रहे है। और सीधे फरियादियों को सलाह देते है कि न्यायालय में बाद दाखिल करके निर्णय करा लो।फरियादी मजबूर होकर न्यायालय का चक्कर लगाना शुरू कर देता है।जिससे सुलभ व सस्ते न्याय पाने के लिए अपना समय धन सभी को बर्बाद कर दे रहा है। इस व्यवस्था से लोगों में भारी असंतोष व्याप्त है।

इस अवसर पर एस एस आई बांके यादव राजस्वनिरीक्षक लालजी शर्मा विजय कुमार यादव अशोक गुप्ता पृथ्वी नाथ गुप्ता लेखपाल अजय पाठक अवधेश लाल परमहंस आलोक कुमार रामाश्रय कन्हैया सुरेन्द्र पासवान आशीष तिवारी आदि सहित थाने के समस्त एस आई उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ भाजापा कार्यकर्ता व पूर्व सभासद गोला ने नगर विकास मंत्री को दिया चार सूत्रीय ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाजार गोरखपुर।** बीते गुरुवार को नगर पंचायत गोला में स्थित एल पी एम पब्लिक स्कूल पर नगर विकास मंत्री ए के शर्मा के स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम में पहुंचे गोला नगर पंचायत के बुजुर्ग एवं संघर्षशील वरिष्ठ भा जा पा पूर्व नगर अध्यक्ष एवं तीन बार सभासद रह चुके भिखारी लाल निषाद ने नगर पंचायत गोला की समस्याओं को लेकर चार सूत्रीय ज्ञापन मंत्री महोदय को सौंपते हुए समाधान कराने की मांग किया। श्री निषाद ने अपने द्वारा दिए गए ज्ञापन में लिखा कि नगर पंचायत गोला में अतिक्रमण की समस्या से सभी।लोग परेशान है। दुकानदार इंटरलॉकिंग तक दुकान लगा लेते है।इस पर नगर पंचायत द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। पुलिस प्रशासन भी मूक दर्शक बन तमाशा देखती है जनता परेशान है। अन्य कई प्रांतों में बिजली बिल 300 यूनिट तक छूट है। प्रदेश में भी यह सुविधा दिया जाय।जिससे आगामी चुनाव में विपक्ष यह मुद्दा न उठा सके। सरकार द्वारा गरीबों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। उचित मूल्य के विक्रेताओं द्वारा घट लौती की शिकायत आ रही है। त्वरित कार्यवाही कराई जाय।

नगर पंचायत गोला में शुद्ध पेय जल की बड़ी समस्या है। तीन बार सभासद था।दो बार नगर भा जा पा अध्यक्ष रह चुका हु। हम लोगों के समय सुबह 6 बजे से 9 बजे एवं दोपहर को 12 बजे से 2 बजे तक और शाम को 4 बजे से 5 बजे तक पानी आपूर्ति नगर पंचायत द्वारा की जाती थी। लेकिन वर्तमान में सुबह 6 बजे से 8 बजे तक और शाम को 4 बजे से 5 बजे तक पानी की आपूर्ति दी जाती है। बोरिंग हुआ लेकिन उसे कॉन्टेक्ट नहीं कराया गया। मात्र एक ही टंकी से पानी की आपूर्ति की जा रही है। उपरोक्त समस्याओं पर ध्यान देते हुए जनहित तत्काल समाधान कराने की कृपा करे। नगर विकास मंत्री ने ज्ञापन को लेकर समाधान कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देते समय उनके साथ उ प्र उद्योग व्यापार मंडल गोला के भारी संख्या में व्यापारी गण उपस्थित रहे।

### सफाई कर्मियों ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को दौड़ाया



**अलीगढ़।** थाना सासनीगेट क्षेत्र में चौराहे पर सफाई कर्मियों ने राष्ट्रीय और राज्य मार्ग को जाम कर दिया। कर्मियों को शांत कराने पहुंचे नगर स्वास्थ्य अधिकारी को गुस्साए मानदेय कटौती से नाराज सफाई कर्मचारियों ने पीट दिया। किसी भी तरह अधिकारी ने वहां से भाग कर जान बचाई। मामले में सात सफाई कर्मियों की सेवा समाप्त कर सुपरवाइजर समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया। सुकमा कम्पनी ने अनुशासनहीनता में एक सुपरवाइजर समेत सात सफाई कर्मियों की सेवा समाप्त कर दी है। दूसरी ओर पुलिस ने सुपरवाइजर समेत चार पर अधिकारी के कार्य निवर्हन में बाधा डालने व चोट पहुंचाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

# सोनभद्र में दर्दनाक हादसा अनियंत्रित ट्रक पुल से गिरा, एक की मौत



स्वतंत्र प्रभात

**अनपरा, सोनभद्र।** आज, 12 जुलाई 2025, शनिवार की सुबह सोनभद्र जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। वाराणसी-शक्तिनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रेणुकूट से अनपरा की ओर जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गया, जिससे वह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में ट्रक के खलासी की मौत हो गई, जबकि ड्राइवर सुरक्षित बच निकला। स्थानीय लोगों ने सुबह लगभग दस बजे अनपरा थाना को घटना की सूचना दी। उन्होंने बताया कि अनपरा थाना क्षेत्र के सिरदहवा में ट्रक संख्या C G 15D G 9058 पुलिया से नीचे गिर गया है। सूचना मिलने पर अनपरा पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रक के मलबे में दबे खलासी को बाहर निकाला। खलासी की पहचान कमलेश अगरिया (पुत्र राम लल्लू, निवासी पड़री राजा टोला, सिंगरौली, मध्य प्रदेश) के रूप में हुई। गंभीर रूप से घायल कमलेश को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना के समय ट्रक मालिक भी मौके पर मौजूद था। अनपरा पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के बाद भी यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रही और मार्ग पर किसी प्रकार का जाम नहीं लगा। यह घटना एक बार फिर सड़क सुरक्षा के महत्व और तेज रफ्तार वाहन चलाने के खतरों को उजागर करती है। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है।

# सोनभद्र में पंचायत विभाग पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप ग्राम प्रधान संगठन ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात

**कोन / सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के अति पिछड़े, नक्सल प्रभावित और आदिवासी बहुल जनपद सोनभद्र, जिसे शासन द्वारा 'एस्पिरेशनल जनपद' घोषित कर विशेष प्राथमिकता दी गई है, वहीं अब पंचायत विभाग में व्यापक भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी कुमार जायसवाल ने निदेशक पंचायती राज विभाग को एक शिकायती पत्र भेजा है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि इस भ्रष्टाचार के कारण शासन की योजनाएं वास्तविक लाभार्थियों तक नहीं पहुंच पा रही हैं। लक्ष्मी कुमार जायसवाल ने आरोप लगाया है कि जनपद में जिला पंचायत राज अधिकारी (DPRO) और विभाग में वर्षों से जमे कुछ कर्मचारियों द्वारा चहेते व्यक्तियों के इशारे पर योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने अपने शिकायती पत्र में कई उदाहरणों के माध्यम से इन आरोपों को पुख्ता करने की कोशिश की है। शासन की मंशा के अनुसार प्रत्येक विकासखंड में 22 लाख रुपये की लागत से अंत्येष्टि स्थलों का निर्माण होना था,



लेकिन आरोप है कि अधिकांश कार्य जिला मुख्यालय के आसपास के गांवों में मानकों के विपरीत निजी लाभ हेतु कराए गए हैं। शिकायत में कहा गया है कि जनपद में 6 फ्लाई ऐश ईंट यूनिट केवल कागजों पर चालू दिखाकर लाखों रुपये की बंदरबांट की जा रही है। लंबी ग्राम पंचायतों में प्रस्तावित 11-12 लाख रुपये की योजनाएं बिना जिलाधिकारी की वित्तीय स्वीकृति के कुछ सचिवों द्वारा टुकड़ों में बांटकर कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे जनप्रतिनिधियों का शोषण हो रहा है। विकासखंड नगवां के ग्राम पंचायत सरईगढ़ में गलत भुगतान पर जिला विकास अधिकारी द्वारा कार्रवाई का निर्देश देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई और मामले को दबा दिया गया। विकासखंड चोपन के ग्राम पंचायत पनारी में मजदूरी का भुगतान मजदूरों के खाते में न करके कुछ अन्य लोगों के खातों में कराया गया है। शिकायत के बावजूद इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि तकनीकी जांच अधिकारी (ADPRO) की नियुक्ति होने के बावजूद शिकायतों की निष्पक्ष जांच नहीं कराई जाती है, और जांच रिपोर्ट आने पर भी उन्हें दबा दिया जाता है। कुछ विकासखंडों में वर्षों से एक ही ठेकेदार को टेंडर देकर विकास निधियों का दुरुपयोग किया जा रहा है, और किसी भी शिकायत पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी कुमार जायसवाल ने निदेशक पंचायती राज विभाग से अपील की है कि जनपद सोनभद्र के जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय एवं संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध उच्च स्तरीय स्वतंत्र जांच कराई जाए। उन्होंने मांग की है कि दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि शासन की योजनाएं पारदर्शिता एवं न्यायपूर्ण तरीके से संचालित हो सकें और गरीब एवं अनपढ़ जनप्रतिनिधियों का शोषण रोका जा सके। यह देखना होगा कि इस गंभीर शिकायत पर शासन क्या कदम उठाता है और क्या सोनभद्र के पंचायत विभाग में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हो पाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### अंसार महलूद बने आल इंडिया मुस्लिम घोसी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष



**लखीमपुर** खीरीघोसी समाज के लिए लगातार संघर्ष कर रहे जनपद खीरी निवासी अंसार महलूद को आल इंडिया मुस्लिम घोसी एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। आल इंडिया मुस्लिम घोसी एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर वली उल्लाह द्वारा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद अंसार महलूद ने बताया कि घोसी समाज हमेशा उपेक्षा का शिकार रहा है। समाज को एकजुट और उसके उद्धार के लिए संगठन जिस तरह पूरे देश में काम कर रहा है, वह प्रदेश में भी संगठन को मजबूत करने और समाज के हित के लिए संघर्ष करेंगे। उनका मकसद होगा कि समाज के हर व्यक्ति को मुख्य धारा में जोड़कर उसे मजबूत किया जाए।अंसार महलूद को आल इंडिया मुस्लिम घोसी एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर इश्तियाक घोसी, जिला पंचायत सदस्य यासीन घोसी, पूर्व प्रधान शकील घोसी, पूर्व प्रधान कमरुद्दीन घोसी, पूर्व प्रधान आजाद घोसी,जब्बार घोसी, छोटे लाल घोसी आदि ने मुबारक बाद दी और उम्मीद जताई कि समाज की बेहतरी के लिए कार्य होगा।

### वन विभाग और छूट की सैकड़ो बीघा जमीन पर प्रधान का अवैध कब्जा

**क्षेत्रीय लेखपाल और राजस्व निरीक्षक के मिली भगत से सैकड़ो बीघा सरकारी जमीन पर लहलहा रही प्रधानपति मुन्ना लाल की धान व गन्ने की फसल**

**लेखपाल कानूनगो की मिली भगत आ रही सामने**

**लखीमपुर खीरी** मामला तहसील सदर की ग्राम पंचायत नरहर का है जहां ग्राम प्रधान मुन्नालाल और कानूनगो तथा लेखपाल कमलेश कुमार की मिली भगत से सैकड़ो बिगहा छूट की सरकारी जमीन अवैध कब्जा करके प्रधान की धान और गन्ना फसल लगाए जाने के आरोप ग्रामीणों द्वारा ग्राम प्रधान नरहन पर लगाए गए हैं। इतना ही नहीं सूत्र बताते हैं उक्त प्रधान पति मुन्नालाल द्वारा वन विभाग के नाम दर्ज कागजात सरकारी जमीन पर कब्जा करके उसे पर भी गन्ना की फसल बो रखी है। लेखपाल कमलेश कुमार द्वारा सब कुछ जानने के बाद भी अपने सजातीय प्रधान से चढ़ावा चढ़वाकर अभयदान दिए हुए हैं ।यही कारण है उक्त ग्राम प्रधान पति द्वारा बेवकूफ होकर सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा किया जा रहा है शायद नरहर ग्राम प्रधान पर मुख्यमंत्री का एंटी भू माफिया कानून लागू ही नहीं होता हो जो सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने के मामले में ब्लॉक फुल बेहड़ के अंदर नरहर प्रधान का प्रथम स्थान होना तय है। उक्त मामले पर यदि जिला अधिकारी खेरी दुर्गा शक्ति नागपाल लेसन ज्ञान और जांच टीम गठित कर कारण निष्पक्ष जांच और करें कार्यवाही तो लेखपाल कमलेश समेत अवैध कब्जा धारकों में मुन्नालाल प्रधान पद नरहर पर कार्रवाई होना होगा ते अब देखना यह है और ईमानदार जिला अधिकारी द्वारा मामले का संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की जाती है या फिर यूं ही दबंग तहसील प्रशासन से साथ घटकर सरकारी जमीनों को कब जाते रहेंगे और उत्तर प्रदेश सरकार के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जाती रहेगी।

### अवैध कब्जे की निरंतर प्रकाशित खबरों से बौखलाए लेखपाल ने दी पत्रकार को देख लेने की धमकी

**आइजीआरएस पोर्टल पर मनमानी रिपोर्ट लगाने की ऐलानियां कहीं बात**

**लखीमपुर खीरी** लेखपाल द्वारा मिली धमकी से आहत पत्रकार ने मामले की लिखित शिकायत शासन प्रशासन और एसडीएम सदर से कर मामले की जांच कराकर दोषी लेखपाल के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की है ।मामला कुछ इस प्रकार से है कि ग्राम पंचायत नरहर में प्रधान पति मुन्नालाल और कई अन्य लोगों द्वारा अंबेडकर पार्क के नाम आरक्षित जमीन पर अवैध कब्जा करके मकान बना लिए गए थे उक्त मामले की खबर को स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित करने से बौखलाए लेखपाल कमलेश कुमार द्वारा पहले मामले को मैनेज करने का प्रयास किया गया। मामला मैनेज ना होने पर देख लेने की धमकी भिजवाई जाने लगी धमकियों से आहत संवाददाता ने सीएम पोर्टल समेत एसडीएम सदर से मामले की लिखित शिकायत कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# यूरिया की किल्लत से किसान परेशान, सोसाइटी पर लग रही लम्बी लम्बी लाइनें।

**● सिोसायटी पर आ रही यूरिया किसानों के लिए ऊंट के मुँह में जीरा साबित हो रही।**

**●घण्टों लाइनों में खड़े होने के बाद भी किसानो को नहीं मिल पा रही यूरिया।**

**स्वतंत्र प्रभात**

**सिंगाही खीरी।** क्षेत्र में यूरिया की कमी के कारण किसानों को परेशानी हो रही है, जिसके कारण खाद की दुकानों व सोसाइटियों पर लंबी कतारें लग रही हैं। किसानों को यूरिया खाद प्राप्त करने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, और कुछ प्राइवेट दुकानदारों के यहां पर कालाबाजारी भी हो रही है, जहां यूरिया अधिक कीमतों पर बेंची जा रही है। सिंगाही क्षेत्र की बहुउद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण समिति खैरीगढ़ केंद्र पर शुक्रवार को यूरिया खाद के लिए सुबह से ही किसानों की लंबी लाइन देखने को मिली। बीते करीब दो सप्ताह से खाद न मिलने के कारण किसानों में बेचैनी बनी हुई थी। जैसे ही बुधवार को यूरिया खाद की नई खेप केंद्र पर पहुंची, गुरुवार सुबह तड़के ही चेक वाले किसानों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। शुक्रवार को नगद खाद प्राप्त करने वालों की सुबह से ही लम्बी लाइनें लग गयी। खाद की उपलब्धता की सूचना मिलते ही सोसाइटी क्षेत्र के किसान केंद्र पर जुटने लगे। कुछ किसान तो सोसाइटी खुलने के पहले से ही केंद्र के पास लाइन में लग गए थे ताकि उन्हें समय पर खाद मिल सके। भीड़ को देखते हुए सोसाइटी सचिव को स्थानीय प्रशासन का सहयोग लेना पड़ा।भीड़ ने बताया की सुबह से लाइन में घंटों खड़े रहने के बाद भी उन्हें खाद नहीं मिल सकी है क्योकि सुबह से केवल 50 टोकन ही बंटे जिसमे टोकन वालों को ही नहीं मिल सकी खाद। किसानों



ने बताया कि धान की रोपाई के बाद ही खाद की जरूरत सबसे अधिक होती है। खाद की किल्लत से फसल की तैयारी प्रभावित हो रही थी, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई थी। जिन्हें खाद मिल गयी उन्हें तो कुछ राहत मिली लेकिन जिन्हें नही मिल सकी वो किसान अब भी परेशान है। मांग के अनुरूप आपूर्ति अभी भी कम बताई जा रही है। सोसाइटियों पर जो खेप पहुंच रही है वो ऊंट के मुंह मे जीरा साबित हो रही।

# आबादी की जमीन से अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग।

**● लेखपाल और नगर पंचायत ईओ की धनलोलुपता के चलते नहीं हट पा रहा सरकारी जमीनों से अवैध कब्जा।**

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी।** तहसील सदर लखीमपुर के जिम्मेदारों की लापरवाही और धनलोलुपता के चलते शासन के आदेशों का खुला मजाक उड़ाया जा रहा है। नगर पंचायत ईओ और क्षेत्रीय लेखपाल पर लगातार चढ़ रहे चढ़ावे के चलते अवैध कब्जा धारक बाबूराम की ताल पर थिरकते हुए नजर आ रहे हैं। उक्त आरोप मेरे नहीं है। शिकायतकर्ता और दर्जनों ग्रामीणों द्वारा लगाए जा रहे हैं। साक्ष्यों पर आधारित खबर की बात करें तो ऑनलाइन शिकायतों की जांच किए बगैर फर्जी मनघड़ंत आख्या लगाकर शिकायतों का निस्तारण किया जाना। जन चर्चा का विषय बना हुआ है। मामला नगर पंचायत ओयल तहसील सदर लखीमपुर सदर का है यहां के पेट्रोल पंप मालिक बाबूराम द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके पेट्रोल पंप और पक्की दुकानें बना लिए जाने और अपने चहेते पेट्रोल पंप मालिक से सुविधा शुल्क लेकर भ्रष्टाचार करने की खुली छूट देने का मामला जन चर्चा का विषय बना हुआ है। आपको बताते चलें कि जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आबादी की जमीन पर बनी पेट्रोल पंप और दुकानों से कब्जा हटाए जाने की मांग की थी। लेकिन आज तक ना तो पेट्रोल पंप हटाई गई और नाही दुकान हटाई गई। सिर्फ हुआ है तो दुकानों का विकास हुआ है। आज आबादी की भूमि पर पक्की दुकानें बनी हुई है। आखिर किन परिस्थितियों में शिकायत में फर्जी एवं मनघड़ंत आख्या लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह किया जा रहा है। अगर जिलाधिकारी द्वारा कराई जाएं किसी सक्षम अधिकारी द्वारा जांच तो ओयल ढखवा में हो रहे भ्रष्टाचार पर होगा बड़ा खुलासा।जिससे नगर पंचायत ईओ और क्षेत्रीय लेखपाल के किए गए भ्रष्टाचार का होगा पर्दाफाश। फिलहाल अब देखना यह होगा कि क्या ओयल ढखवा मे हुई सरकारी जमीनों से कब्जा हटेगा यह फिर भारी भरकर चढ़ाएं गये चढ़ावे के चलते मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। इस संबंध में साहब से फोन द्वारा बात की गई तो उन्होंने बताया कि खबरों के माध्यम से मामला मेरे संज्ञान में आया है। इस मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी।

# कुकुरा साधन सहकारी समिति में भ्रष्टाचार का मामला

**●तत्कालीन समिति एम डी अतीक अहमद के काले कारनामों की खुली पोल**

**लोन खाता बंद करने के नाम पर 30000 लेने के बाद खाता बंद किए बगैर डकार गए किसान का पैसा**

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी** जनपद की तहसील गोला के अंतर्गत कुकुरा साधन सहकारी समिति के एम डी अतीक अहमद द्वारा किसान रविंद्र पुत्र पलटे राम निवासी ग्राम जटपुरा थाना मैलानी से लोन खाता बंद करने के नाम पर 30000 रुपए डकार लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है ।पीड़ित किसान द्वारा लगातार शासन प्रशासन से शिकायत दर शिकायत कर अपना खाता बंद कराया जाने की गुहार लगाई है। घटना माह जून 2024 की है जब कुकुरा समिति के एमडी अतीक अहमद किसान रविंद्र कुमार पुत्र पलटे राम के घर आए और 30000 देकर खाता बंद कर लेने की बात कही अनपढ़ किसान रविंद्र उक्त एमडी के झांसे में आकर 30000 नगद दे दिया । किसान से लिया गया 30000 उसके खाते में न जमा कर हजम कर लिया गया और खाता बंद नहीं किया गया। किसान उस समय दंग रह गया जब उसके दरवाजे रिकवरी का नोटिस आया। तो उसके पैरों के तले की जमीन खिसक गई और अपने को ठगा महसूस करते हुए जब एम डी अतीक अहमद से अपना पैसा वापस मांगा तो उक्त एम डी अतीक अहमद आमादा फौजदारी हो गया जिससे आहत पीड़ित किसान रविंद्र ने मामले की जिलाधिकारी खीरी से दर्जनों शिकायत की जिसकी जांच ए. डी सी ओ यशवंत ने की और फर्जी जांच रिपोर्ट लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह करता आ रहा है। कई शिकायतों के बाद अपनी गर्दन फसते देख किसान के खाते का पलटा कर दिया गया पर आज तक खाता बंद नहीं किया गया और ना ही लिया गया 30000 ही वापस किया जा रहा है। किसान का आरोप है कि यशवंत और सचिव की मिलीभगत से यह खेल खेला गया है ।यदि ए.डी.सी.ओ.यशवंत ने की होती शक्ति तो शायद किसान का खाता काफी समय पहले बंद हो गया होता।

# जुगुरता से शीलावती बनकर हड़पी लाखों की जमीन

**●शीलावती की मृत्यु के बाद पुनः कैसे पैदा हो गई शीलावती**

**यदि कराई जाए मामले की निष्पक्ष जांच तो होगा एक बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा और कई राजस्व पंचायत कर्मियों पर गिरेगी गाज**

**क्षेत्रीय लेखपाल और कानूनगो सहित नायब तहसीलदार द्वारा खेला गया फर्जीबाड़े का खेल पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक व जिला अधिकारी से लगाई न्याय की गुहार**

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी** जनपद की तहसील गोला के अंतर्गत विकासखंड बांकेगंज थाना मैलानी क्षेत्र के ग्राम हरदुआ में एक बड़े भ्रष्टाचार एवं फर्जीवाडे का मामला प्रकाश में आया है। सूत्र बताते हैं की तहसील गोला के अंतर्गत ग्राम हरदुआ निवासी लक्ष्मी देवी पत्नी स्वर्गीय सोनू पुत्र बालक राम ने जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में तहसील प्रशासन और पंचायत कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में लक्ष्मी देवी पत्नी स्वर्गीय सोनू का आरोप है उसके ससुर बालक राम की शादी शीलावती के साथ हुई थी।उक्त दोनों के संसर्ग से एक पुत्र सोनू पुत्र बालक राम का जन्म हुआ था। शीलावती की मृत्यु सोनू को जन्म देने के समय हो गई थी ,इसके बाद ससुर बालक राम एक दूसरी जगह ब्याही औरत जुगुरता देवी को भगाकर लाया और शादी कर ली। शीलावती के मायके में इनके कोई भाई बहन नहीं थी। शीलावती अपने पिता की इकलौती संतान थी। इस वजह से उसे लगभग 16 बीघा जमीन मायके में मिली थी जो शीलावती के नाम दर्ज कागजात थी। उक्त जमीन को हड़पने की मनसा से ससुर बालक राम व सास जुगुरता ने तहसील प्रशासन और पंचायत कर्मियों से सेटिंग गेटिंग करके जुगरता को फर्जी एवं कूटरचित अभिलेख तैयार कर जुगुरता से शीलावती बना दिया गया ।आधार कार्ड, वोटर आईडी व परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज करवाकर भारी भ्रष्टाचार किया गया है। सबसे अहम सवाल यह है कि जब शीलावती की मृत्यु हो गई तो दोबारा शीलावती का जन्म कब और कहां हुआ यह यक्ष प्रश्न सभी के दिलों दिमाग पर घर किए हुए हैं। लक्ष्मी देवी का आरोप है उसके पति स्वर्गीय सोनू से एक 5 वर्षीय पुत्री का जन्म हुआ जो अपने पिता की इकलौती बारिश है उक्त जमीन मृतक शीलावती के मायके पक्ष से उसको मिली थी और उसके नाम दर्ज कागजात थी । शीलावती की मृत्यु होने के बाद सोनू के नाम आनी चाहिए, और सोनू की मृत्यु होने के बाद सोनू की इकलौती बारिश सोनू की पुत्री का अधिकार बनता है। इस आधार पर उक्त जमीन पर सोनू का पूर्ण अधिकार बनता है और सोनू की मृत्यु के बाद उसकी इकलौती बारिश सोनू की 5 वर्षीय पुत्री का विधिक अधिकार बनता है लेकिन भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे तहसील प्रशासन और पंचायत कर्मियों द्वारा नियम कानून को ताक पर रखकर विधि विरुद्ध तरीके से खेल करके फर्जीबड़ा कर अनुचित लाभ देने का काम किया गया है।यदि मामले की जांच टीम गठित कर कराई जाए निष्पक्ष जांच तो छल कपट पूर्ण एवं धोखाधड़ी और धोखाधड़ी की पोल खुलकर आएगी सामने और कई जिम्मेदारों पर आएगी कार्यवाही की आंच ।

इस संबंध में जब राजस्व निरीक्षक गोला से जानकारी लेने पर उन्होंने कहा मामला मेरे संज्ञान में नहीं है वही नायब तहसीलदार से जब जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उनसे बात नही हो पाने के चलते उनके पक्ष की जानकारी नहीं हो सकी।

# भारी वर्षा से मंदाकिनी में जलस्तर वृद्धि, प्रशासन ने किया रामघाट का निरीक्षण

**स्वतंत्र प्रभात**



**चित्रकूट ब्यूरो**ः रात्रि में हुई भारी वर्षा के कारण मंदाकिनी नदी में बढ़े जलस्तर को देखते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम ने मंदाकिनी नदी रामघाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कलेक्ट्रेट में बाढ़ संबंधी नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बढ़ते जलस्तर से प्रभावित लोगों के लिए भोजन और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगर पालिका परिषद कर्वी के अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि जैसे-जैसे जलस्तर कम होता जाए, प्रभावित क्षेत्रों की साफ-सफाई कराई जाए और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जाए। उन्होंने आए हुए श्रद्धालुओं से अपील की कि मंदाकिनी नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण बाहर ही स्नान करें। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर बाढ़ की व्यवस्थाओं पर नजर रखें तथा जहां भी आवश्यकता हो समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे। बाढ़ की जानकारी मिलने पर मण्डलायुक्त अजीत कुमार एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस ने रामघाट, निर्मोही अखाड़ा सहित अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया तथा सुरक्षा व्यवस्था की जांच-पड़ताल की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल आदि मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल के पर्यवेक्षण में कोतवाली कर्वी के अन्तर्गत चौकी सीतापुर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र रामघाट, निर्मोही अखाड़ा आदि की ड्रोन कैमरे से निगरानी की गयी।

# सोच से ही इंसान अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है- इमरान अली

**स्वतंत्र प्रभात**



**चित्रकूट ब्यूरो:** इमरान अली इस समय ''प्यार बिना सब सुना'' की चित्रकूट में शूटिंग कर रहे है। जिनसे कुछ इस तरह संवाद हुए

» आप इस समय कौन सी फिल्म बना रहे है और इसकी कहानी क्या है?

इस समय ''प्यार बिना सब सुना '' फिल्म का निर्माण हो रहा है जो एक बॉलीवुड फिल्म है, और फिल्म की कहानी एक सैलून चलाने वाले युवक के इर्द गिर्द घूमती है और ये कहानी बहुत ही मजेदार है।

» यह फिल्म किस प्रोडक्शन हाउस एवं इसके निर्माता कौन है?

इस फिल्म का निर्माण शिव कृष्णा एंटरटेनमेंट बैनर से हो रहा है और इसके निर्माता संजय प्रताप सिंह है।

» आप की अभी तक कितनी फिल्म बना चुके है?

यह मेरी तीसरी फिल्म है डायरेक्टर के तौर पर इसके पहले 35 फिल्मों में सह निर्देशक के तौर पर काम कर चुके है।

» आपने फिल्मों में कब कदम रखा?

2014 से फिल्म इंडस्ट्री में इंट्री की और सुजीत कुमार सिंह हमें आगे बढ़ने का रास्ता बताया और उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला।

» प्यार बिना सुना फिल्म कब तक रिलीज होंगी?

फिल्म पूरी होते ही पोस्ट प्रोडक्शन का काम स्टार्ट हो जायेगा और जल्द ओ टी टी पे रिलीज हो जाएगी।

# स्थानांतरण की समस्या को लेकर शिक्षकों ने किया धरना प्रदर्शन

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखनऊ/अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट द्वारा शिक्षा निदेशालय लखनऊ में ऑफलाइन स्थानांतण को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया।इस दौरान पूर्व एमएलसी एवं अध्यक्ष उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ सुरेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में ये कार्यक्रम रखा गया जहां पर मंच का संचालन महामंत्री नरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा किया गया।यहां पर एमएलसी,नेता शिक्षक दल विधान परिषद एवं सभापति ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जब तक लिखित रूप में उन्हें स्थानांतरण के संबंध में आदेश नहीं मिल जाता तब तक धरना जारी रहेगा और जेल भरो आंदोलन किया जाएगा।वहीं अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि वह जेल जाएंगे अन्यथा स्थानांतरण का आदेश लेकर जाएंगे।

इस अवसर पर डॉ.प्रमोद कुमार मिश्र, प्रदेश उपाध्यक्ष, रमेश चंद शर्मा, इंद्रासन सिंह पूर्व महामंत्री एवं विभिन्न जिलों के जिला अध्यक्ष एवं मंत्री ने अपने विचार रखे साथ ही इस धरने पर हजारों की संख्या में प्रधानाचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।धरने पर शिक्षा निदेशक डॉक्टर महेंद्र देव उपस्थित हुए और उन्होंने लिखित रूप में आश्वासन दिया कि शिक्षा मंत्री से वार्ता करके शीघ्र ही स्थानांतरण पर विचार किया जाएगा और ये लिखित में आश्वासन मिलने के उपरांत ही अध्यक्ष ने धरना समाप्त करने की घोषणा की। इस अवसर पर मेरठ के शिक्षकों के प्रकरणों का ज्ञापन शिक्षा निदेशक डॉ.महेंद्र देव को दिया गया और शिक्षा निदेशक ने शीघ्र ही कार्यवाही का आश्वासन दिया।इस धरने में अलीगढ़ से प्रांतीय मंत्री देवेंद्र कुमार यादव और जिला मंत्री मोहित जैन उपस्थित रहे।

# काम में लापरवाह उपायुक्त उद्योग को डीएम ने दी बैड इंट्री

**●अधिशासी अभियंता लोनिवि को भी मिली प्रतिकूल प्रविष्टि**

**स्वतंत्र प्रभात**




**चित्रकूट ब्यूरो:** सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से निर्गत विकास कार्यों को लेकर लापरवाही करने के मामले में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जिला उद्योग केन्द्र के उपायुक्त संदीप कुमार केशरवानी और लोनिवि के अधिशासी अभियंता अखिलेश कुमार को प्रतिकूल प्रविष्टि दे दी है। डीएम ने बताया कि सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से निर्गत विकास कार्यों की प्रगति पुस्तिका माह जून के अनुसार जिला उद्योग केन्द्र के उपायुक्त को विभागीय कार्यक्रम ओडीओपी टूल किट योजना में चित्रकूट को शून्य अंक प्राप्त हुए एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में दो अंक के साथ डी ग्रेड प्राप्त हुआ। पिछले माह भी इस विभाग की योजनाओं में जनपद की प्रगति अत्यंत न्यून थी। इसी प्रकार लोनिवि के विभागीय विकास कार्यक्रम के तहत नई सड़कों के निर्माण एवं अनुरक्षण में चित्रकूट को क्रमशः एक व दो अंक के साथ डी-ग्रेड प्राप्त हुआ है। इन दोनों विकास कार्यक्रमों में अपेक्षित उपलब्धि प्राप्त न होने पर जिले की ओवरआल रैंकिंग में विपरीत प्रभाव पड़ा है। डीएम ने बताया कि पूर्व में भी वह समीक्षा बैठकों में सभी विभागीय अधिकारियों को इसमें सुधार लाने के लिए कह चुके है। इसके बावजूद इन दोनों अधिकारियों द्वारा पदीय दायित्वों के प्रति संवेदनशीलता न रखते हुए कार्यों के प्रति शिथिलता एवं लापरवाही की गई है। ऐसे में उपायुक्त उद्योग संदीप कुमार केशरवानी और अधिशासी अभियंता लोनिवि अखिलेश कुमार की भर्त्सना करते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है।

# व्यापारियों ने मनाया कैबिनेट मंत्री नंदी का पुनर्जन्म उत्सव, बांटी मिठाईयां

**स्वतंत्र प्रभात**



**चित्रकूट ब्यूरो:** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल 'नंदी' का पुनर्जन्म उत्सव शनिवार को कर्वी तहसील स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर मनाया गया। इस दौरान मंदिर में पूजा-अर्चना कर लोगों को मिठाई का वितरण किया गया। मंदिर परिसर में मंत्री प्रतिनिधि प्रकाश चन्द्र के सहित व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों एवं जनता ने हवन-पूजन कर भगवान शिव का रूद्राभिषेक किया। इसके साथ ही भण्डारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही मिठाई का भी वितरण किया गया। बताया गया कि बीती 12 जुलाई 2010 को उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मंत्री नंद गोपाल 'नंदी' के ऊपर राजनीतिक द्वेष व ईर्ष्या के कारण आरडीएक्स रिमोट बम से जानलेवा हमला किया गया था।

जिसमें एक पत्रकार व एक सुरक्षा गार्ड की मौके पर ही मौत हो गई तथा मंत्री नंदी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हमले का उद्देश्य न केवल मंत्री नंदी, बल्कि समस्त व्यापारी समुदाय का दमन करना था, परन्तु इस हमले से न तो मंत्री नंदी का साहस टूटा, न ही उनके प्रशंसकों का, बल्कि उनका साहस और भी बढ़ गया। जिसके बाद न केवल प्रयागराज, बल्कि संपूर्ण उत्तर प्रदेश के समाज के सभी वर्गो के लोगों ने हवन-पूजन व रुद्राभिषेक कर मंत्री के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। जिसके बाद लगभग सात माह बाद मंत्री नंदी पूरी तरह स्वस्थ होकर वापस अपने लोगों के बीच पहुँचे, तो पूरे समाज ने उनका स्वागत किया। इसके बाद से पूरे प्रदेश में प्रशंसकों द्वारा 12 जुलाई को मंत्री नंदी का पुनर्जन्म उत्सव का आयोजन किया जाता है।

इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, महामंत्री गुलाब गुप्ता, प्रदेश मंत्री ओम केशरवानी, व्यापार मंडल के युवा जिलाध्यक्ष अंकित केशरवानी, आशुतोष केशरवानी, सत्यम केशरवानी, भाजपा नेता रवि गुप्ता, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, शुभम केशरवानी, अंकुर केशरवानी, यशु केशरवानी, आयुष गुप्ता, विवेक अग्रहरि, निखिल केशरवानी, दीपक दिवेदी, सोनू खंगार, अतुल केशरवानी, दिनेश केशरवानी, विक्रम, ऋषि आर्य, विनीत पयासी, लवकुश यादव, शैलेन्द्र सोनी, पवन बद्री, अनिल गुप्ता, दिलीप, राहुल गुप्ता, विष्णु गुप्ता, संचित अग्रवाल, बार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, राकेश केशरवानी, अनंतराम केशरवानी आदि मौजूद रहे।

# पत्नी पर शक के चलते पति ने गर्दन काटी


**अलीगढ़।** थाना बन्नादेवी क्षेत्र के बरौला जाफराबाद में एक युवक ने ब्लेड से खुद की गर्दन पर वार कर लिया। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पत्नी पर शक करने के चलते उसने यह कदम उठाया। बरौला जाफराबाद निवासी युवक की पत्नी मेले में सामान बेचतीं हैं। आरोप है कि पत्नी देर से घर लौटती है। इस पर वह उस पर शक करता है। विरोध करने पर दोनों के बीच विवाद हो गया। तभी युवक ने ब्लेड से खुद की गर्दन रेत ली। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालत गंभीर बनी हुई है।

# संक्षिप्त खबरें

## बिहरोजपुर में सिद्धेश्वर महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व निकाली गई शोभायात्रा

**भदोही।** गोपीगंज क्षेत्र के बिहरोजपुर गांव में स्थित मां सिद्धिदात्री के प्रांगण में सिद्धेश्वर महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा शुक्रवार को की गई। प्राण प्रतिष्ठा के पहले भव्य और विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो पुरे गांव में भ्रमण करते हुए मां गंगा घाट पर विधि विधान से पूजन किया गया। सिद्धेश्वर महादेव के प्राण प्रतिष्ठा के उपरंत दस दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं। जहां श्री शतचंडी पाठ और महा मृत्युन्जय जप का आयोजन किया गया हैं। 22 जुलाई को भव्य प्रसाद और भंडारा का आयोजन किया गया हैं। पंडित गुलाब चंद मिश्रा और पंडित रामधनी मिश्रा ने लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की हैं।

## बहरामगंज में हादसों की सड़क गड्ढे में डूबी जिम्मेदारियाँ



**जमुई, मिर्जापुर।** चुनार नगर पालिका अंतर्गत मोहल्ला बहरामगंज इंडियन गैस गोदाम चौराहा बरसात का मौसम शुरू होते ही यह मुख्य मार्ग तालाब में तब्दील हो जाता हैं। जो रास्ता थाना चुनार, गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल, पोस्ट ऑफिस, और मुख्य बाजार से जोड़ता है वहीं आज राहगीरों के लिए खतरे की घंटी बन चुका है। छात्राएं, बुजुर्ग, महिलाएं और गैस सिलेंडर लेने आए लोग हर दिन गिरते-फिसलते हैं। दोपहिया वाहन चालक भी अक्सर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। चुनार रेलवे क्रॉसिंग बंद होने पर यही एकमात्र वैकल्पिक मार्ग है, लेकिन हाल देखिए कीचड़, गड्ढे और पानी का मंजर मानो प्रशासन को दिखता ही नहीं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अगर कोई जनप्रतिनिधि यहां से रोज़ गुज़रता होता तो कब का यह सड़क बन चुकी होती। लगता है जनता की आवाज़ को जानबूझकर अनसुना किया जा रहा है। नगर अध्यक्ष और सभासद से कह कह कर थक चुके हैं स्थानीय लोग लेकिन उनके कान पर जू तक नहीं रेंगते जैसे ये गूंगे के साथ साथ बहरे भी हैं इनको केवल वोट लेते समय सब याद आते हैं। सवाल यही है क्या किसी बच्चे के गड्ढे में डूबने या किसी बुजुर्ग के घायल होने के बाद ही ये सड़क बनेगी। क्या नगर पालिका, पी डब्लू डी या जिला प्रशासन को यह दृश्य नहीं दिखता।

## रेलवे लाइन पर प्रेमी युगल का शव बरामद होने से मचा हडकंप



**मीरजापुर, गैपुरा।** जिगना थाना क्षेत्र के चड़ेरू चौकठा गाँव के सामने बीती रात रेलवे लाइन पर प्रेमी युगल का शव बरामद होने से हड़कंप मच गया। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर रात्रि में ही मोर्चरी हाउस भैज दिया। प्रयागराज जिले के मांडा थाना क्षेत्र के महेवा गाँव निवासी शिवम सोनकर 21 वर्ष पुत्र नंदलाल तथा मांडा थाना क्षेत्र के चकडीहा गाँव की अंजली 19 वर्ष पुत्री राजेश वर्मा के रूप में शवों की पहचान की गई। युवक युवती की मौत की खबर सुनते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। युवक के पिता नंदलाल सोनकर ने बताया कि बेटा नई दिल्ली में मारुति कंपनी में काम करता था। एक सप्ताह पहले गाँव आया था। युवती के पिता ने बताया कि बेटी अक्सर गायब हो जाती थी। मृतक शिवम तीन भाई दो बहनों में दूसरे नंबर पर था। मृतका अंजली दो भाई व चार बहनों में तीसरे नंबर पर था। थाना प्रभारी अभय सिंह ने बताया कि बीती रात रेलवे लाइन पर अज्ञात युवक व युवती का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। शव मोर्चरी हाउस भेज दिया गया।

## दस फिट लम्बा अजगर बरामदे में घुसा,अफरातफरी

**जिगना।** क्षेत्र के नरोइया गांव में लगभग दस फिट लम्बा अजगर एक बरामदे में दिखने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम पकड़कर विजयपुर पहाड़ी पर छोड़ दिया। गांव निवासी महेंद्र गिरी के बरामदे में शुक्रवार की रात में एक दस फिट का अजगर घुसकर तखत के निचे बैठ गया था घर की महिलाएं सुबह लगभग पांच बजे भोर झाडू लगाने तखत के निचे झुकी तो अजगर देख चिखने चिल्लाने लगी। चिखने की आवाज सुनकर परिवार व पास पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम पकड़कर विजयपुर पहाड़ी पर छोड़ दिया। वन दरोगा अनुपम पाण्डेय ने बताया की सूचना पर वन विभाग की टीम से वन दरोगा अवधेश कुमार, वाचर उमाशंकर मौर्य, राम कुमार ने पहुंच कर उसे विजयपुर पहाड़ी पर सुरक्षित छोड़ दिया।

# स्पोर्ट स्टेडियम भदोही में हैंडबॉल जूनियर बालक प्रतियोगिता का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही** आज दिनांक 11 जुलाई 2025 को स्पोर्ट स्टेडियम भदोही में हैंडबॉल जूनियर बालक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 6 टीमों ने प्रतिभा किया। प्रतियोगिता का पहला मैच गोपीगंज भदोही बनाम जोगिंक भदोही के मध्य खेला गया जिसमें गोपीगंज 01-00 से विजई रही। दूसरा मैच यंग स्पोर्टिंग क्लब बनाम भदोही क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें यंग स्पोर्टिंग क्लब 4-0 से विजेता रही। पहले सेमी फाइनल मैच नवोदय विद्यालय ज्ञानपुर ज्ञानपुर भदोही एवं गोपीगंज भदोही के मध्य खेला गया जिसमें नवोदय विद्यालय ज्ञानपुर 09-07 से बिजी रही। दूसरा सेमीफाइनल मैच स्टेडियम बनाम यंग स्पोर्टिंग क्लब के मध्य हुआ जिसमें स्टेडियम 5-3 से विजई रही। प्रतियोगिता का फाइनल मैच नवोदय विद्यालय ज्ञानपुर बनाम स्टेडियम के मध्य खेला गया जिसमें नवोदय विद्यालय ज्ञानपुर 06-03 से विजय होकर प्रतियोगिता का फाइनल मैच अपने नाम किया।

वहीं दूसरी और कुश्ती वाला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका परिणाम निम्न है। 57 केजी में साहिल यादव प्रथम रेहान अली द्वितीय आकाश एवं कौशल तृतीय, 61 केजी भार वर्ग में हिमांशु प्रथम वन द्वितीय शिवराज एवं आर्य राय तृतीय स्थान, 65 केजी भार वर्ग में यशवंत यादव प्रथम हिमांशु यादव द्वितीय आदित्य एवं जतिन तृतीय स्थान, 70 केजी भार वर्ग में संदीप बिना प्रथम अनूप गौतम द्वितीय जतिन एवं अनूप तिवारी तृतीय स्थान, 74 केजी भार वर्ग में अमित यादव प्रथम देवेंद्र मौर्य आदित्य प्रदीप बिंद् एवं सत्यम सरोज तृतीय स्थान, 79 केजी भार वर्ग में विकास यादव प्रथम आनंद यादव द्वितीय अतुल सिंह एवं कृष्ण तृतीय स्थान, 86 केजी भार वर्ग में विवेक सिंह प्रथम चंदन द्वितीय संदीप सरोज एवं ओम गौतम तृतीय स्थान, 92 क भर भर में प्रशांत कुमार प्रथम रोशन यादव द्वितीय संजय यादव एवं सुमित तृतीय स्थान, 97 केजी भार वर्ग में शुभम सरोज प्रथम विशाल बिन द्वितीय आकाश पाल एवं संदीप पाल तृतीय स्थान एवं 125 केजी भार वर्ग में आयुष प्रथम कृष्ण यादव द्वितीय रवि एवं राजकुमार तृतीय स्थान प्राप्त किया। उक्त प्रतियोगिता का उद्घाटन एवं पुरस्कार वितरण श्री धर्मेंद्र कुमार उप क्रीड़ा अधिकारी जिला खेल कार्यालय भदोही द्वारा बच्चों से परिचय प्राप्त कर किया गया।

# परमहंस आश्रम शक्तेशगढ़ में गुरु पूर्णिमा पर्व का श्रद्धा,भक्ति के साथ हुआ समापन

● वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में प्रशासनिक व्यवस्था रही चुस्त दुरुस्त

लगभग 14 लाख श्रद्धालु हुए शामिल।



स्वतंत्र प्रभात

**चुनार, मिर्जापुर।** शुक्रवार को देर शाम परमहंस आश्रम सक्तेशगढ़ में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का समापन श्रद्धा भक्ति और भावनाओं के साथ सम्पन्न हुआ।गुरु पूर्णिमा के आयोजन में देश विदेश से लगभग 14 लाख श्रद्धालु, साधक और संत शामिल हुए।कार्यक्रम में परमहंस आश्रम के छोटे महाराज नारद जी की उपस्थिति में सभी भक्तों और कार्यकर्ताओं को आध्यात्मिक ऊर्जा और प्रेरणा से भर दिया। गुरु पूर्णिमा के समापन के दौरान स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज के दर्शन कर लाखों श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में शीश झुकाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। यह क्षण बेहद भावुक और आंतरिक रूप से उर्जा देने वाला रहा। कार्यक्रम के अंत में नारद जी महाराज ने सभी श्रद्धालुओं से कहा कि आप लोग गुरु से ज्ञान और मार्गदर्शन को अपने जीवन में उतारे प्रतिदिन अपने कार्यों और व्यवहार में सुधार करें और आध्यात्मिक उन्नति के दिशा में आगे बढ़ते रहें।

नारदजी महाराज ने कहा कि इतने बड़े आयोजन को सफल बनाने में मिर्जापुर जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन ने मुख्य भूमिका निभाई । साथ ही उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ,क्षेत्राधिकारी मंजरी राव और कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य को जो जिम्मेदारी दे रखी थी उसका पालन करते हुए सभी ने व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखा। कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य ने चप्पे-चप्पे पर बैरिकेडिंग व्यवस्था कर रखी थी, जिससे भक्त जनों को महाराज जी का दर्शन पाने में कोई असुविधा नहीं हुई।इस वर्ष का आयोजन ऐतिहासिक रहा।उन्होंने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित संपन्न करने के लिए पुलिस प्रशासन,जिला प्रशासन सहित समस्त विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।।अंत में अंगवस्त्र और प्रसाद के साथ भक्तों को सम्मानपूर्वक विदाई की गई।

# श्रावण मास/कावड़ यात्रा को सुरक्षित/सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत डीएम व एसपी ने कांवड़ मार्गो का भ्रमण/निरीक्षण

● पुलिस प्रबंधन,रूट डायवर्जन/ व अन्य व्यवस्थाओं लिया जायजा

आरक्षित उत्तरी लेन पर,कांवरियों का सुगम यात्रा शुभारंभ - जिलाधिकारी

कांवड़ मार्गों पर स्थित ढ़ाबो, रेस्टोरेंटों, जलपान दुकानों के संचालक निर्धारित रेट सूची सहित शुद्ध व ताजा खाद्य पदार्थ ही बेचें - डीएम

सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लेते हुए ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश- एसपी



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** 12 जुलाई 2025 जिलाधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा श्रावण मास/कांवड़ यात्रा को सुरक्षित/सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद भदोही अंतर्गत कांवड़ मार्गो प्रयागराज बॉर्डर(भीटी), लालानगर टोल प्लाजा आदि स्थानों का भ्रमण/निरीक्षण कर पुलिस प्रबंधन रूट डायवर्जन/यातायात व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।कांवड़ यात्रा रुट व बैरियर ड्यूटी चेक कर ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों को कांवड़ यात्रा हेतु निर्धारित उत्तरी लेन पर वाहनों के आवागमन पर पूर्णतया रोक लगाने हेतु दिए गए निर्देश।

कांवड़ मार्गो, लाला नगर टोल प्लाजा स्थित ढ़ाबो, रेस्टोरेंटों, जलपान दुकानों पर खाद्य पदार्थों के गुणवक्ता/स्वछता का निरीक्षण कर निर्धारित मूल्य पर ही खाद्य पदार्थ विक्रय करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सभी खाद्य पदार्थ दुकानदारों को सख्त निर्देशित किया कि निर्धारित रेट सूची सहित ताजा व शुद्ध खाद्य पदार्थ ही बेचें। किचेन में भी पर्याप्त साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें। मिलावटी,अपमिश्रण या बासी खाद्य पदार्थ पाए जाने पर दुकान को सीज करते हुए विधिक कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने निरीक्षण के दौरान कहा कि कांवड़ यात्रा के निर्धारित मार्गो, शिविरों व शिवालयों के पास गंदगी न हो, पेय जलापूर्ति व रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था हो। सभी नगरीय निकाय व विकासखंड सफाई व्यवस्था और पेय जलापूर्ति का विशेष ध्यान रखें। कावड़ यात्रा मार्गो और शिवालयों के पास श्रद्धालुओं को संचारी रोगों, मच्छर जनित बीमारियों से बचाने के लिए चूना, ब्लीचिंग पाउडर और दवा का छिड़काव कराए ।कांवड़ यात्रा मार्गो पर विद्युत व्यवस्था, लाइन और पोल व्यवस्थित रहे, बिजली के स्पर्शाघात से कोई घटना घटित न हो, इसके लिए सभी प्रबंध किए जाएं। डीएम ने शिवालयों, पूजास्थल परिसरो व इसके आस पास क्षेत्रों में तथा वहां को जाने वाली सड़कों, गलियों की बेहतर साफ सफाई, पेय जलापूर्ति के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश दिए। कांवड़ यात्रा मार्गो और शिवालियों के पास मोबाइल टॉयलेट स्थापित किए जाएं, मार्गो पर पड़ने वाले सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों की साफ सफाई पर ध्यान दें। कांवड़ यात्रा मार्गो वाले सभी नगरीय निकायों में क्विक रिस्पांस टीम को एक्टिव रखें। कूड़ा कचरा इधर-उधर न फैले कांवड़ यात्रा मार्गो और शिवालियों के पास डस्टबिन रखवाए जाय।

श्रावण मास कावड़ यात्रा के दृष्टिगत राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। सम्पूर्ण जनपदीय राजमार्ग क्षेत्र के चप्पे-चप्पे पर प्रशासनिक अधिकारियों सहित पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों की चेकिंग करते हुए उन्हें सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों के निर्वहन एवं ड्यूटी के दौरान कर्तव्य पालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कांवरियों के लिए आरक्षित राष्ट्रीय राजमार्ग के उत्तरी लेन पर किसी भी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर पूर्णतयाः प्रतिबंध लगाया गया है। वाहनों को रोके जाने के दौरान किसी भी व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार न किए जाने निर्देश दिये गए। समस्त जोनल/सेक्टर प्रभारियों व संबंधित सेक्टर के चेकिंग अधिकारियों को ड्यूटियों की पॉइंटवार चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया।

# अधिदर्शक की पुण्यतिथि पर आयोजित हुई कवि गोष्ठी

स्वतंत्र प्रभात




**मिर्जापुर।** त्रिवेणी संस्था और हिंदी श्री साहित्य संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में साहित्यकार व पत्रकार स्व. अधिदर्शक की प्रथम पुण्यतिथि पर विचार व काव्य गोष्ठी का आयोजन बरिया घाट स्थित द सिटी लॉन में हुआ। मुख्य अतिथि डॉ एस एन पाठक रहे व अध्यक्षता रविन्द्र कुमार पाण्डेय सरल ने किया। प्रसिद्ध नवगीतकार गणेश गंभीर, लल्लू तिवारी, राजपति ओझा और मुहीब मिर्जापुरी विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन आनंद अमित और अनिल यादव ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों ने मां सरस्वती और स्व अधिदर्शक की प्रतिमा का माल्यार्पण करके किया। सृष्टि राज ने मां सरस्वती की वंदना की। स्व अधिदर्शक के परिवार से उनके पुत्र कवि योगेश चतुर्वेदी ने कविता पढ़कर अपने पिता को याद किया। स्व अधिदर्शक की बहन स्नेहलता पाण्डेय व पुत्री जया पाठक, पुत्र वधू आस्था चतुर्वेदी और पूजा पाण्डेय ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। उपस्थित सभी साहित्यकारों ने स्व अधिदर्शक को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

अपने वक्तव्य में मुख्य अतिथि डॉ एस एन पाठक ने कहा कि स्व अधिदर्शक ने संघर्षपूर्ण जीवन व्यतीत किया लेकिन झुके नहीं। उनकी रचनाओं में उनका संघर्ष दिखाई देता है। आपके हाथ में गुलाब आए और दोस्त आनंद भवन रोता है दोनों पुस्तकों में गंभीर और समाज को राह दिखाने वाली रचनाएं हैं। रविन्द्र पाण्डेय ने कहा कि अधिदर्शक की रचनाएं हर वर्ग के लिए हैं। प्रसिद्ध नवगीतकार गणेश गंभीर ने कहा कि अधिदर्शक जी बहुत ही भावुक और स्पष्टवादी थे। प्रसिद्ध संचालक व कवि लल्लू तिवारी ने कहा कि अधिदर्शक जी एक क्रांतिकारी विचारक थे। चर्चित शायर मुहीब मिर्ज़ापुरी ने अधिदर्शक जी के लिखे ग़ज़लों की तारीफ की।

काव्यपाठ करने वालों में केदारनाथ सविता, गुमनाम मिर्ज़ापुरी, शिवप्रसाद द्विवेदी, आनंद अमित, श्याम अचल, सारिका चौरसिया, इरफान कुरैशी, हौसला प्रसाद मिश्र, रेखा चौरसिया, अमरनाथ सिंह, विजय श्रीवास्तव, मयंक प्रजापति शामिल थे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विमला शंकर दुबे, दीपक गुप्ता, कमलेश दुबे, चंद्रकांत तिवारी आदि उपस्थित रहे। अन्य में अनिल यादव ने सभी का धन्यवाद प्रकट किया।

# अधिकारियों ने बाढ़ चौकियों का किया निरीक्षण

● ग्रामीणों से बात कर बाढ़ से बचाव के तरीकों से कराया अवगत

स्वतंत्र प्रभात



**सीखड़, मीरजापुर।** बढ़ते गंगा के जलस्तर को देखते हुए एडीएम वित्त एवं राजस्व अजय कुमार व उपजिलाधिकारी चुनार राजेश वर्मा ने अन्य अधिकारियों के साथ विकास खण्ड अंतर्गत विभिन्न बाढ़ चौकियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में ग्रामीणों से भी बात किया और उनको बाढ़ से होने वाली समस्याओं से अवगत होते हुए बचाव के तरीके भी बताए सीखड़ विकास खण्ड अंतर्गत कुल 7 बाढ़ चौकियों स्थापित की गई है। बाढ़ चौकियों का निरीक्षण किया गया । सबसे ज्यादा बाढ़ वाले इलाके रामगढ़ कला, पसियाहीं, धनैता , सीखड़, मंगरहां व मुंदीपुर , मेड़िया,गांव में अधिकारियों की टीम सुबह करीब 11 बजे हीं पहुंच गई थी और फिर ग्रामीणों से संवाद करते हुए बाढ़ में सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले घरों के लोगों को बुलाकर उनको पूर्व के वर्षो में बाढ़ के समय हुई परेशानियों को पूछा गया और इस बार उनको यह परेशानी न हो इसके लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिया गया ?। पशुओं के चारा और उनको होने वाली बिमारियों से बचाव हेतु भी दिशा निर्देश जारी किए गए । बाढ़ में प्रभावित होने वाले लोगों के रहने के लिए पहले से ही उचित जगह तलाश लेने व वहां पूरी साफ सफाई कराकर वहां बिस्तर के साथ हीं खाने पीने की पूरी व्यवस्था भी कराने के लिए चौकी पर तैनात होने वाले अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। लोगों की आवाजाही के लिए नाव की व्यवस्था करने के साथ हीं दवाओं की व्यवस्था करने व इमरजेंसी के लिए बाढ़ चौकियों पर एक एंबुलेंस तैयार रखने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को भी कहा गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार प्रताप नारायण ओझा, राजस्व निरीक्षक ताड़केश्वर मिश्र, क्षेत्रीय लेखपाल विन्ध्वासिनी मिश्र, इन्द्रेश उपाध्याय, जितेन्द्र विश्वकर्मा के साथ हीं संबंधित ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान/प्रतिनिधि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मासूम बालिका से दुष्कर्म करने वाला पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

● पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने के बाद हुआ गिरफ्तार, 12 घंटे में दबोचा गया

जौनपुर के बरसठी इलाके के कुसा गाँव का है निवासी, तमंचा और कारतूस भी बरामद

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही, 12 जुलाई।** योगीराज में अपराधियों पर पुलिस कहर बन टूट रहीं है। नाबालिक बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने 12 घंटे के भीतर शुक्रवार की रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान आरोपी को दाएं पैर में गोली लगी है, उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। कब्जे से नाजायज तमंचा व जिंदा और खोखा कारतूस भी बरामद हुआ है। अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के नेतृत्व में रात करीब 20⁚45 बजे थाना सुरियावां एवं एसओजी की संयुक्त टीम को मुखबीर से सूचना मिली की नाबालिक से दुष्कर्म करने वाला आरोपी कुसा पुलिया के पास है । सूचना पर सुरियावां व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम कुसा पुलिया जनपद भदोही-जौनपुर बार्डर पर पहुंच कर चेकिंग शुरू किया। तभी पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह भागने लगा और पुलिस टीम पर फायर भी कर दिया। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ फायरिंग किया। इस दौरान एक गोली उसके दाहिने पैर में लग गई, जिसकी वजह से वह गिर गया। बाद में पुलिस शिनाख्त में उसकी पहचान राजकमल चौहान उर्फ करिया, पुत्र रामजीत चौहान, निवासी कुसा थाना बरसठी, जनपद जौनपुर के रुप में हुई। पुलिस के अनुसार इसी पर नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोप है।

गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से नाजायज तमंचा 315 बोर एवं एक जिंदा कारतूस के साथ खोखा बरामद किया गया है। घायल आरोपी को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस बल पर जान से मारने की नीयत से फायर करने तथा नाजायज तमंचा रखने के आरोप में आर्म्स एक्ट एवं दूसरी धाराओं में मुकदमा लिखा गया है। पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक ने त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस टीम को ? 25,000 से पुरस्कृत करने की घोषणा की है। उधर आरोपी को जेल भी भेज दिया गया है। भदोही पुलिस ने घटना के सम्बन्ध में बताया है कि 10 जुलाई की रात्रि में थाना सुरियावां के एक गाँव से एक मासूम बालिका (08) वर्ष को रात्रि में एक व्यक्ति उठाकर लेकर चला गया था। पुलिस को जब पीड़ित परिवार ने घटना की जानकारी दिया तो पुलिस तत्काल मौके पर पहुँच कर घर से 500 मीटर की दूरी पर मासूम बच्ची को बरामद किया। मेडिकल परीक्षण कराने पर दुष्कर्म की पुष्टि हुई। इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना सुरियावां पर पास्को और दूसरी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश में पुलिस जुट गई। बाद में पुलिस मुठभेड़ में उसे गिरफ्तार किया गया। इस घटना से क्षेत्र में भय का वातावरण बना है उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आम जनमानस का भ यदुर करने के लिए थाना सुरियावां एवं अन्य थानों की फोर्स द्वारा क्षेत्र में लगातार चक्रमण किया जा रहा है ताकि आम जनमानस भय मुक्त होकर एवं तनाव मुक्त होकर रहे भदोही पुलिस निरंतर प्रयत्नशील है।

# कावड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के हेतु जनपद मीरजापुर व सोनभद्र से लगे घुड़करी बार्डर मुख्य कांवड़ मार्ग का किया गया भ्रमण

● कांवड़ियों से वार्ता कर बेहतर सुविधाओं व सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया

श्रावण मास/ कावड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत प्रत्येक छोटी से छोटी घटनाओं पर गम्भीरता से कार्यवाही हेतु दिए निर्देश

कावड़ मेला/कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत श्रद्धालुओं के आने-जाने वाले रास्तों में सुगम यातायात व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** शनिवार को मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल "बालकृष्ण त्रिपाठी" व पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षत्र, मीरजापुर "आर.पी. सिंह" द्वारा श्रावण मास, कावड़ यात्रा को निर्विघ्न,सकुशल सम्पन्न कराये जाने के हेतु जनपद मीरजापुर व सोनभद्र से लगे घुड़करी बार्डर मुख्य कांवड़ मार्ग का भ्रमण कर यातायात व्यवस्था, ट्रैफिक डायवर्जन प्वाइंट, वाहन पार्किंग, बैरिकेटिंग व्यवस्था, कांवड़ मार्ग पर लगाये जा रहे चेतावनी,सांकेतिक बोर्ड आदि का निरीक्षण किया गया। कांवड़ यात्रा के दौरान स्थानीय जनमानस को किसी प्रकार की असुविधा न हो यात्रा के दौरान यातायात संचालन, रूट व्यवस्था बिलकुल चुस्त दुरुस्त रखी जाए ताकि किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार का कठिनाई न हो। उच्चाधिकारियों की गाइडलाईन का पूर्णतः पालन कराया जाए। प्रचलित श्रावण मास/कांवड़ यात्रा एवं आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सोशल मीडिया पर वायरल वीडियों,पोस्ट पर सतर्क दृष्टि रखने तथा भ्रामक व गलत संदेश,सूचना को किसी भी प्लेटफार्म पर प्रसारित करने वाले के विरुद्ध त्वरित कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। कांवड़ यात्रा को शांति,सुरक्षा और समर्पण के साथ सफल बनाना हमारी प्राथमिकता है। श्रद्धालुओं को सहयोग देना हमारा कर्तव्य है। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि पुलिस व प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करें। सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

# बकाया मजदूरी मिलते ही भट्ठा के श्रमिक झूम उठे

**चुनार मिर्जापुर ।** शुक्रवार को झारखंड निवासी ललिता उरांव ने सहायक श्रमायुक्त सतीश दयाल मिर्जापुर को शिकायती पत्र देकर अवगत कराई थी कि भट्ठा मालिक रिंकू सिंह पुत्र अज्ञात संदीप सिंह पुत्र अज्ञात शिवा ईट भट्ठा दीक्षित पुर कोतवाली चुनार के यहां 11 श्रमिक एक वर्ष से कार्य कर रहे हैं। किये हुए काम का मजदूरी न देकर गाली गलौज देकर भगा दे रहे हैं। सहायक श्रमायुक्त मिर्जापुर ने शिकायती पत्र को संज्ञान में लेते हुए तत्काल श्रम प्रवर्तन अधिकारी चुनार ज्ञानेंद्र सिंह को निर्देशित करते हुए मौके पर जाकर मामले का गम्भीरता पूर्वक जांच कर सभी मजदूरों का भुगतान कराने निर्देशित किया गया था।श्रम प्रवर्तन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने शनिवार को ईट भट्ठा मालिक रिंकू सिंह व समस्त बकायेदार मजदूरों को बुलाकर हिसाब की डायरी व भट्ठा पर रखें हुए रजिस्टरों को मिलान कर श्रमिक कार्तिकेय, बंदे, शंकर , बुद्धू, सिरी, दुर्गा सहित अन्य श्रमिकों को एक लाख नगद व चेक के माध्यम से भुगतान कराया। भुगतान मिलते ही श्रमिक खुशी से झूम उठे।

# समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी ने सुनी फरियाद

**चुनार,मिर्जापुर।** शनिवार को कोतवाली परिसर चुनार में आयोजित समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी ने फरियादियों की फरियाद को सुना। ग्राम लालपुर परगना शक्तेशगढ़ थाना चुनार मिर्जापुर निवासिनी राजपत्ती देवी पत्नी जटाशंकर ने प्रार्थना पत्र में कहा कि प्राथमिक की जमीन जमीन ग्राम लालपुर परगना शक्तेशगढ़ आराजी नंबर 85 की पक्की पैमाइश होकर मौके पर कब्जा हो गया है । प्रार्थीनी अपनी जमीन का घेराबंदी कर रही थी की मौके पर विपक्षीगण जाकर काम में अवरोध पैदा कर रहे हैं विपक्षीगण हरिजन जाति है जो की मौके पर जाकर लड़ाई झगड़ा करने को आमादा है और कहते हैं कि एससी एसटी लगा दूंगा प्रार्थीनी को काफी प्रताड़ित किया जा रहा है अतः प्रार्थीनी के जमीन की मौके पर जांच कर कर विपक्षी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की कृपा करें। आज दिवस में कुल 10 प्रार्थना पत्र आए जिसमें 1 का निस्तारण मौके पर कर दिया गया।शेष संबंधित विभाग को गुणवत्ता पूर्वक जांच कर निस्तारण हेतु सौंप दिया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकार मंजरी राव, प्रभारी निरीक्षक रविंद्र भूषण मौर्य,अपराध निरीक्षक सत्येंद्र यादव, उप निरीक्षक नरेंद्र यादव, राम प्रताप यादव हेड कांस्टेबल पंकज दुबे, श्रवण कुमार ,भानु प्रताप सिंह सहित राजस्व और पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पिकअप और मोटर साईकिल की आमने सामने की टक्कर में दो की मौत, एक गंभीर रूपये से घायल

**देवरिया।** जनपद के रुद्रपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राम लक्षन चौराहे के पास बीती रात पीकप और मोटर साइकिल में टक्कर हो गयी। मोटर साइकिल पर कुल 3 लोग सवार थे जिसमें प्रिंस की तत्काल मृत्यु हो गयी अन्य दो घायलों को सीएचसी गौरी बाजार भेजा गया। गंभीर अवस्था में चिकित्सकों ने उन्हें देवरिया मेडिकल कालेज रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान मोटर साईकिल सवार गुलाब मद्देशिया की मौत हो गयी। उसकी पत्नी मीरा का इलाज चल रहा है। इस सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर हरिराम यादव ने बताया कि पीकप को पकड़ लिया गया है और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्यवाही की ज़ा रही है।

### रोजगार मेला लगेगा 14 को, 15 कंपनियाँ करेंगी प्रतिभाग

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया है कि जनपद के बेरोजगार युवाओं को सेवायोजित कराने हेतु 14 जुलाई को राजकीय आईटीआई परिसर में जनपद स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन तथा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है।

मेले में लगभग 15 प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र की कंपनियाँ प्रतिभाग करेंगी, जो बेरोजगार अभ्यर्थियों का मौके पर ही चयन करेंगी। इस अवसर पर राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों एवं विभिन्न कौशल विकास योजनाओं से जुड़े लगभग 1 हजार अभ्यर्थियों के प्रतिभाग करने की संभावना है। जिलाधिकारी ने रोजगार मेले की सफलता हेतु आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण करने का निर्देश दिया है।

### उत्तर प्रदेश में सरकारी स्कूली शिक्षा को मज़बूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम



**प्रयागराज।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) कानपुर और मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (MNNIT) के विशेषज्ञ राज्य भर के शिक्षकों और छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे। समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्वीकृत इस पहल को शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा 9 अप्रैल को आयोजित 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए परियोजना अनुमोदन बोर्ड की बैठक में मंजूरी दी गई। इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम के लिए लगभग 49 लाख रुपये का बजट आवंटन किया गया है। इस योजना का उद्देश्य बहुआयामी है क्योंकि इसमें सरकारी स्कूल के शिक्षकों को मज़बूत तकनीकी और शैक्षिक सहायता प्रदान करना शामिल है, साथ ही बच्चों को विज्ञान, गणित और तकनीकी शिक्षा में गहरी रुचि विकसित करने के लिए प्रेरित करना भी शामिल है। इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के माध्यम से 44,499 परिषदीय स्कूलों में सीखने और नवाचार के लिए एक अनुकूल वातावरण तैयार करना है, जहाँ IIT कानपुर और MNNIT के विशेषज्ञ प्रशिक्षण सत्र और कार्यशालाएँ आयोजित करेंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के समावेशिता, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर केंद्रित इस कार्यक्रम में नियमित शिक्षक प्रशिक्षण, छात्रों के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यशालाएँ, परियोजना-आधारित शिक्षा को बढ़ावा और कक्षाओं में डिजिटल उपकरणों के बेहतर उपयोग का वादा किया गया है। इन प्रयासों का उद्देश्य शैक्षिक खाई को पाटना और छात्रों को प्रौद्योगिकी-संचालित दुनिया में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना है। इसके अलावा, आईआईटी-कानपुर द्वारा ऑनलाइन ग्रामीण शिक्षा पहल (ओआरईआई), जिसे इसी सत्र में मंजूरी दी गई है, के तहत छात्र स्वयंसेवक दूर-दराज के ग्रामीण स्कूलों तक पहुँचेंगे और वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से विज्ञान और गणित की शिक्षा प्रदान करेंगे। अनुभवात्मक शिक्षण के अवसरों को बढ़ाते हुए, पिछले साल उत्तर प्रदेश भर के छात्रों के लिए पाँच दिवसीय शैक्षिक दौरे का आयोजन किया गया था, जिसमें इसरो, सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा, आईआईटी परिसरों, विज्ञान पार्कों और संग्रहालयों जैसे प्रमुख राष्ट्रीय विज्ञान संस्थानों का दौरा शामिल था। यह दृष्टिकोण सरकारी स्कूली शिक्षा को उन्नत करता है और भारत के विकास में योगदान देने के लिए तैयार, प्रेरित, तकनीकी रूप से कुशल छात्रों की एक श्रृंखला तैयार करता है। इसी तरह, एमएनएनआईटी के छात्र जमीनी स्तर की शैक्षिक पहलों में शामिल रहे हैं।

## राहुल गांधी का बीजेपी पर बड़ा हमला, कहा- महाराष्ट्र की तरह बिहार चुनाव भी चुराने की है तैयारी, चोरी रोकेगा 'इंडिया' गठबंधन

**स्वतंत्र प्रभात**



**प्रयागराज।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर छिड़े विवाद के बीच कहा कि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) महाराष्ट्र की तरह बिहार में भी आगामी विधानसभा चुनाव को ''चोरी'' करने का प्रयास कर रही है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग बीजेपी के हित में काम कर रहा है और अपना कर्तव्य नहीं निभा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीजेपी पांच-छह पूंजीपतियों के लिए सरकार चलाती है। यह देश के आम लोगों के लिए काम नहीं करती।

उन्होंने 'संविधान बचाओ समावेश' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) गठबंधन के घटक दलों ने बीजेपी को बिहार विधानसभा चुनाव की 'चोरी करने' से रोकने का फैसला किया है।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा, 'महाराष्ट्र के लोक सभा और विधानसभा चुनाव के बीच एक करोड़ नए वोटर आ गए, लेकिन अभी तक किसी को नहीं मालूम यह वोटर कौन थे और कहां से आए। हमने चुनाव आयोग से कई बार कहा कि- हमें वोटर लिस्ट दीजिए, वीडियो दीजिए, लेकिन चुनाव आयोग नहीं दे रहा। ये लोग बिहार का चुनाव भी चोरी करना चाहते हैं, पर हम ऐसा कभी नहीं होने देंगे।'

राहुल गांधी ने इस कदम को 'महाराष्ट्र मॉडल' की तरह बताया, जहां उन्होंने दावा किया कि 2024 के विधानसभा चुनावों में फर्जी मतदाताओं के सहारे भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा, 'महाराष्ट्र में चुनाव चोरी किया गया। वहां हर विधानसभा में जहां वोटर बढ़े, वहां बीजेपी जीती। एक बिल्डिंग में 4-5 हजार वोटर रजिस्टर्ड हुए। जब हमने चुनावा आयोग से वोटर लिस्ट और वीडियोग्राफी मांगी, तो वे चुप हो गए। अब बिहार में भी यही साजिश रची जा रही है।' इसके साथ ही राहुल ने अडानी पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि 'ओडिशा हो या छत्तीसगढ़, सिर्फ एक ही नाम दिखाई देता है- अडानी.. अडानी.. अडानी...। मतलब अडानी ओडिशा की सरकार चलाते हैं, नरेंद्र मोदी को चलाते हैं।'

राहुल गांधी ने आरोप लगाया, ''महाराष्ट्र की तरह, बिहार में भी चुनावों को 'हाईजैक' करने की कोशिश की जा रही है। भाजपा पूरे देश में हमारे संविधान पर हमला कर रही है।''उन्होंने दावा किया कि 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में घटक दलों ने, बिहार में बीजेपी को चुनाव की ''चोरी करने'' से रोकने का फैसला किया है। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं।

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग बीजेपी के हित में काम कर रहा है और अपना कर्तव्य नहीं निभा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया, "बीजेपी पांच-छह पूंजीपतियों के लिए सरकार चलाती है। यह देश के आम लोगों के लिए काम नहीं करती।"

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि ''जल, जंगल, ज़मीन'' आदिवासियों के हैं और उनके ही रहेंगे। राहुल गांधी ने दावा किया कि ओडिशा की भाजपा सरकार ने पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996 को लागू नहीं किया है। कांग्रेस नेता ने कहा, ''यहां आदिवासियों को वन अधिकार पट्टे नहीं दिए जाते। कांग्रेस 'पेसा' (पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम) और आदिवासी विधेयक लेकर आई। हम इन कानूनों को लागू करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि आदिवासियों को उनकी जमीन मिले।''

## हाथरस में पिता बना हैवान; नाबालिग बेटी को बात करने के बहाने कमरे में बुलाकर किया दुष्कर्म

**स्वतंत्र प्रभात**



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के हाथरस में पिता-पुत्री के पवित्र रिश्ते को कलंकित किए जाने का मामला सामने आया है. जहां मां ने पिता पर अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया है. इसके बाद पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ले में एक व्यक्ति पर अपनी 16 साल की बेटी के साथ दुष्कर्म करने आरोप लगा है. जानकारी के अनुसार, बुधवार की देर रात मां-बेटी अलग-अलग सोए हुई थी, तभी पिता अपनी बेटी के पास गया और कुछ बात करने के बहाने अपने कमरे में ले गया. जहां उसके साथ दुष्कर्म किया।

बेटी ने विरोध किया तो पिता ने उसे धमकाया. जब इस बात की जानकारी मां को हुई तो पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ. इसके बाद पीड़ित की मां ने मामले की सूचना पुलिस को दी. वहीं, शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है. साथ ही मामले की जांच में जुट गई। सीओ सदर योगेन्द्र कृष्ण नारायण ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के एक पिता पर अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने का आरोप लगा है. मामले में मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## दिल्ली के सीलमपुर में बड़ा हादसा, 4 मंजिला इमारत ढहने से दो लोगों की मौत, 8 घायल

**स्वतंत्र प्रभात**




**प्रयागराज।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में सुबहचार मंजिला इमारत ढहने से दो लोगों की मौत हो गई और एक साल के बच्चे समेत आठ लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि मलबे में अब भी कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि मलबे में फंसे लोगों में इमारत में रहने वाले एक ही परिवार के 10 सदस्य और उसके पास रहने वाले कुछ अन्य लोग शामिल हैं।दिल्ली अग्निशमन सेवा ने बताया कि मलबे से निकाले जाने पर एक पुरुष और एक महिला मृत मिले जिनके शव जीटीबी अस्पताल भेज दिए गए हैं। आठ लोगों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है, जबकि मलबे में फंसे अन्य लोगों को बचाने के प्रयास अब भी जारी हैं।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''हमें वेलकम थाने में शनिवार सुबह करीब सात बजकर चार मिनट पर ईदगाह, वेलकम के पास चार मंजिला इमारत के ढहने की सूचना मिली।

जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पाया कि इमारत की तीन मंजिलें ढह चुकी थीं।''उन्होंने कहा, ''अब तक आठ घायलों को बचाया गया है - सात को जेपीसी अस्पताल और एक को जीटीबी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है।'' इमारत उस समय गिरी जब स्थानीय लोग सुबह की सैर पर निकले थे। उनमें से कई लोगों ने खुद ही बचाव कार्य शुरू कर दिया और दमकल विभाग के अधिकारियों के मौके पर पहुंचने से पहले ही फंसे हुए लोगों को बचाने की कोशिश की।

## जनपद के समस्त थानों पर "थाना समाधान दिवस" का आयोजन कर फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निवारण का प्रयास

- **जिलाधिकारी भदोही, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थाना गोपीगंज पर उपस्थित रहकर सुनी गई फरियादियों की समस्याएं**

**शेष प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम का गठन कर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिए गए निर्देश**

**स्वतंत्र प्रभात**




**भदोही** शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों को त्वरित न्याय की व्यवस्था हेतु प्रत्येक शनिवार आयोजित "थाना समाधान व सम्पूर्ण समाधान दिवस" के क्रम में आज दिनांक-12.07.2025 को जनपद के समस्त थानों पर "थाना समाधान दिवस"का आयोजन किया गया। शैलेष कुमारजिलाधिकारी भदोही, अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थाना गोपीगंज पर उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। इसी क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा सर्किल के थानों एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा सम्बंधित थानों पर प्रशासनिक टीम के साथ समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण राजस्व कर्मियों की उपस्थिति में किया गया। जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए कुछ का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा कुछ प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। आज आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान समस्त थानों पर प्राप्त कुल-119(राजस्व विभाग से सम्बंधित 104 व पुलिस-15) प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस विभाग से सम्बंधित सभी 15 व राजस्व विभाग से संबंधित 02 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम का गठन कर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु व्यापक निर्देश दिए गए।

## भाजपा विधायक के होटल में नहाते हुए महिला का बनाया जाता है वीडियो, कांग्रेस ने 'मोदी परिवार को घेरा'

**स्वतंत्र प्रभात**



**प्रयागराज।** मिर्जापुर के विश्व प्रसिद्ध विंध्याचल धाम में स्थित मां विंध्यवासिनी देवी मंदिर के पास रत्नाकर होटल से शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है. भाजपा विधायक के होटल में ठहरी महिला का होटल स्टाफ ने अश्लील वीडियो बना लिया था, जिसको लेकर खूब हंगामा हुआ था. पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था. अब इस मामले में राजनीति शुरू हो गई है' यूपी कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर लिखा है कि 'प्रदेशवासियों को लिए एक जरूरी सूचना- मिर्जापुर से भाजपा विधायक जो खुद को 'मोदी का परिवार' बताते हैं. उनके होटल में स्नान कर रही महिला का वीडियो बनाया जाता है. कृपया भाजपाई नेताओं के होटलों में ठहरने से बचें. भाजपा और भाजपाइयों का चाल-चरित्र और चेहरा अब सबके सामने है।'

दरअसल, लखनऊ से एक महिला कुछ लोगों के साथ बुधवार की रात मां विंध्यवासिनी मंदिर के पास रत्नाकर होटल में ठहरी थी. महिला अगले दिन गुरुवार की सुबह गुरु पूर्णिमा के दिन मां विंध्यवासिनी का दर्शन करने से पहले होटल के कमरे के बाथरुम में स्नान करने गई. इसी दौरान होटल का स्टाफ आशीष मिश्रा बाथरूम के पीछे के खिड़की से महिला का आपत्तिजनक वीडियो बना रहा था. महिला को अभास होने पर बाथरूम से बाहर आकर चिल्लाने लगी।

इसकी जानकारी जब महिला के साथ आए लोगों को हुई तो थाने में पहुंचकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की. आरोप है कि पुलिस सत्ता के दबाव कोई कार्रवाई न करके समझौता कराने की प्रयास में जुट गई. सुबह से पीड़ित को थाने में बैठाकर मामले को दबाने में लगी रही. पीड़ित महिला के न मानने पर पुलिस ने देर शाम महिला के तहरीर किसी तरह मुकदमा दर्ज कर रत्नाकर होटल के कर्मचारी आशीष मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया. महिला ने तहरीर में बताया कि आशीष ने वीडियो बनाकर धीरज मिश्रा को भी व्हाट्सएप पर भेजा था. धीरज मिश्रा विधायक रत्नाकर मिश्रा के परिवार के हैं। सीओ सिटी विवेक जावला ने बताया कि एक होटल में महिला अपने टीम के साथ कमरा बुक किया था. सुबह महिला अपने कमरे के बाथरूम को इस्तेमाल कर रही थी. इस दौरान होटल के एक कर्मचारी ने महिला की आपत्तिजनक फोटो बना लिया था. महिला के तहरीर के आधार पर आरोपी होटल कर्मचारी आशीष मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

वहीं, रत्नाकर होटल में महिला का वीडियो बनाने वाले आरोपी का तस्वीर सामने आया है. आरोपी का देश के बड़े-बड़े राजनेताओं के साथ तस्वीर है. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, कलराज मिश्रा, विधायक रत्नाकर मिश्रा, जिले के डीएम एसपी और होटल मालिक के घर वालों के साथ भी तस्वीर है. आरोपी बड़े-बड़े नेताओं को दर्शन पूजन भी कराता था।

## एक देश एक चुनाव: चुनाव आयोग को नहीं दी जा सकती बेलगाम ताकत

- **जेपीसी से बो।ले पूर्व चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ और खेहर।**

**स्वतंत्र प्रभात**



**प्रयागराज।** 'एक देश एक चुनाव' पर बीजेपी सांसद पीपी चौधरी के नेतृत्व वाली जेपीसी के सामने देश के दो पूर्व मुख्य न्यायाधीश जे. एस. खेहर और डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि चुनाव आयोग को इतनी बेलगाम ताकत नहीं दी जानी चाहिए, जितना कि संशोधन बिल में प्रस्तावित किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए एक सिस्टम होना चाहिए।

दोनों पूर्व चीफ जस्टिस 'एक देश एक चुनाव' पर बनी जेपीसी के समक्ष अपना प्रस्तुतीकरण देने के लिए पहुंचे थे। दोनों पूर्व मुख्य न्यायाधीशों ने जेपीसी को यह सुझाव दिया कि चुनाव आयोग को इतनी बेलगाम ताकत नहीं दी जा सकती, जितनी कि इस संशोधन बिल में प्रस्तावित की गई है। उन्होंने कहा कि इसके लिए नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए एक सिस्टम होना चाहिए। इसके अलावा, दोनों पूर्व चीफ जस्टिस ने संसदीय समिति को सुझाव देते हुए कहा कि चुनावों के संचालन के लिए एक निगरानी तंत्र होना चाहिए।

हालांकि, अपने प्रस्तूतीकरण में पूर्व चीफ जस्टिस जे एस खेहर ने कहा कि यह विधेयक सिद्धांततः संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं करता है। साथ ही पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि चुनाव आयोग की भूमिका गहन जांच के दायरे में आ गई है, क्योंकि उसे अत्यधिक शक्तियां प्रदान करने के प्रस्ताव पर चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं और इस धारा के पुनर्मूल्यांकन के लिए राष्ट्रीय बहस की आवश्यकता है।

इस बैठक के बारे में जेपीसी के चेयरमैन और बीजेपी सांसद पीपी चौधरी ने कहा कि आज शुक्रवार 11 जुलाई, 2025 को जेपीसी की बैठक में पूर्व मुख्य न्यायाधीश जे. एस. खेहर और पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ शामिल हुए। वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर जो संवैधानिक सवाल हैं, उनको लेकर हमने उनसे उनकी राय जानी। उन्होंने कहा कि हमने अब तक महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड और चंडीगढ़ में वहां की सरकार और अन्य स्टेक होल्डर्स के साथ बातचीत की है। गौरतलब है कि पिछले साल दिसंबर महीने के दौरान ही 'एक देश एक चुनाव' का बिल संसद में पेश किया गया था जो पास हो गया था। यह संविधान का 129वां संशोधन था। सरकार के जानकारों की मानें, तो सरकार इसे 2029 से देश में लागू करने की तैयारी कर रही है।

## पाकिस्तान की प्रशंसा कर देना भारत को अखंडता को खतरा कहना गलत है

**स्वतंत्र प्रभात**



**प्रयागराज।** कि किसी विशिष्ट घटना का उल्लेख किए बिना या भारत का नाम लिए बिना केवल पाकिस्तान के प्रति समर्थन व्यक्त करना भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 152 (भारत की संप्रभुता या एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाला कृत्य) के तहत प्रथम दृष्टया अपराध नहीं बनता है।

अदालत ने कहा, "धारा 152 बीएनएस एक नई धारा है जो कठोर दंड का प्रावधान करती है और आईपीसी में ऐसी कोई धारा नहीं थी। इसलिए, धारा 152 बीएनएस लागू करने से पहले, उचित सावधानी और उचित व्यक्ति के मानकों को अपनाया जाना चाहिए क्योंकि सोशल मीडिया पर बोले गए शब्द या पोस्ट भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अंतर्गत आते हैं, जिसकी संकीर्ण व्याख्या नहीं की जानी चाहिए जब तक कि वह ऐसी प्रकृति का न हो जो किसी देश की संप्रभुता और अखंडता को प्रभावित करता हो या अलगाववाद को बढ़ावा देता हो।"

भारत का नाम लिए बिना या किसी विशेष घटना का उल्लेख किए बिना पाकिस्तान का समर्थन करने के आरोपी रियाज़ की ज़मानत याचिका स्वीकार करते हुए, न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने कहा, "पक्षकारों के वकीलों की दलीलों और रिकॉर्ड के अवलोकन पर विचार करते हुए, इसमें कोई विवाद नहीं है कि इंस्टाग्राम आईडी के माध्यम से उपरोक्त पोस्ट करते समय, आवेदक ने ऐसा कुछ भी उल्लेख नहीं किया है जिससे हमारे देश के प्रति अनादर प्रदर्शित हो। किसी भी घटना का उल्लेख किए बिना या भारत का नाम लिए बिना केवल पाकिस्तान का समर्थन करना, प्रथम दृष्टया धारा 152 बीएनएस के तहत अपराध नहीं माना जाएगा।"

सुनवाई के दौरान, आवेदक के वकील ने दलील दी कि आवेदक द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई पोस्ट से देश की गरिमा और संप्रभुता को कोई ठेस नहीं पहुँची है, क्योंकि न तो भारतीय ध्वज, न ही उसका नाम या कोई ऐसी तस्वीर पोस्ट की गई थी जिससे देश के प्रति कोई अनादर प्रदर्शित होता हो।

आवेदक के वकील ने आगे कहा, "किसी देश का समर्थन करना, भले ही वह भारत का दुश्मन ही क्यों न हो, धारा 152 बीएनएस के प्रावधानों के अंतर्गत नहीं आएगा।" दूसरी ओर, राज्य सरकार के वकील ने ज़मानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि इंस्टाग्राम आईडी के ज़रिए आवेदक द्वारा की गई ऐसी पोस्ट अलगाववाद को बढ़ावा देती है और इसलिए, आवेदक ज़मानत पर रिहा होने का हकदार नहीं है। अदालत ने ज़मानत याचिका स्वीकार करते हुए आगे कहा, "धारा 152 बीएनएस के तहत आने वाले प्रावधानों के तहत, मौखिक या लिखित शब्दों, संकेतों, दृश्य चित्रणों, इलेक्ट्रॉनिक संचार के ज़रिए अलगाववाद, सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक गतिविधियों को बढ़ावा देने या अलगाव की भावना को बढ़ावा देने या भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को ख़तरे में डालने का उद्देश्य होना चाहिए। इसलिए, किसी भी देश के समर्थन में सिर्फ़ एक संदेश पोस्ट करने से भारत के नागरिकों में गुस्सा या वैमनस्य पैदा हो सकता है और यह बीएनएस की धारा 196 (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के तहत दंडनीय भी हो सकता है, जिसकी सज़ा सात साल तक हो सकती है, लेकिन निश्चित रूप से धारा 152 बीएनएस के प्रावधानों के तहत नहीं आएगा, अदालत ने 10 जुलाई के अपने आदेश में आगे कहा।"

## मांडा में तैनात दरोगा का पीजीआई में इलाज के दौरान मौत

**स्वतंत्र प्रभात**



**प्रयागराज।** कमिश्नरेट के यमुनानगर के मांडा थाने में,तैनात दरोगा की इलाज के दौरान पीजीआई लखनऊ में मौत हो गई। पिछले दिनों वह डंपर की चपेट में आने से घायल हो गए थे, तभी उनका इलाज चल रहा था। बता दें कि मांडा थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर वीरेंद्र प्रताप सिंह का शनिवार को लखनऊ पीजीआई हॉस्पिटल में इलाज के दौरान देहांत हो गया। दरोगा वीरेंद्र प्रताप सिंह को 20 दिन पूर्व थाने से आते समय अज्ञात डंपर ने टक्कर मार दी थी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए थे।मूल रूप से उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के भटनी थाना क्षेत्र के रामपुर खुरहूरिया निवासी दरोगा वीरेंद्र प्रताप सिंह जून में एक रात अपनी बाइक से गश्त पर निकले थे। रात करीब 9 बजे धारावनारा स्थित ढाबे पर खाना खाने के बाद चौकी लौट रहे थे। टिकरी इलाके में एक बेकाबू डम्पर ने उन्हें टक्कर मार दी। घायल दरोगा को पहले स्वरूपरानी अस्पताल ले जाया गया। बाद में परिजन उन्हें लखनऊ पीजीआई ले गए। 19 दिनों के इलाज के बाद शनिवार को उनका निधन हो गया। मृतक दरोगा की पत्नी माधुरी देवी, बेटे सुरज और बेटी काजल का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि शव को पैतृक गांव ले जाकर अंतिम संस्कार किया जाएगा। दीधिया चौकी प्रभारी विक्की गुप्ता ने बताया कि टक्कर मारने वाले डम्पर और चालक का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। मृतक दरोगा के बेटों से तहरीर लेकर केस दर्ज किया जाएगा। पुलिस जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## मैजिक की ठोकर से बाइक सवार शिक्षक दंपति जख्मी



**त्रिवेणीगंज(सुपौल)** थाना क्षेत्र के बघला - हुलास सड़क मार्ग पर डुमरिया चौक के समीप शनिवार की सुबह मैजिक की ठोकर से बाइक सवार शिक्षक दंपति जख्मी हो गए। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शिक्षक गुलाब किशोर एवं उनकी शिक्षिका पत्नी मीणा कुमारी त्रिवेणीगंज बाजार से ड्युटी पर संबंधित सरकारी स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान थाना क्षेत्र के डुमरिया चौक के समीप विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार मैजिक वाहन ने ठोकर मार दी। इस घटना में शिक्षक दंपति सड़क पर गिरकर जख्मी हो गए। जिसे स्थानीय लोगों के द्वारा ईलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ड्युटी पर मौजूद चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। मालूम हो कि जख्मी में मीणा देवी प्राथमिक विद्यालय अररिया में शिक्षिका पद पर कार्यरत हैं। जबकि गुलाब किशोर मध्य विद्यालय भूड़ा में शिक्षक पद पर कार्यरत हैं।

## जानवर के हमले से पांच लोग जख्मी, इलाजरत



**त्रिवेणीगंज(सुपौल)** जदिया थाना क्षेत्र के कोरियापट्टी पश्चिम पंचायत स्थित सुरसर नदी के समीप जंगली जानवर के हमले से शनिवार की सुबह पांच लोग जख्मी हो गए। जिसे परिजनों के द्वारा ईलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ड्युटी पर मौजूद चिकित्सक के द्वारा सभी जख्मियों का प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि जदिया थाना क्षेत्र के कोरियापट्टी पश्चिम पंचायत के वार्ड 11 निवासी 25 वर्षीय कृष्णा कुमार यादव, 56 वर्षीय विद्यानंद यादव, 54 वर्षीय मोहन यादव, 20 वर्षीय रूपेश कुमार एवं 36 वर्षीय शांति देवी शनिवार की सुबह गांव के सुरसर नदी के समीप खेत मे धान रोपनी कर रहे थे। तभी अचानक जंगली जानवर ने हमला कर दिया। हमले में एक महिला सहित सभी पांचों लोग जख्मी हो गए। परिजनों की मदद से जख्मी एक महिला सहित पांचों लोगों को ईलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सक के अनुसार, जख्मियों की स्थिति सामान्य है।

## रूपेश यादव हत्याकांड का खुलासा, मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार



**पाकुड़, झारखंड-** हिरणपुर थाना क्षेत्र के तुरसाडीह गांव निवासी रूपेश यादव की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है।

इस संबंध में हिरणपुर थाना कांड संख्या 74/25, दिनांक 11 जुलाई 2025 को धारा 103(1)/238(3)5 के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बीते 11 जुलाई की रात करीब 2:00 बजे, आरोपियों ने वादी अर्जुन यादव के पुत्र रूपेश यादव की हत्या कर दी और शव को गांव के समीप हरमा डांगाल पोखर के पास स्थित झाड़ियों में छिपा दिया गया था।

पाकुड़ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, इस कांड के उद्भेदन हेतु पुलिस निरीक्षक लिट्टीपाड़ा प्रयाग के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए महेश यादव उर्फ दुखिया यादव (उम्र 23 वर्ष), पिता - स्व. बिंदु यादव एवं गीता यादव (उम्र 19 वर्ष), पति - महेश यादव दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के समय पुलिस ने मृतक रूपेश यादव का हल्दी रंग का गमछा एवं वीवो कंपनी का हरे रंग का मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

हिरणपुर थाना प्रभारी रंजन सिंह की अगुवाई में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# नगर परिषद त्रिवेणीगंज में मनमानी और भ्रष्टाचार का आरोप

**● उपचेयरमैन गीता देवी ने खोला मोर्चा, विभागीय प्रधान सचिव को भेजा शिकायती पत्र**

**● चेयरमैन और कार्यपालक पदाधिकारी पर गंभीर आरोप, PMO और ष्टरू तक भेजी गई पत्र की प्रति**

**स्वतंत्र प्रभात**

**सुपौल-** नगर परिषद त्रिवेणीगंज में इन दिनों सब कुछ सामान्य नहीं है। उपचेयरमैन गीता देवी ने नगर परिषद में व्याप्त भारी अनियमितता, लापरवाही और कथित भ्रष्टाचार को लेकर मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी एवं चेयरमैन पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पत्र की प्रतिलिपि प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO), मुख्यमंत्री कार्यालय (CMO) एवं अन्य वरीय अधिकारियों को भी भेजी गई है। गीता देवी ने आरोप लगाया है कि नगर परिषद क्षेत्र में नियमित सफाई नहीं होती, हर गली-मोहल्ले में गंदगी का अंबार लगा है। वार्डवासी नारकीय स्थिति में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि कार्यपालक पदाधिकारी त्रिवेणीगंज में न रहकर जिला मुख्यालय में आवास बनाए हुए हैं और सरकारी वाहन का दुरुपयोग निजी कार्यों में कर रहे हैं



**बिना गुणवत्ता के लगाए जा रहे उपकरण**

उपचेयरमैन के अनुसार, नगर क्षेत्र में निम्न गुणवत्ता के लाइट, सीसीटीवी कैमरे, पी.आइ.यू. (PI) एवं अन्य उपकरण लगाए जा रहे हैं। इसके पीछे गहरा घोटाला होने की आशंका जताई गई है। उन्होंने यह भी कहा कि ई-टेंडर की जगह विभागीय स्तर से कार्य आवंटन कर नियमों की अनदेखी की जा रही है, जिससे सरकारी राशि की लूट खुलेआम हो रही है।

**आवास योजना में खुलेआम कमीशनखोरी**

पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभुकों से 15 से 20 हजार रुपये तक की अवैध वसूली की जा रही है। यह स्थिति पूरी प्रणाली को संदेह के घेरे में लाती है।

**बोर्ड की बैठक तक नहीं हुई**

उपचेयरमैन ने वर्ष 2025 में नगर परिषद की बोर्ड बैठक नहीं बुलाए जाने पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया की अवहेलना और पारदर्शिता की हत्या बताया है गीता देवी ने विभागीय प्रधान सचिव से पूरे मामले की निष्पक्ष व उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है ताकि नगर परिषद की कार्यशैली में पारदर्शिता आ सके और जनता को सुशासन का लाभ मिल सके

**बोले उपचेयरमैन गीता देवी**

"मैं जनप्रतिनिधि के नाते जनता की समस्याओं को नजरअंदाज नहीं कर सकती। नगर परिषद में जो कुछ चल रहा है वह जनहित के विपरीत है। अगर समय रहते जांच और कार्रवाई नहीं हुई, तो जनता का भरोसा टूट जाएगा। सवाल है कि "जब जनप्रतिनिधि ही सिस्टम के खिलाफ खड़ा हो जाए, तो निश्चित रूप से हालात गंभीर हैं। नगर परिषद त्रिवेणीगंज में व्याप्त अनियमितताओं पर जिला प्रशासन को त्वरित और निष्पक्ष जांच शुरू करनी चाहिए। अन्यथा जनता का गुस्सा सड़कों पर उतर सकता है।" त्रिवेणीगंज नगर परिषद में उठते सवाल शासन की जवाबदेही पर गहरे प्रश्नचिह्न लगा रहे हैं। अगर उपचेयरमैन के आरोपों में सत्यता है, तो यह न केवल भ्रष्टाचार का मामला है बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और जनहित की भी अवमानना है। अब देखना यह है कि प्रशासन और सरकार इस पर क्या रुख अपनाते हैं।

# भारत वर्ष के सक्षम प्रधानमंत्री के 75 वर्ष पूर्ण होने पर पवन खेड़ा का तंज, कांग्रेस की विकृत मानसिकता का परिचायक - हिन्दू विचार मंच, पाकुड़िया इकाई

**स्वतंत्र प्रभात**

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड-** भारत वर्ष के सक्षम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के अमर्यादित तंज को हिन्दू विचार मंच ने कांग्रेस की विकृत मानसिकता का परिचायक कहा है। पवन खेड़ा की आधारहीन तथा दूषित मानसिकता पर तीव्र प्रतिक्रिया देते हुए मंच ने कहा है कि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने आरएसएस के दिवंगत पदाधिकारी मोरोपंत पिंगले की जीवनी से संबंधित पुस्तक विमोचन के अवसर पर पिंगले जी के कथन का उल्लेख करते हुए विचार रखे थे। अर्थ का अनर्थ लगाना कांग्रेसियों की घृणित सोच रही है और इसी सोच के कारण कांग्रेस की केंद्रीय सत्ता से देश के आम जन, विशेषकर मतदाताओं ने उसे बाहर कर दिया। वहीं दूसरी ओर, भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के साथ राष्ट्र की सुरक्षा व सामरिक प्रगति के लिए देश को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु पूर्ण बहुमत प्रदान कर भाजपा या एनडीए गठबंधन को सत्ता सौंपी गई। वैसे भी भारत की राजनीति तथा समाज सेवा में आयु की कोई कानूनी बाध्यता नहीं रही है। किसी नेता की शारीरिक, मानसिक क्षमता तथा देश सेवा के प्रति निस्वार्थ समर्पण और आम जन के हित में निष्कलंक प्रेम ही सेवा का मापदंड रहा है। दूसरी ओर, कांग्रेसी ऐसी रुग्ण मानसिकता और विकृत सोच वाले नेता व प्रवक्ता पवन खेड़ा जैसे लोगों के जन्मजात कुसंस्कार ही भारत को भ्रमित करते रहे हैं। कभी संविधान, कभी चुनाव आयोग, कभी सीएए, कभी वोटिंग मशीन, तो कभी भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के विरुद्ध लड़ते हुए, हिन्दुत्व पर तथ्यहीन टिप्पणियां की जाती हैं।अब वे बृहद हिन्दू समाज को जातियों में बांटने का प्रयास करते हुए अमेरिकी खरबपति जॉर्ज सोरोस तथा वामपंथी आकाओं के एजेंडे पर चलते हुए भारत की बढ़ती विकासधारा को बाधित करना चाहते हैं।

जो कांग्रेस पार्टी 65 वर्षों के शासन काल में केवल हिन्दुओं को बांटने, मजहबी कट्टरपंथियों की तुष्टि और राष्ट्र विरोधी तत्वों को संरक्षण देने का कार्य करती रही, वह अब देश के सक्षम व कर्मयोगी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसकर अपनी खीझ निकाल रही है। लेकिन भारत का जनमानस अब इन कांग्रेसियों के भ्रमजाल से पूरी तरह सावधान और चौकस हो चुका है।

# नेशनल बूथ लेवल ट्रेनिंग कार्यक्रम हुआआयोजित

**स्वतंत्र प्रभात**

**साहेबगंज, झारखंड-** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नेशनल बूथ लेवल ट्रेनिंग कार्यक्रम के अंतर्गत 02-बोरियो (अनु0ज0जा0) विधानसभा क्षेत्र के तहत बोरियो प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 101 से 140 तक के बूथ लेवल ऑफिसर्स (BLO) के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम प्रखण्ड कार्यालय बोरियो के सभा कक्ष में आयोजित हुआ, प्रखंड विकास पदाधिकारी बोरियो-सह-सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी नागेश्वर साव द्वारा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया।प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, सुगठित और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने हेतु ख्रु को आवश्यक तकनीकी एवं प्रक्रियागत जानकारी प्रदान करना था।

**प्रशिक्षण में BLO को निम्नलिखित विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया-**

» मतदाता सूची का पुनरीक्षण

» नामांकन में सुधार की प्रक्रिया

» मतदाता सूची में स्वच्छ, समावेशी एवं त्रुटि रहित सुधार

» मृत/दोहराव मतदाताओं की पहचान

» दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं

» ई-ईपिक (e-EPIC) डाउनलोड प्रक्रिया

» निर्वाचन से संबंधित तकनीकी पहलुओं की जानकारी



इस अवसर पर प्रशिक्षण टीम द्वारा BLO की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया एवं उन्हें आगामी कार्यों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।प्रशिक्षक के रूप में मास्टर ट्रेनर धीरेंद्र कुमार एवं कंप्यूटर ऑपरेटर उज्जवल कुमार साह उपस्थित थे।

# जिला परिषद अध्यक्ष ने इनपुट डीलरों को दिया %देसी% डिप्लोमा प्रमाण पत्र, किसानों को वितरित किया बीज

**स्वतंत्र प्रभात**

**पाकुड़, झारखंड-** पाकुड़ स्थित आत्मा सभागार में शनिवार को "देसी" (DAESI - Diploma in Agricultural E&tension Services for Input Dealers) पाठ्यक्रम बैच 2020-21 के अंतर्गत इनपुट डीलरों को डिप्लोमा प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती जूली खिष्टमनी हेम्ब्रम ने की। उनके साथ मंच पर जिला कृषि पदाधिकारी सह आत्मा परियोजना निदेशक मृत्युंजय कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी प्रसेनजीत महतो एवं भूमि संरक्षण पदाधिकारी सुचित एक्का उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ।इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष ने सभी इनपुट डीलरों को डिप्लोमा प्रमाण पत्र प्रदान किए और उन्हें अपने क्षेत्र में किसानों के लिए तकनीकी मार्गदर्शक बनने की अपील की। उन्होंने कहा, "इनपुट डीलर किसानों तक खेती की आधुनिक तकनीक पहुंचाएं, ताकि किसान कम लागत में अधिक लाभ कमा सकें।

"तकनीकी जानकारी से खेती को मिले बढ़ावा जिला कृषि पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने बताया कि देसी पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित इनपुट डीलर किसानों को कृषि संबंधित समस्याओं के समाधान में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि इन डीलरों को खेती की वैज्ञानिक जानकारी दी गई है, जिसका उपयोग वे किसानों को मार्गदर्शन देने में करें।उन्होंने यह भी बताया कि यह पाठ्यक्रम मैनेज-हैदराबाद एवं समेती-रांची के मार्गदर्शन में संचालित किया जाता है, ताकि किसानों को गांव स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक, कीटनाशक आदि की जानकारी व समाधान मिल सके।

**बीज वितरण एवं तकनीकी प्रसार पर ज़ोर**

कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के अंतर्गत किसानों को उरद बीज का वितरण किया।देसी पाठ्यक्रम के फैसिलिटेटर मोहम्मद शमीम अंसारी ने कहा कि इनपुट



डीलरों को वैज्ञानिक तकनीकों का प्रचार-प्रसार करना चाहिए और खेतों में नई तकनीकों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन करना चाहिए ताकि किसान आधुनिक पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित हो सकें।

**कार्यक्रम में शामिल रहे ये अधिकारी एवं किसान**

कार्यक्रम में आत्मा पाकुड़ के उप परियोजना निदेशक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सह देसी पाठ्यक्रम फैसिलिटेटर मोहम्मद मेहबूब आलम, संजय कुमार, आत्मा के अन्य कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# चौपारण के मिथुन यादव ने यूपीएससी में लहराया परचम, बने रिसर्च ऑफिसर

**स्वतंत्र प्रभात**

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** चौपारण प्रखंड के टोईया गांव निवासी मिथुन यादव ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सहायक रिसर्च पदाधिकारी (खान मंत्रालय, भारत सरकार) परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर पूरे प्रखंड, जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। 15 सीटों के लिए जारी इस परिणाम में मिथुन ने अखिल भारतीय स्तर पर आठवां स्थान प्राप्त किया है।मिथुन अब भारत सरकार के खान मंत्रालय में सहायक रिसर्च पद पर अपना योगदान देंगे। उनकी यह उपलब्धि गरीबी और शुरुआती मुश्किलों को पार करते हुए मिली है, जो कई युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

**संघर्ष और सफलता की कहानी**

मिथुन की प्रारंभिक शिक्षा बिरसा उच्च विद्यालय, डुमरी से हुई। इंटरमीडिएट उन्होंने विज्ञान संकाय से उत्तीर्ण किया। इसके बाद उन्होंने आईआईटी क्वालीफाई कर आईआईटी आईएसएम धनबाद से मिनरल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। वर्ष 2021 में कैंपस प्लेसमेंट के जरिए उन्हें दक्षिण अफ्रीका में नौकरी मिली, जहां उन्होंने तीन वर्षों तक काम किया।

वर्ष 2024 में मिथुन का चयन भारत सरकार के भारतीय रेयर अर्थ लिमिटेड में सहायक प्रबंधक के पद पर हुआ। अब उन्होंने खान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निकाले गए सहायक रिसर्च ऑफिसर पद पर भी सफलता हासिल कर अपनी योग्यता का लोहा मनवाया है।

**गरीबी नहीं बनी सफलता में बाधा**

मिथुन बचपन से ही मेधावी छात्र रहे हैं। उनकी प्रारंभिक पढ़ाई के दौरान ही उनके पिता सोहर यादव का निधन हो गया था। इसके बाद उनके बड़े भाई संजय यादव ने उनकी शिक्षा की जिम्मेदारी संभाली। मिथुन ने अपनी मेहनत और लगन से न केवल चौपारण, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन



किया है।

**प्रखंड के दूसरे यूपीएससी सफल युवा बने मिथुन**

यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त करना किसी सपने के सच होने जैसा है। मिथुन चौपारण प्रखंड के दूसरे ऐसे युवा बन गए हैं, जिन्होंने यूपीएससी में सफलता हासिल की है। इससे पहले तिलैया जोकट के एक युवक ने यह उपलब्धि हासिल की थी। मिथुन की यह सफलता युवा पीढ़ी को कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

# एनएलसी के सीजीएम अभय भगत ने हेमपुर स्कूली बच्चों के बीच बांटा वाटर बोतल

**● सर्वांगीण विकास और एक श्रेष्ठ समाज के निर्माण में शिक्षा सबसे महत्वपूर्णः सीजीएम अस्पताल**

**स्वतंत्र प्रभात**

**लातेहार, झारखंड-** लातेहार.जिले के बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत धाधु पंचायत के हेमपुर प्राथमिक विद्यालय में जरूरतमंद बच्चों के बीच शुक्रवार को वाटर बोतल, चाकलेट के साथ-साथ विद्यालय के लिए सीलिंग फैन और अन्य सामान का वितरण ग्रामप्रधान दिलेश्वर गंझू, ग्राम शिक्षा समिति उपाध्यक्ष राजकुमार गंझू के उपस्थित में एनएलसी इंडिया लिमिटेड उत्तरी धाधु (पश्चिम भाग कोयला खान के अधिकारियों ने किया। इस तरह के सम्मान पाकर हेमपुर प्राथमिक विद्यालय (बालूमाथ के बच्चे का हर्ष और उत्साहित दिखे। एनएलसी के सीजीएम अभय भगत के नेतृत्व में टीम के सभी सदस्यों ने मिलकर यह सफल कार्य किया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की सरकारी विद्यालयों की स्थिति काफी नाजुक है। बच्चों को प्रोत्साहन और सहायता की आवश्यकता है। एनएलसी की ओर से बड़ा और छोटा-छोटा प्रयास हमेशा किया जाता है। सीजीएम अभय भगत ने हेमपुर प्राथमिक विद्यालय के प्रचार्या शिक्षकों के बीच छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में शिक्षा ग्रहण करने का अर्थ केवल किताबी ज्ञान अर्जित करने तक सीमित नहीं है, यह एक ऐसी यात्रा है, जिसमें हम स्वयं को और अपने अस्तित्व की खोज करते हैं। एक व्यक्ति के रूप में हमारे सर्वांगीण विकास और एक श्रेष्ठ समाज के निर्माण में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। एक व्यक्ति बचपन में जिस प्रकार की शिक्षा और संस्कार प्राप्त करता है उसी से उसका चरित्र निर्माण होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि किताबी ज्ञान तक सीमित ना रहें स्वयं के अस्तित्व की खोज कर आपने जीवन को सफल बनायें। उन्होंने कहा कि बचपन के संस्कार संपूर्ण जीवन में काम आते है, इसलिए हमें बच्चों को बचपन से ही संस्कारवान शिक्षा प्रदान कर भविष्य के निर्माण के लिए कार्य करना होगा। सीजीएम अभय भगत ने विद्यार्थियों से जीवन का लक्ष्य तय करते हुए पूर्ण मनोयोग, ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा से कार्य करने को कहा। यही मूल मंत्र जीवन को सफल बनायेगा। स्वामी विवेकानंद को याद करते हुए सीजीएम अभय भगत ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि प्रत्येक मनुष्य में अनंत ऊर्जा शक्ति का भंडार है उसे सिर्फ जानने और दिशा देने की जरूरत है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में कभी कोई परेशानी आती है तो उसे सकारात्मक सोच के साथ समस्या



का समाधान करें।

उन्होंने बच्चों से कहा कि यह शिक्षा का कालखंड दोबारा आपके जीवन में कभी नहीं आयेगा, समय बहुमूल्य है इसकी महत्ता को सभी को समझना होगा, एक-एक पल जीवन के लिए उपयोगी है। अगर हम समय को समझ लेते हैं तो अपने जीवन के साथ ही अपने गांव, प्रखंड, जिला और झारखंड राज्य का नाम रोशन कर सकते है। मौके पर विधालय प्रचार्या जशमणी कुमारी लकड़ा, शिक्षक राजेंद्र खलखो, ग्रामप्रधान दिलेश्वर गंझू, ग्राम शिक्षा समिति उपाध्यक्ष राजकुमार गंझू तथा एनएलसी इंडिया लिमिटेड उत्तरी धाधु (पश्चिम भाग) कोयला खान के अधिकारियों में एनएलसी डीजीएम देवेंद्र खोट, इंजीनियर शंभू कुमार, मुकेश कुमार, पुष्पम कुमार, जुबैर अहमद, राजीव रंजन सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ प्राण प्रतिष्ठा समारोह

**स्वतंत्र प्रभात**

**गाजीपुर (बाराचवर)** गाजीपुर जनपद के बाराचवर गांव में भव्य शिव मंदिर का निर्माण कराया गया है । जहां शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया है। इस दौरान पांच दिनों तक प्राण प्रतिष्ठा का कार्य किया जायेगा। तत्पश्चात पांच दिनों बाद 15 तारीख को भंडारे के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हो जायेगा। प्राण प्रतिष्ठा का कार्य प्रकांड विद्वान निर्भय नारायण पांडेय अपने मुखारविंद से मंत्रों का उच्चारण कर करायेंगे। पंडित निर्भय नारायण पांडेय ने बताया की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्य सर्व प्रथम कलश यात्रा के साथ शुरू होता है । जो पांच दिनों तक भगवान का मंत्रों द्वारा आवाहन किया जाता है । जिसमें पांच दिनों तक गांव के लोग जजमान के रूप में पुजा स्थल पर विराजमान होते हैं । पंडित निर्भय नारायण पांडेय ने बताया की किसी भी अनुष्ठान या



यज्ञ से पहले कलश यात्रा निकाली जाती है । कलश यात्रा का अनुष्ठान या यज्ञ से पहले बहुत बड़ा महत्व होता है ? उन्होंने बताया की जिस गांव में अनुष्ठान या यज्ञ होता है अगर वहां से गंगा माता नजदीक है तो कलश यात्रा मां गांगा से जल से शुरू होता है । जिस गांव से मां गांगा बहुत दुर है तो वेदों के अनुसार गांव के नजदीक तालाब से जल लेकर भी कलश यात्रा आयोजन किया जा सकता है । उन्होंने बताया की किसी भी अनुष्ठान या यज्ञ में वरुण देवता का बहुत बड़ा महत्व होता है । इसीलिए कलश यात्रा का आयोजन किया



जाता है । बहरहाल बाराचवर गांव में भगवान शिव का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित हो चुका है । इस मौके पर गांव के लोग जिसमें, अवध बिहारी मिश्र, नन्द किशोर मिश्र, बृजेश सिंह, आनंद सिंह , शिक्षक रणजीत सिंह, बुल्लू सिंह , सियाराम गुप्ता, राजाराम पांडेय, मुन्ना सिंह उर्फ महेंद्र सिंह, उपेंद्र पांडेय, अश्विनी सिंह, चंद्र भुषण मिश्र, शशिभूषण मिश्र, संजय पांडे, दयानंद कुशवाहा, अजय सिंह, निरज तिवारी, निधि सिंह , पुनम सिंह, निशा सिंह, रेखा सिंह आदि पुरुष व महिला शामिल रहे।

# सपा ने विधानसभा क्षेत्रों के संगठन प्रभारियों के नाम किये घोषित

**● महानगर में मनरेगा के तहत अकुशल कामगारों को 110 वार्डों में रोजगार देने सरकार पीछे हट रही**

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय में आरंभ हुई। जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद में कहा कि गोविंद नगर में महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर किदवई नगर में सत्यनारायण गहरवार अर्पित त्रिवेदी कैंट में शादाब आलम रजत मिश्रा आर्य नगर में फखरे आलम अंसारी नंदलाल जायसवाल सीसामऊ विधानसभा में सौरभ सिंह अरमान खान सहित पांचो विधानसभा क्षेत्रो के प्रभारियों को मनोनीत किया गया जिन्हें आज चार्ज देकर प्रदेश अध्यक्ष ने सपा के निर्देशानुसार निर्देशित किया गया है कि उपरोक्त प्रभारीगण अपने-अपने क्षेत्रो में पीडीए पंचायत कराएंगे तथा मतदान केंद्र स्तर के साथ वार्डो में बूथ बैठक कराएंगे तथा बी एल ए गठित कर ऑनलाइन मतदाता सूची में नाम दर्ज कराएंगे व मतदाता सूची के साथ बी एल ओ द्वारा यदि किसी मतदाता का नाम काटा जाता है तो उसकी रिपोर्ट करेंगे जिसे आयोग को सौंप जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी मनरेगा अधिनियम के अंतर्गत कानपुर महानगर की पांचो विधानसभा में अकुशल कर्मचारियों के लिए मनरेगा चालू कर रोजगार की गारंटी दी जाए क्योंकि शहर के 110 वार्डो की टूटी सड़के टूटी नालियां गड्ढे मैनहोल जाम टनो कूडा नालियों में बज बजा रहा है लेकिन भाजपा सरकार इस ओर उदासीन है केंद्र सरकार को मनरेगा कानपुर महानगर में लागू करना चाहिए क्योंकि बजट 2025 26 में 86 हजार करोड़ का आवंटन ग्रामीणों में हुआ है लेकिन खर्च नहीं हो पाया इसलिए महानगर में मनरेगा चालू करके कामगारों को काम दिया जाए। बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद प्रदेश सचिव के के शुक्ला महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू महेंद्र सिंह बड़े ठाकुर आनंद शुक्ला शादाब आलम मुमताज मंसूरी वरुण जायसवाल हुकुम सिंह यादव आकाश यादव मुमताज मंसूरी वरुण जयसवाल सुधांशु मिश्रा आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# एसएसपी ने बारबर शॉप का किया उद्घाटन

**स्वतंत्र प्रभात**

**अलीगढ़।** एसएसपी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में जीर्णोद्धार किए गए बार्बर शॉप का उद्घाटन किया गया । एवं बार्बर शॉप हेतु मंगवाए गए नए उपकरणों एवं सामग्रियों का निरीक्षण किया गया । महोदय द्वारा परिसर में साफ-सफाई रखने एवं आस-पास पौधे लगाने के निर्देश भी दिये।

उक्त वातानुकूलित बारबर शॉप आधुनिक मशीनों और सुविधाओं से लैस है जिसका लाभ जनपद के समस्त पुलिसकर्मी ले सकेंगे । बार्बर शॉप में जवानों के लिए पानी, वेटिंग एरिया में बैठने हेतु एसी, सोफा आदि की उचित व्यवस्था करायी गयी है एवं 04 कुर्सी क्षमता की मॉडर्न बार्बर शॉप है जिसमें कार्य हेतु 03 कर्मचारी (राहुल कुमार, सुरेन्द्र कुमार, गौरव) नियुक्त हैं ।

उद्घाटन के दौरान पुलिस अधीक्षक यातायात प्रवीन कुमार, स0पु0अ0/क्षेत्राधिकारी लाइन्स मयंक पाठक , क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय सर्वम सिंह, प्रतिसार निरीक्षक अनुभव कुमार त्रिपाठी व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे ।



**अवैध असलाहों के साथ दो दबोचे**

अलीगढ़। थाना गंगीरी पुलिस टीम ने दो शातिर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध तमंचा कारतूस व छुरा बरामद किया है।

पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान बिलाल पुत्र नूर मौहम्मद निवासी मौहल्ला रजानगर थाना क्वार्सी को मय एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस सहित तथा अबरार पुत्र इशरार निवासी मौहल्ला रजानगर थाना क्वार्सी को मय एक अवैध छुरा सहित काली नदी पुल ग्राम हिदरामई से गिरफ्तार किया गया है।

# संक्षिप्त खबरें

## कांवरियों पर की गई पुष्प वर्षा, दिखा आपसी सौहार्द

**आपसी प्रेम व सद्भाव की एकता देख प्रसन्न दिखे कांवरिया।**



**जौनपुर** जफराबाद कस्बे में कांवर लेकर जा रहे कांवरियों के ऊपर नगर पंचायत जफराबाद के चेयरमैन प्रतिनिधि द्वारा पुष्प वर्षा की गई। बता दें कि जफराबाद कस्बे से हर हर महादेव कांवरिया संघ के नेतृत्व में शनिवार को कांवरियों का जत्था काशी विश्वनाथ में जलाभिषेक करने के लिए कांवर लेकर जा रहा था मुख्य मार्ग पर नगर पंचायत जफराबाद के चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ सरफराज खान ने अपने सहयोगियों के साथ कांवरियों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें रवाना किया गया। डॉ सरफराज खान द्वारा कांवरियों पर पुष्प वर्षा करने के दौरान आपसी एकता और प्रेम देख कांवरिया संघ भी प्रसन्न दिखे। कांवरियों के पुष्प वर्षा करने के दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि के साथ सभासद रविकांत मोदनवाल, जोगेंद्र निषाद, ओवैश खान, अजहर जमाल, शाहनवाज, विवेक जायसवाल, वेद प्रकाश, शिवम, सौरभ आदि मौजूद रहे।

## समाधान दिवस- मात्र दो मामले के निस्तारण से फरियादी हुए मायूस



**खेतासराय (जौनपुर)** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को नायब तहसीलदार पीयूष सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान छह मामले सामने आए, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अधिकतर मामले राजस्व विभाग से संबंधित थे। नायब तहसीलदार पीयूष सिंह ने बताया कि समाधान दिवस में आने वाले मामलों की निष्पक्ष जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शेष मामलों का निस्तारण जल्द ही किया जाएगा। थानाध्यक्ष रामाश्रय रॉय ने बताया कि अन्य मामलों के निस्तारण के लिए टीमों को गठित कर मौके पर रवाना किया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष रामाश्रय रॉय, कस्बा चौकी इंचार्ज मोहम्मद तारीक अंसारी, हेड कांस्टेबल नफीस अहमद, कांस्टेबल बृकेश यादव और अंकुश सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## किसान की आकाशीय बिजली गिरने से मौत, गांव में मचा कोहराम



**मोहनलालगंज।** लखनऊ, राजधानी लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र के हिम्मत खेड़ा गांव में शनिवार को खेत में काम कर रहे एक किसान की आकाशीय बिजली गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक किसान की पहचान राजेश कुमार रावत (54) पुत्र स्व. रामकरन रावत निवासी परवर पूरब स्थित हिम्मत खेड़ा गांव के रूप में हुई है। शनिवार दोपहर वे अपनी पत्नी श्याम दुलारी और तीन बच्चों के साथ खेत में धान की बेढ़ लगाने गए थे। इस दौरान अचानक मौसम बिगड़ा और तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आकर राजेश गंभीर रूप से झुलस गए।बिजली गिरने की तेज आवाज से उनकी पत्नी और बच्चे भी घबरा कर बेहोश हो गए। होश में आने के बाद परिजनों ने आनन-फानन में राजेश को बंथरा स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर बिजनौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों के अनुसार, राजेश कुमार रावत बेहद सरल स्वभाव और व्यवहार कुशल व्यक्ति थे। उनकी असमय मौत से पूरा गांव स्तब्ध है। घर में कोहराम मचा हुआ है और शोक संतप्त परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।बताया जा रहा है कि मौसम विभाग द्वारा पहले ही आकाशीय बिजली गिरने की संभावना को लेकर अलर्ट जारी किया गया था। बावजूद इसके, घटना ने एक परिवार को बेसहारा कर दिया।

# बड़ा सड़क हादसा टला, गड्ढे में पलटी बस सभी यात्री सुरक्षित

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर।** महराजगंज थाना क्षेत्र में शनिवार को एक बड़ा हादसा उस वक्त बाल-बाल टल गया जब एक यात्री बस तेज रफ्तार डंपर से पास लेने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे कच्चे रास्ते में जा घुसी और पलट गई। गनीमत रही कि बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित रहे और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस की तत्परता से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। कुछ यात्रियों को प्राथमिक उपचार हेतु स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां उनकी हालत सामान्य बताई गई है।

इस संबंध में क्षेत्राधिकारी बदलापुर श्री विवेक कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया, "बस और डंपर के बीच पासिंग के दौरान बस चालक का नियंत्रण बिगड़ गया, जिससे बस सड़क से उतरकर कच्चे रास्ते में चली गई और पलट गई। सौभाग्य से किसी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई है। मामले की जांच की जा रही है।" स्थानीय नागरिकों ने बताया कि इस मार्ग पर अक्सर भारी वाहनों की तेज आवाजाही बनी रहती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने प्रशासन से सड़क के चौड़ीकरण एवं आवश्यक संकेतक लगाए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# जमीनी विवाद में सात लोग गिरफ्तार



**खेतासराय(जौनपुर)।** स्थानीय पुलिस ने शनिवार को ग्राम मानीकलाँ से जमीनी विवाद को लेकर सात लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में रामधनी, जगदीश प्रसाद, सुरेन्द्र कुमार, राजेश यादव, मोहित कुमार, चुन्ना लाल यादव और राजेन्द्र यादव शामिल हैं। पुलिस ने इनके खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित न्यायालय में चालान पेश किया है। एसओ रामाश्रय रॉय ने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में की गई है।

# तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने थाना प्रभारी समेत 4 अधिकारीयो को किया निलंबित

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर** के मुंगरा बादशाहपुर क्षेत्र में भूमि विवाद से जुड़े एक मामले में बड़ी कार्यवाही की है। एसपी डॉ कौस्तुभ ने थाना प्रभारी दिलीप कुमार सिंह समेत दो सिपाही व एक लेखपाल को निलंबित कर दिया है। बड़ा गांव के रहने वाले गौरी शंकर सरोज ने भूमि संबंधित एक जनहित याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता का आरोप है कि लेखपाल और दो सिपाहीयो ने उन्हें धमकाया । सिपाही पंकज मौर्या और नीतेश कुमार गौंड ने उन्हें वाहन में बैठाकर थाने ले जाने के बहाने कुछ दूर ले गए वहां उनसे 2000 हजार रुपए लेकर छोड़ दिया।

जब याचिकाकर्ता ने उच्चाधिकारियों से शिकायत की तो थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह ने उन्हें फोन कर अनुचित दबाव बनाया। इसके बाद याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। हाई कोर्ट के निर्देश पर एसपी ने स्वयं मामले की जांच की जांच में दोषी पाए जाने पर थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह समेत दो सिपाही को निलंबित कर दिया। मछली शहर एसडीएम ने लेखपाल को निलंबित किया। सभी आरोपियों के खिलाफ मुंगराबादशाहपुर थाने पे मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच चल रही।

# बहन के घर बुलाकर महिला को पीटा पति सहित छह लोगों पर गंभीर आरोप खेत में ले जाकर दी जान से मारने की धमकी

स्वतंत्र प्रभात

**नगराम, लखनऊ।** नगराम थाना क्षेत्र के पालखेड़ा मजरा पतौना निवासी महिला विजयलक्ष्मी पत्नी धनीराम ने अपने ही पति और ससुराल पक्ष के कई अन्य लोगों पर जानलेवा हमला करने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।पीड़िता विजयलक्ष्मी ने बताया कि वह बीते तीन-चार दिनों से अपनी बहन रूपरानी के घर मोहल्ला बिलिया, कस्बा नगराम में रह रही थी।बीते शुक्रवार को दोपहर लगभग 3 बजे उसकी बहन रूपरानी उसे अमरूद खिलाने के बहाने खेत की ओर ले गई। पीड़िता के अनुसार खेत पर पहले से ही उसका पति धनीराम पुत्र स्व. रामकुमार, जीजा काशीराम, काशीराम का बेटा कमल, बेटी काजल, और रूपरानी की बहू जिसका नाम अज्ञात है पहले से मौजूद थे।

जैसे ही विजयलक्ष्मी खेत में पहुंची, सभी आरोपितों ने उसे घेर लिया और उसे गंदी-गंदी गालियाँ देने लगे। विरोध करने पर उन सभी ने मिलकर पीड़िता को बुरी तरह लात-घूंसों से पीटा।

इतना ही नहीं, उसका गला दबाकर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़िता के अनुसार, इस हमले में उसे पूरे शरीर पर गंभीर चोटें आई।घटना से सहमी विजयलक्ष्मी ने तत्काल डायल 112 पर फोन कर पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़िता की तहरीर के आधार पर सभी आरोपितों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कर ली है।पीड़िता ने बताया कि पहले भी उसके साथ मारपीट की घटनाएं होती रही हैं लेकिन इस बार उसे साजिश के तहत खेत में बुलाकर मारा गया। पीड़िता ने सभी नामजद आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है।

नगराम पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और सभी आरोपों की पुष्टि के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।



मेरी बहन ने मुझे अमरूद खिलाने के बहाने खेत ले जाकर पहले से मौजूद लोगों से पिटवाया। सभी ने मिलकर मेरी जान लेने की कोशिश की, मैं बहुत डरी हुई हूं। पुलिस से निवेदन है कि मुझे न्याय दिलाया जाए। नगराम थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक चौधरी ने बताया कि प्रार्थिनी की तहरीर प्राप्त हुई है, मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# वृक्ष धरा के भूषण करते दूर प्रदूषण

**● एक वृक्ष माँ के नामफ़के आधार पर स्कूल के बच्चों द्वारा रोपण किया गए सैकड़ों पौधे**

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर** श्रावण मास के पहले दिन पार्थ ग्लोबल एकेडमी सहकारी कालोनी पूर्वी रुहट्टा जौनपुर शहर के सभी छात्र छात्राओं एवं अध्यापिकाओं ने स्कूल कैम्पस में कुल 100 से अधिक छायादार वृक्षों का रोपण किया। सभी बच्चों ने बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल के निर्देशन में, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन ÷एक वृक्ष माँ के नाम÷ पर बढ़-चढ़ कर वृक्षारोपण किया, तथा शपथ ली, कि जब तक इस विद्यालय में रहूँगा, इसकी समय-समय पर सेवा और संरक्षण करता रहूँगा। जब कभी कैंपस में मेरा आना होगा, मैं अपने द्वारा लगाये गये पौधों को देखकर अत्यंत खुशी महसूस करूंगा। अन्त में अफ्शा, अशियम आदि सहित स्कूल के समस्त बच्चों और छात्र छात्राओं को अध्यापिकाओं प्रतिभा सिंह,रश्मि सिंह, निहारिका शर्मा,साक्षी सोनी,श्वेता सिंह, सोनम मिश्रा,स्वाती श्रीवास्तवा एवं पार्वती मौर्या द्वारा वृक्षारोपण के महत्व को बताया गया कि किस प्रकार वृक्ष पर्यावरण को शुद्ध बनाते हैं, एवं हमें जीवन भी देते हैं, इसी लिए धर्म में कहा गया है कि ÷एक वृक्ष दस पुत्र समान है÷जलवायु को शुद्ध रखने का एक ही माध्यम सबसे सरल है, वह है वृक्षारोपण। अन्त में विद्यालय की प्रधानाचार्या शिप्रा सिंह ने सभी बच्चों एवं अध्यापिकाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं सभी शिक्षिकाओं के साथ साथ प्रबन्धक डॉ0 सत्येन्द्र प्रताप सिंह एवं डॉ0 सरोज सिंह तथा अन्य शिक्षणेत्तर कर्मचारी पवन अग्रहरि, राजमन राव, प्रशान्त, करन कुमार, राधिका आदि लोग भी उपस्थित रहे।

# भाटनखेड़ा मार्ग पर उगी झाड़ियाँ बनीं हादसों की वजह, चेयरमैन प्रतिनिधि के निर्देश पर शुरू हुई सफाई

**●संपर्क मार्ग की उपेक्षा से ग्रामीण परेशान, राहगीरों को हो रही थी भारी दिक्कत ।**

स्वतंत्र प्रभात

**मोहनलालगंज।लखनऊ,**
मोहनलालगंज नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव भाटनखेड़ा को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग इन दिनों उपेक्षा का शिकार बना हुआ था। मार्ग की दोनों पटरियों पर घनी झाड़ियाँ और झंखाड़ उग आए थे, जिससे राहगीरों, साइकिल और दोपहिया वाहन चालकों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।स्थानीय निवासियों के अनुसार, यह मार्ग काफी व्यस्त और महत्वपूर्ण है, लेकिन नगर पंचायत की लापरवाही के चलते इसकी सफाई महीनों से नहीं हुई थी। झाड़ियों के कारण लोग सड़क के किनारे उतरने से डरते थे क्योंकि गिरने या दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहता था।व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं चेयरमैन प्रतिनिधि सत्यम पांडेय ने बताया कि सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के चलते अक्सर लोगों को किनारे हटना पड़ता है, लेकिन पटरियों पर उगी झाड़ियों के कारण यह भी संभव नहीं था। यही वजह है कि बीते कुछ समय से इस मार्ग पर दुर्घटनाएं बढ़ गई थीं।ग्रामीणों ने इस मामले में नगर पंचायत प्रशासन से बार-बार शिकायत की, जिसके बाद चेयरमैन अजय पांडेय %सत्यम% ने संज्ञान लेते हुए तत्काल जेसीबी मशीन भेजकर सड़क की पटरियों की सफाई करवाई। शनिवार को मशीन द्वारा मार्ग से अवरुद्ध झाड़ियाँ और झंखाड़ हटाए गए, जिससे लोगों को काफी राहत मिली।स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत की त्वरित कार्रवाई की सराहना की, साथ ही मांग की कि ऐसी साफ-सफाई नियमित रूप से होती रहे ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी और दुर्घटना से बचा जा सके।



# अपनी 50 वीं वैवाहिक वर्षगांठ अनादि सेवा समिति के संरक्षक रमाकांत गुप्ता ने पत्रकारों को सम्मानित कर मनाई

स्वतंत्र प्रभात

**काकोरी लखनऊ,** समाज सेवा के क्षेत्र में अपना विशेष स्थान रखने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग संचालक एवं अनादि सेवा समिति के संरक्षक रमाकांत गुप्ता ने अपने सफल वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया और आयोजन के उपरांत क्षेत्र में निवास करने वाले पत्रकार बंधुओं को अपने निज निवास पर बुलाकर उन्हें उपहार सहित सम्मानित किया।प्रति वर्ष राम कथा,कवि सम्मेलन,मुफ्त चिकित्सा शिविर जैसे अनेकानेक जन हितार्थ कार्य करने वाले ,क्षेत्र में दादू जी के नाम से जाने जाने वाले का क्षेत्र में अत्यधिक सम्मान है। लोगों के सुख दुख में हमेशा खड़े रहने वाले सामाजिक कार्य में दिल खोलकर दान करते हैं। अपने द्वार पर आए हुए पीड़ित की हर संभव मदद करने का प्रयास करते हैं। आए हुए समस्त अतिथियों ने उन्हें सफल वैवाहिक जीवन की बधाई दी और स्वस्थ दीर्घायु रहने की कामना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से अनादि सेवा समिति के राष्ट्रीय महासचिव दिनेश कुमार श्रीवास्तव, खंड प्रचारक धीरेन्द्र जी, बालकेश्वर जी, पत्रकार ज्ञान सिंह, एस पी गौतम,विनय कौशिक, एस पी सिंह चौहान,आलोक कश्यप, श्वेतांक सिंह,राजेश रावत,अमरेंद्र सिंह, पंकज विश्वकर्मा,विजय रावत,नवाब अली,दीपक कन्नौजिया,तौहीद सहित अन्य पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।



# डीएम एसपी ने परखी देवदेश्वर घाट की व्यवस्थाएं, अधिनिस्थो को दिए सख्त निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही** 12 जुलाई 2025- शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने थाना गोपीगंज में आए हुए फरियादियों की जन समस्याओं को सुना तथा उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को फरियादियों के शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस अवसर पर पुरानी शिकायतों का फीडबैक भी लिया और जिसमें संतोषजनक निस्तारण नहीं पाया गया उसमें संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए उनकी पुनः जांच कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया। थाना गोपीगंज में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्राप्त 21 प्रार्थना पत्रों में से 03 का मौके पर निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्र को संबंधित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित किया कि संबंधित अधिकारी गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित करें।इसी क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा सर्किल के थानों एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा सम्बंधित थानों पर प्रशासनिक टीम के साथ समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण राजस्व कर्मियों की उपस्थिति में किया गया। जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए कुछ का मौके पर ही निस्तारण किया गया

तथा कुछ प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके।

आज आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान समस्त थानों पर प्राप्त कुल-119(राजस्व विभाग से सम्बंधित 104 व पुलिस-15) प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस विभाग से सम्बंधित सभी 15 व राजस्व विभाग से संबंधित 02 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम का गठन कर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु व्यापक निर्देश दिए गए।

## कोटेदार संगठन के पदाधिकारी जिलाधिकारी और जिलापूर्ति अधिकारी को सौपेंगे ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

**मिश्रिख (सीतापुर)** संगठन आल इंडियन फेयर प्राइस शाप डीलर एशोसिएशन इकाई सीतापुर द्वारा जिला अध्यक्ष राम लषन सिह यादव एवं संगठन के प्रांतीय महासचिव एवं हम सभी के सरंक्षक अशोक सिंह के नेतृत्व मे दिनांक 15 जुलाई 2025 को कोटेदारों की विभिन्न वर्तमान समस्याओं से संबन्धित एक ज्ञापन जिला अधिकारी एवं जिला पूर्ति अधिकारी को प्रेषित करना है ।

संगठन द्वारा निधारित कार्यक्रम के अनुसार समय 9.30 प्रातः जिला अधिकारी सीतापुर को ज्ञापन प्रेषित करके पैदल मार्च करते हुए समय 10.30 बजे जिला पूर्ति अधिकारी . को ज्ञापन सौंपा जाएगा एवं वार्ता भी की जाएगी।

अतः संगठन की जिला कार्य करिणी के साथ समस्त इकाइयों तहसील, ब्लाक, एवं नगर के सभी सम्मानित पदाधिकारी गण एवं सभी कोटेदार बंधुओं विशेष कर जो हमारे ग्रुप से जुड़े हुए हैं सभी का दायित्व है कि अधिक से अधिक कोटेदार बंधुओं को सूचित एवं प्रेरित कर के दिनांक - 15/07/025 (15 जुलाई 2025 )निर्धारित समय ठीक 9.30 बजे उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएँ 7 यह कार्यक्रम आप सभी का है। 15 जुलाई के कार्यक्रम के बाद संगठन की प्रॉतीय कार्यकरणी प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी जी उपाध्यक्ष गिरीश तिवारी जी महासचिव अशोक सिंह के द्वारा आप सभी कोटेदारों से प्राप्त सुझावों पर गहन विचार विमर्श के बाद दिनांक 18 जुलाई 2025 को कार्यालय खाद्य आयुक्त जवाहर भवन लखनऊ के घेराव का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है ।

हमारा जिला सीतापुर लखनऊ का पड़ोसी जिला है इसलिए हमारा कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व भी है कि हमारी संख्या बल भी अधिक होनी चाहिए और यह . आपके सहयोग से ही संभव है जिला अध्यक्ष रामलषन सिंह यादव, जिला महासचिव विशाल रस्तोगी,जिला संगठन मंत्री विजय पाल वर्मा, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

# शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी थानों पर आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

**● जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना गोपीगंज पर आए हुए फरियादियों की जन समस्याओं को सुना**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** 12 जुलाई 2025- शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने थाना गोपीगंज में आए हुए फरियादियों की जन समस्याओं को सुना तथा उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को फरियादियों के शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस अवसर पर पुरानी शिकायतों का फीडबैक भी लिया और जिसमें संतोषजनक निस्तारण नहीं पाया गया उसमें संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए उनकी पुनः जांच कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया। थाना गोपीगंज में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्राप्त 21 प्रार्थना पत्रों में से 03 का मौके पर निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्र को संबंधित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित किया कि संबंधित अधिकारी गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित करें।इसी क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा सर्किल के थानों एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा सम्बंधित थानों पर प्रशासनिक टीम के साथ समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण राजस्व कर्मियों की उपस्थिति में किया गया। जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए कुछ का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा कुछ प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके।आज आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान समस्त थानों पर प्राप्त कुल-119(राजस्व विभाग से सम्बंधित 104 व पुलिस-15) प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस विभाग से सम्बंधित सभी 15 व राजस्व विभाग से संबंधित 02 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम का गठन कर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु व्यापक निर्देश दिए गए।




# पिछले चार वर्षो से पिंकी कालाजार उन्मूलन में चला रहीं जागरूकता मुहीम

देवरिया, 12 जुलाई। गर्मियों की छुट्टी के बाद खुले विद्यालय तो कालाजार चैम्पियन पिंकी चौहान ने कालाजार उन्मूलन में चला जागरूकता मुहीम को तेज कर दिया है। जुलाई माह में खुले विद्यालय तो पिंकी ने भी अपनी पाठशाला शुरू कर दी है। पिंकी आजकल नए नाम से जानी जाती है। साइकिल वाली दीदी, जिसकी पाठशाला कहीं भी शुरू हो जाती है। अपने उस दर्द की याद को ताजा करती है, जो कालाजार बीमारी से पीड़ित होने के दौरान उसने झेला था उस आप बीती को सुनाकर विद्यालय के बच्चों को बीमारी की गंभीरता से बताते हुए बचाव व इलाज के प्रति जागरूक करती हैं। जिले का बनकटा ब्लॉक जहां कुछ गांव कालाजार जैसी बीमारी से प्रभावित रहते हैं। इस ब्लॉक की नियरवा गांव निवासी कालाजार चैम्पियन पिंकी पिछले 4 वर्षो से कालाजार उन्मूलन में अपनी सहभागिता निभाते हुए नियरवा व आस-पास के गांवों और विद्यालयों में जागरूकता मुहीम चला रही हैं। कालाजार से पीड़ित पिंकी ने जिस दर्द को सहा था, अब उसे लोगों के बीच ले जा रही हैं। उन्हें एहतियात बरतने की सलाह देती हैं। पिंकी की पाठशाला हर जगह चलती है। लोगों के बीच जागरूकता फैला रही पिंकी अब साइकिल वाली दीदी के रूप में भी जानी जाने लगी है। पिंकी कालाजार रोग को हराने की मुहिम में जुटी हैं। पिंकी अपनी पाठशाला में ब्लैक बोर्ड पर कालाजार फैलाने वाली बालू मख्खी चित्र बनाकर विद्यालय के बच्चों को इस रोग के बारे में बताती हैं। पिंकी कालाजार सर्वाइवर हैं। वर्ष 2015 में जब वह 12 साल की थी, तब उन्हें कालाजार हुआ था। वह अभी तक उस दर्द को भुला नहीं पाई हैं। पिंकी को जब कालाजार हुआ तो वह इस रोग को मात देने में सफल रही। लेकिन एक साल बाद कालाजार का दोबारा अटैक हुआ। पोस्ट कालाजार इंफेक्शन ने उनकी त्वचा को प्रभावित किया। उन दिनों को याद कर आज भी पिंकी सिहर उठती है। उनके अभियान को उनके माता-पिता का भी सहयोग मिला हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### संयुक्त पुलिस आयुक्त ने किया आनंदेश्वर मंदिर व परमट घाट का निरीक्षण



**कानपुर।** आज दिनांक 12.07.2025 को संयुक्त पुलिस आयुक्त क़ानून एवं व्यवस्था आशुतोष कुमार द्वारा श्रावण मास की तैयारियों के तहत थाना ग्वालटोली अंतर्गत श्री आनंदेश्वर महादेव धाम, परमट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दर्शन, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, आपातकालीन निकासी, सीसीटीवी निगरानी व पुलिस बल तैनाती आदि की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अफवाहों एवं असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने व श्रद्धालुओं को सुरक्षित, व्यवस्थित और शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

### वर्षा से ट्रेक धंसा कालिंदी एक्सप्रेस दुर्घटना ग्रस्त होने से बची



**कानपुर।** आज दिनांक 12.07.2025 को मरियानी (चौबेपुर) में भारी बारिश से रेलवे ट्रैक पर हल्का धंसाव हुआ, लेकिन कालिंदी एक्सप्रेस के ड्राइवर की सतर्कता से कोई बड़ी दुर्घटना होने बच गई। कालिंदी एक्सप्रेस दिल्ली से कानपुर की तरफ आ रही थी तभी चौबेपुर के पास ड्राइवर को ट्रेक धंसा दिखा। कालिंदी एक्सप्रेस के चालक ने सतर्कता दिखाते हुए ट्रेन रोकी। रेलवे टीम ने तत्काल मरम्मत कर ट्रेन को रवाना किया। आवागमन सामान्य, लॉ एंड ऑर्डर पूर्णतः नियंत्रण में है।

### कल्याणपुर पुलिस ने सेक्स रैकेट का किया पर्दाफाश



**दो संचालक, दो महिलाएं व सात अन्य को पुलिस ने हिरासत में लिया।**

**कानपुर।** कल्याणपुर पुलिस ने अशोक नगर क्षेत्र के गूबा गार्डन कालोनी के एक मकान में एक सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया है। इसको दो संचालक चला रहे थे। यह जानकारी देते हुए अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने बताया कि इंस्पेक्टर



कल्याणपुर को यह सूचना मिली कि उपरोक्त जगह पर एक सेक्स रैकेट संचालित किया जा रहा है। इसमें इंस्पेक्टर कल्याणपुर ने अपनी पूरी टीम के साथ कार्रवाई की है। इसको दो संचालक शुभम् पटेल व आशीष पाल संचालित थे, इनके द्वारा यह सेक्स रैकेट संचालित किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि इन लोगों ने मोबाइल पर एक एप बना रखा था जिसके माध्यम से ये लड़कियां दिखाकर कस्टयूमर से डील करते थे। इनके मोबाइल को जब देखा गया उसमें कई लड़कियों के फोटो ग्राफ थे। इनके कस्ट्यूमर लड़कियों को या तो होटल ले जाते थे या उसी मकान के नीचे बेसमेंट बना था वहां ले जाते थे। इसमें दो संचालक, दो महिलाएं, तथा 7 अन्य लोग 16 से 25 वर्ष के पकड़े गए हैं।

### अपहरण के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़ ।** वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले जाने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना लीलापुर में 08 जुलाई को अंतर्गत धारा 137(2), 87 बीएनएस बनाम अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना लीलापुर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में उप निरीक्षक रामनरेश मय हमराह का0 राजकुमार सिंह द्वारा वांछित अभियुक्त की तलाश में मुखबिर की सूचना पर 02 वांछित अभियुक्तों दीपक कुमार पुत्र रामधन निवासी ग्राम तिलौरी थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़,रवि कुमार पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम पलटन बाजार थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र लीलापुर के गहरी मोड़ के समीप आम के बाग के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त रवि कुमार की निशानदेही पर अपहृता का बैग बरामद किया गया।

## सीएम डैश बोर्ड की बैठक में उपयुक्त उद्योग को कड़ी फटकार

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर नगर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में सीएम डैशबोर्ड के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समीक्षा में कमजोर प्रदर्शन करने वाले डी तथा सी श्रेणी लाने वाले के विभागों को शो कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। डी श्रेणी में शामिल विभाग- जिला पंचायतीराज विभाग (डीपीआरओ), उपायुक्त उद्योग, समाज कल्याण विभाग, सी श्रेणी में शामिल विभाग- ग्राम विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, उपायुक्त उद्योग, हैं।

इन विभागों को जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 25 जुलाई तक विभागीय रैंकिंग में सुधार नहीं होता है तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध एडवर्स एंट्री की कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी सुश्री शिल्पी सिंह को पारिवारिक लाभ योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि "निपुण भारत अभियान"के तहत कार्यो में गति लाए। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि अपने कार्यों में निष्ठा पूर्वक सुधार लाकर जिले की रैंकिंग में सुधार करे। उन्होंने ने डीसी एनआरएलएम (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) में छूटे हुए लाभार्थियों के खाते बैंक से लिंक कराने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

साथ ही, समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि यदि बैंक लिंकेज कार्य में लापरवाही पाई गई तो उत्तरदायित्व तय कर कार्रवाई की जाएगी। बैंक लिंकेज कार्य हेतु साप्ताहिक मेलों का आयोजन कर छूटे लाभार्थियों के खाते लिंक कराना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में नई सड़कों का निर्माण शीघ्र प्रारंभ करे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी ईशा शर्मा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संवैधानिक मूल्यों व लोकतांत्रिक प्रणाली पर भाजपा के चक्रव्यूह को नाकाम करेगी कांग्रेस- मोना

स्वतंत्र प्रभात



**लालगंज, प्रतापगढ़।** रामपुर खास की विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि कांग्रेस संवैधानिक मूल्यों की सुरक्षा के लिए भाजपा के चक्रव्यूह को नाकाम करेगी। उन्होने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्ता पर बीजेपी के लगातार हमलावर होने से लोकतांत्रिक प्रणाली को भी खतरा उत्पन्न हो गया है। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने प्रदेश में डीएपी खाद की किल्लत तथा चरमरायी विद्युत व्यवस्था एवं लचर कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार को भी आड़े हाथों लिया। शनिवार को लालगंज में ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित संगठन सृजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कार्यकर्ताओं से चुनाव पद्धति को सुरक्षित रखने के लिए मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सतर्क भूमिका में खड़े होने का आहवान किया। उन्होनें कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती सुदृढ़ करते हुए चुनावी विश्वसनीयता के प्रति बीजेपी सरकार की ओर से मिली चुनौती का सामना करने को तैयार रहना चाहिए। विधायक मोना ने यहां मण्डल एवं न्याय पंचायत तथा प्रकोष्ठों के नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए उन्होने कहा कि कार्यकर्ता जनता के बीच उनके सुख दुन्ख में भागीदारी सुनिश्चित करें। विधायक मोना ने पार्टी कार्यकर्ताओं की हौंसला आफजाई करते हुए कहा कि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के नेतृत्व में रामपुरखास का संतुलित विकास तेजी से जारी रहेगा। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष केडी मिश्र व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया।इसके बाद विधायक आराधना मिश्रा मोना बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंची। यहां उन्होनें श्रावण माह में बाबा का जलाभिषेक किया। विधायक मोना ने श्रावण माह में बाबा धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुगम व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। खानीपुर में विधायक मोना ने पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र सिंह के हाल ही में आकस्मिक निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सुरेन्द्र सिंह ददन, आचार्य विंदेश्वरी पटेल, सदाशिव यादव, सोनू मौर्या, जेपी प्रजापति, किरन पटेल, मो0 खलील, सुरेश शर्मा, रामू मिश्र, राजू पाण्डेय, सिंटू मिश्र, छोटे लाल सरोज, दारा सिंह, भारत यादव, हरिश्चंद्र विश्वकर्मा, अवधेश पटेल, भुवनेश्वर शुक्ल, श्रीधर तिवारी, शिव बहादुर सरोज, मुन्ना पाण्डेय, आशीष तिवारी, महन्त दुबे, दुर्गेश पाण्डेय, पप्पू तिवारी, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, राकेश चतुर्वेदी, रामचंद्र तिवारी, रामकृष्ण तिवारी, फूलचन्द्र पाण्डेय, श्रीराम वर्मा, पन्नालाल पाल, पवन निर्मल, दृगपाल यादव, रामकृपाल पासी, प्रभात ओझा, त्रिभु तिवारी, गुडडू सिंह, रोहित सिंह, राजू मिश्र आदि रहे।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर बदमाश, गया जेल



**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने शनिवार को क्षेत्र के मेढावां तथा कौडियाडीह व वीरभद्रपुर गांवों में हाल में हुई चोरी की घटनाओ से जुड़े एक शातिर बदमाश को जेल भेजने में सफलता हासिल की है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने चोरी की घटनाओं में शामिल शातिर बदमाश को चार देशी बम के साथ दबोचा। पकड़ा गया बदमाश लालगंज कोतवाली के कटरादुग्धा निवासी रंजीत पुत्र रामसेवक को दरोगा सुमित कुमार वर्मा ने फोर्स के साथ लालगंज जलेशरगंज रोड पर असरही पेट्रोल पम्प के समीप से धर दबोचा। पकड़े गये रंजीत की तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से चार देशी बम भी बरामद हुआ। पुलिस को आरोपी के पास से चोरी के तीन हजार सात सौ पचास रूपये भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम का भी केस दर्ज किया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी रंजीत को जेल भेज दिया है।

### लाल बहादुर इंटर कालेज आसपुर देवसरा को हराकर स्टेडियम गर्ल्स ने जीता विजेता का खिताब



स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन स्वर्गीय राजा दिनेश सिंह सभागार में आयोजित की गई।प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल पट्टी और स्टेडियम प्रतापगढ़ के बीच खेला गया जिसमें स्टेडियम प्रतापगढ़ ने पट्टी के 16 के मुकाबले 30 प्वाइंट अर्जित कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला लाल बहादुर इंटर कालेज और साकेत बी के बीच खेला गया जिसमें साकेत बी के 16 के मुकाबले 24 प्वाइंट अर्जित कर फाइनल में प्रवेश किया। कांटे के मुकाबले में स्टेडियम गर्ल्स ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए लाल बहादुर इंटर कालेज के 26 के मुकाबले स्टेडियम प्रतापगढ़ ने 32 प्वाइंट अर्जित करके विजेता होने का गौरव हासिल किया।समापन समारोह की मुख्य अतिथि डॉक्टर सुमन झा पत्नी शैलेन्द्र लाल एएसपी पूर्वी रही।उन्होंने विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए जीवन में पढ़ाई के साथ साथ खेलो के भी महत्व पर प्रकाश डाला।प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्णायक के रूप में वीरेंद्र प्रताप सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह,लाल जी तिवारी, आसिफ खान, कपिल गिरी, विमल कुमार, संजय सिंह, प्रिंस प्रजापति, जानी रमेश, पवन कुमार, सौरभ निर्मल रहे। समापन का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया। इस मौके पर जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, जिला स्काउट शिक्षक सुशील सिंह, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला, कबड्डी प्रशिक्षक जय प्रकाश यादव रहे। अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## नायब तहसीलदार नम्रता मिश्रा एवं थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार की अध्यक्षता में थाना दिवस हुआ संपन्न

**●थाना दिवस पर कुल 17 शिकायतें आई जिनमें 3 शिकायतों का मौके पर गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से किया गया निस्तारण, शेष शिकायतों के ससमय निस्तारण हेतु टीम गठित कर मौके पर भेजी गई**

स्वतंत्र प्रभात

**शुकुल बाजार अमेठी।** जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु शूक्ल बाजार थाना प्रांगण में थाना दिवस, समाधान दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार मुसाफिरखाना नम्रता मिश्रा तथा थाना अध्यक्ष बाजार शुक्ल अभिनेष कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । थाना दिवस समाधान दिवस पर फरियादियों द्वारा दी गई समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया गया, नायब तहसीलदार ने बताया कि समाधान दिवस पर कुल 17 शिकायतें आई जिनमें 3 शिकायतों का मौके पर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजी गई है सभी शिकायतों का ससमय गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया जाएगा। थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि थाने आने वाले फरियादियों के साथ मित्रवत व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया जा रहा है। थाना दिवस समाधान दिवस पर फरियादियों के उठने बैठने एवं जलपान की उत्तम व्यवस्था कराई गई थी। वहीं समाधान दिवस थाना दिवस पर आए हुए फरियादियों ने बताया कि सरकार द्वारा थाना स्तर पर समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है, जिसमें सक्षम अधिकारियों द्वारा थाना स्तर पर ही शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया जाता है जिससे तहसील और जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने से निजात मिलती है। जिससे जहां धन की बचत होती है वही समय की भी बचत होती है थाना दिवस समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य रूप से नायब तहसीलदार मुसाफिरखाना नम्रता मिश्रा, थाना अध्यक्ष बाजार शुक्ल अभिनेष कुमार, कानूनगो संतराम , सहित थाना स्टाफ एवं राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## हत्या के प्रयास के अभियोग में 04 अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** शनिवार को समय लगभग 1:30 बजे वादी से आरोपीगणों द्वारा धोखेधड़ी से पैसे मांगने व जान से मारने की नियत से गाली गलौज, धमकी व फायरिंग करने के संबंध में वादी की तहरीर पर थाना सांगीपुर में अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस द्वारा थाना सांगीपुर पर पंजीकृत मुकदमे से संबंधित अभियुक्तगण मुलायम सिंह निषाद पुत्र मानिकचन्द्र निषाद निवासी ग्राम फूलवा पोस्ट बिसौना थाना एयरपोर्ट जिला प्रयागराज, अशोक कुमार पुत्र राममनोहर निवासी ग्राम थरिया थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़, विपिन कुमार पुत्र भईयाराम निवासी ग्राम थरिया थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ व फूलचन्द्र साहू पुत्र रामगरीब साहू निवासी ग्राम परसूरामपुर कला थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ के पास से हत्या के प्रयास के अभियोग से सम्बन्धित 01 तमन्चा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 धारदार चाकू व एक बिना नम्बर प्लेट ऑटो रिक्शा बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई है।

## थाना समाधान दिवस पर डीएम एवं एसपी ने फरियादियों की सुनी शिकायतें

स्वतंत्र प्रभात



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी व पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना जेठवारा में दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर अधिकारियों को शिकायतों का जल्द और प्रभावी ढंग से समाधान करने का निर्देश दिए। थाना जेठवारा समाधान दिवस में 14 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। डीएम ने कहा कि थाना समाधान दिवस में जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें जिससे कि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायत को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। किसी भी शिकायत को अनदेखा न करें और उसका समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाय। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने थाने में आये हुये जनता की समस्याओं को सहानुभूति के साथ सुने और जल्द से जल्द उनकी शिकायतों का निस्तारण करने का निर्देश दिये। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारी व राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। थाना समाधान दिवस के उपरान्त श्रावण मास के दृष्टिगत डीएम एवं एसपी ने बाबा भयहरणनाथ धाम पहुंचकर दर्शन पूजन किया एवं मंदिर परिसर, प्रमुख मार्गो, जलाभिषेक स्थल एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं से सम्बन्धित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रावण मास के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े इसका विशेष ध्यान दिया जाय। पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने बाबा भयहरणनाथधाम में लगे पुलिस अधिकारियों को मन्दिर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबन्द रखने का निर्देश दिये।

## रामबाग में हुई वृद्ध महिला की हत्या के हत्यारों को पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़ा

**●पुलिस ने तीन लोगों को पकड़ा एक के पैर में लगी गोली सीसीटीवी की मदद से पहुंची पुलिस हत्यारों तक**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** दो दिन पहले 9 जुलाई थाना बजरिया के अंतर्गत हुई एक 72 वर्षीय महिला के तीन हत्यारों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। एक हत्यारे के पैर में गोली लगी है। 9 जुलाई को रामबाग थाना बजरिया निवासी सुनील कृष्ण मिश्रा ने थाने में सूचना दी थी कि जब वह घर से बाहर थे तभी उनकी पत्नी की किन्हीं लोगों ने हत्या कर दी तथा वो जो गहने पहने थीं तथा अलमारी से गहने व नकदी चोरी कर ले गए हैं। अपर पुलिस उपायुक्त सेंट्रल राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि दो दिन पहले 72 वर्षीय महिला जिनका नाम प्रेमलता था वो अपने पति के साथ रहतीं थीं। पति जब घर से बाहर गये थे तो कुछ लोगों ने उनकी गला दबाकर हत्या कर दी थी और उनकी अलमारी से गहने व नगदी लूट ले गए थे। इसमें दो दिन बाद सफलता मिली है। तीनों अभियुक्तों को पकड़ लिया गया है। एक अभियुक्त शहनबाज जिसके साथ मुठभेड़ हुई उसके पैर में गोली लगी है। उन्होंने बताया कि दो अन्य अभियुक्त नितिन त्रिपाठी व शारिक अमीन को भी गिरफ्तार किया गया है। इन्हीं तीनों ने मिलकर महिला की हत्या की थी। अभियुक्तों से डेढ़ लाख रुपए भी बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि नितिन त्रिपाठी सट्टा आदि लगाता था। इसके लिए उसे पैसे की आवश्यकता थी। और इसीलिए वह इन लोगों के साथ घर में घुसा था।

### एसपी व सीडीओ द्वारा तपेश्वरनाथ धाम पीढ़ी व मंदिर जाने वाले मुख्य मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

**●संबंधित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात



**अमेठी ।** श्रावण मास व कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक व मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा थानाक्षेत्र फुरसतगंज अन्तर्गत तपेश्वरनाथ धाम मंदिर पीढ़ी व मंदिर जाने वाले मुख्य मार्गों का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिये बैरिकेटिंग कर समुचित पुलिस प्रबंध के माध्यम से व सीसीटीवी कैमरों की मदद से संदिग्धों की निगरानी करने, वर्दी तथा सादे वस्त्रों में पुलिस बल तैनात कर व भ्रमणशील रहते हुए संदिग्धों/शरारती तत्वों पर नजर रखने एवं मंदिर जाने वाले मार्गो पर भी सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के एवं प्रकाश व पेय जल की व्यवस्था के संबंध में संबंधित को आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये तथा मेला प्रबन्धन समिति के पदाधिकारियों से वार्ता की गयी । इस दौरान क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा व अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहे ।

### दहेज उत्पीड़न को लेकर पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दहेज उत्पीडन को लेकर ससुरालीजनों के खिलाफ प्रताड़ना तथा मारपीट व धमकी समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के अमावां पूरे नगरहा निवासी दिनेशचंद्र त्रिपाठी की पुत्री सोनम त्रिपाठी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी शादी प्रयागराज जिले के चांदपुर सलोरी काटजू कालोनी निवासी शुभम शुक्ला पुत्र प्रमोद शुक्ला के साथ हुआ है। पीडिता ने तहरीर में कहा है कि दहेज उत्पीड़न को लेकर ससुरालीजनों ने बीती दस अप्रैल को उसे कमरे में बंधक बनाकर मारा पीटा। दहेज की मांग को लेकर पति शुभम शुक्ला, ससुर प्रमोद शुक्ला, सास मंजू शुक्ला, छोटी बुआ सास प्रीती मिश्रा, देवर शिवम शुक्ला आये दिन उसे प्रताड़ित किया करते हैं। तहरीर के मुताबिक ससुरालीजन पीड़िता से दहेज की मांग पूरा न होने पर जानलेवा धमकी दे रहे हैं। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार की रात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## डीएम कानपुर का एक और प्रशंसनीय कार्य, खेत के बंटवारे को लेकर वर्षों से चल रहे विवाद का हुआ समाधान

**●संपूर्ण समाधान दिवस में उठा था मामला, डीएम ने दिए थे निस्तारण के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** ग्राम अज्योरी, घाटमपुर में खेत के बंटवारे को लेकर चला आ रहा पारिवारिक विवाद प्रशासन की सक्रियता से सुलझ गया है। घाटमपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान देवीदयाल पुत्र स्व. घसिटवा की ओर से दी गई शिकायत पर जिलाधिकारी श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह ने संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी घाटमपुर मनीष कुमार को मौके पर जाकर समाधान कराने के निर्देश दिए थे। निर्देशों का अनुपालन करते हुए आज राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ग्राम अज्योरी पहुंची। उपजिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में ग्राम प्रधान, दोनों पक्षों व ग्राम के अन्य संभ्रांत नागरिकों की उपस्थिति में मौके पर बैठक कराई गई। मामले में देवीदयाल की शिकायत थी कि सहखातेदार खेत के बंटवारे को लेकर विवाद कर रहे हैं और दबंगई के बल पर हिस्सेदारी से वंचित करना चाहते हैं। खेतों की आपसी सहमति से बंटवारे को लेकर चल रहे इस विवाद को प्रशासन ने न केवल सुलझाया, बल्कि मौके पर ही सभी खातेदारों की भूमि का स्पष्ट चिन्हांकन भी कराया। उपजिलाधिकारी ने यह सुनिश्चित किया कि चिन्हित हिस्सों पर सभी सहखातेदार स्वतंत्र रूप से खेती कर सकें और कोई किसी की भूमि में हस्तक्षेप न करे। प्रशासन की सक्रियता और त्वरित समाधान से गांव में संतोष का वातावरण है। प्रकरण के निस्तारण से यह संदेश गया है कि शासन-प्रशासन आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लेता है और न्याय दिलाने हेतु हर स्तर पर तत्पर है।

### भूसा टोली के पस सड़क धंसी विधायक सलिल विश्नोई पहुंचे मौके पर

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** भूसा टोली और मोती मोहाल के बीच की सड़क बरसात के पानी रिसने से धंस गई, सूचना मिलने पर मौके पर विधायक सलिल विशनोई पूर्व मंडल अध्यक्ष संध्या मिश्रा, पार्षद आदर्श गुप्ता, सहयोगी राहुल जायसवाल, विजय साहु, नवनीत जैन लाला और उज्जवल जायसवाल पहुंचे, मौके पर ही नगर निगम के चीफ इंजीनियर जैदी साहब और मेट्रो के अधिकारी बुला लिए गए और मरम्मत कार्य प्रारंभ हो गया है। सलिल विश्नोई ने कहा कि शीघ्र ही सड़क को ठीक करा दिया जाएगा भगवान का शुक्र है, किसी को कोई चोट नहीं पहुंची।

## संक्षिप्त खबरें

### 35 करोड़ की लागत से नगर निगम लगाएगा सौर ऊर्जा संयंत्र

**नगला कोल्हू क्षेत्र में 5 मेगावाट क्षमता का होगा संयंत्र**

**मथुरा।** नगर निगम मथुरा वृन्दावन ने नगला कोल्हू क्षेत्र में 5 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की योजना तैयार की है। महापौर विनोद अग्रवाल ने जानकारी दी कि इस परियोजना के लिए लगभग 35 करोड़ रुपये की लागत का प्रस्ताव मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत शासन को भेजा गया है। महापौर विनोद अग्रवाल के अनुसार, संयंत्र से प्रतिवर्ष 70 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन होगा, जिससे नगर निगम ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अहम कदम उठाएगा। इसके साथ ही वृन्दावन में कामकाजी महिलाओं के लिए वर्किंग वुमन हॉस्टल निर्माण का भी प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, जिसकी अनुमानित लागत 23 करोड़ रुपये बताई गई है। वहीं, नगर निगम कार्यालय में दस्तावेजों के डिजिटलीकरण और बेहतर अभिलेख प्रबंधन के लिए 5 करोड़ रुपये की लागत से डिजिटल रिकॉर्ड रूम स्थापित किए जाने की योजना भी प्रस्तावित की गई है। नगर निगम के अनुसार, इन योजनाओं से नगर की बुनियादी संरचना में सुधार, ऊर्जा बचत और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।

### शिवपुरी में बाइकर्स की फायरिंग से फैली दहशत

**घर के बाहर बात कर रहे व्यक्तियों पर झोंका फायर**

**मथुरा।** शुक्रवार की रात को बाइक सवार बदमाशों ने शिवपुरी में फायरिंग कर दहशत फैला दी। फायरिंग टारगेट कर की गई थी लेकिन किसी को गोली लगी नहीं। एक बच्चे के कान को छूकर गोली निकल गई। माना जा रहा है कि संभवतः बच्चा जिस व्यक्ति की गोद में था उसे निशाना बनाया गया होगा। हाईवे थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष से शिकायत ली गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। घटना हाईवे थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात को हुई थी। माना जा रहा है कि बाइक सवार बदमाशों ने किराएदार पर फायरिंग की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से तीन से चार कारतूस के खोखा बरामद किए हैं। शिवपुरी थाना हाईवे की मंडी चौकी क्षेत्र में है। शुक्रवार रात को मकान मालिक और किराएदार आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान तीन बाइक सवार बदमाश वहां पहुंचे। इसके बाद गोली चलाने लगे। गोलियों के आवाज से आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई। लोग घरों के अदंर चले गये। लोगों को बाद में पता चला कि बदमाशों ने मकान मालिक सूरजभान और उनके किराएदार पर गोलियां दागी थीं। तीन से चार राउंड की फायरिंग की गई।

### पोषाहार का 55 फीसदी सत्यापन पर पांच सीडीपीओ को वेतन रोकने की नोटिस

**आंगनबाड़ी केन्द्रों से मिलने वाले पोषाहार के लिए सत्यापन प्रक्रिया अभी भी जारी**




**मिर्जापुर।** जिले में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मिलने वाले पोषाहार के लिए सत्यापन कार्य जारी है। अभी तक 70 फीसदी लाभार्थियों का फेस कैप्चर और ई केवाईसी हो चुकी है। धीमी गति से कार्य कर रहे पाच सीडीपीओ को वेतन रोकने का नोटिस जारी किया गया है। जिला कार्यकम अधिकारी वाणी वर्मा ने बताया कि अभी तक 70 फीसदी लाभार्थियों को सत्यापन जिन इलाको में हुआ है। जिन लाभार्थियों के आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट नही चह नबर करा लें। सत्यापन के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में पहुंचा जा सकता है। पोषाहार के लिए सत्यापन अनिवार्य है। जिले में कुल 1, 68890 लाभार्थियों आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत है। इन्हें हर माह पोषाहार का वितरण होता है। इनमें 102631 की फेस कैप्चरिंग और ई केवाईसी हो चुकी है। इनका चेहरा मेरी पहचान पोर्टल पर स्कैन किया जा चुका है। शासन ने सभी लाभार्थियों के सत्यापन के निर्देश दिए है। पारदर्शिता के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लाभार्थियों का चेहरा ई केवाईसी अपडेट कर रहे है। कई लाभार्थीऐसे भी है जिन्होंने अभी तक न तो अपना चेहरा स्कैन कराया है और न ही ई-केवाईसी कराई है। ऐस लाभार्थियों को आगामी माह में पोषाहार नहीं मिल सकेगा।

# भरतिया पहुंचे सपा सांसद रामजीलाल सुमन, सरकार पर लगाये आरोप

**● सरकार को बताया दलित विरोधी, कानून व्यवस्था पर खड़े किए सवाल**

स्वतंत्र प्रभात


गांव भरतिया में पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामजीलाल सुमन ग्रामीणों से बात करते हुए।

**मथुरा।** सपा सांसद रामजीलाल सुमन शनिवार दोपहर थाना जैंत क्षेत्र के गांव भरतिया पहुंचे। एक सप्ताह पूर्व क्षतिग्रस्त हुई आंबेडकर प्रतिमा का निरीक्षण किया। इसके साथ ही आरोपियों पर कार्रवाई की बात कही। साथ ही उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। सरकार को दलित विरोधी बताया। थाना जैंत क्षेत्र के गांव भरतिया में नामजद युवक ने अंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी थी। जिसमें आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज हुआ। आंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त मामले में सपा सांसद रामजीलाल सुमन भी भरतिया पहुंच गए। सपा सांसद रामजीलाल सुमन थाना जैंत क्षेत्र के गॉव भरतिया में अंबेडकर की क्षतिग्रस्त प्रतिमा का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। रामजीलाल सुमन ने लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली। पुलिस से प्रतिमा लगने का समय पूछा। वहीं उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह अपराधियों की सरकार है और इसमें आम आदमी सुरक्षित नहीं है और उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की है कि उत्तर प्रदेश की सरकार सबसे खराब सरकार है। मै नहीं समझता कि इससे ज्यादा सही मूल्यांकन किसी भी सरकार को नापने का दूसरा हो सकता है।

जहां भी डॉक्टर आंबेडकर की प्रतिमाएं टूट रही हैं, पूरे देश और समूचे उत्तर प्रदेश में एक विचार को तोड़ने का कार्य किया जा रहा है। डॉक्टर आंबेडकर महान थे। उन्होंने कमजोर वर्गों को सम्मान की जिंदगी जीने का रास्ता बताया। वो दलितों के मसीहा हैं। कुछ सामंती मनोवृत्ति के लोग प्रतिमाओं को तोड़ने का कार्य कर रहे हैं। जहां भी डॉक्टर आंबेडकर की प्रतिमाएं टूट रही हैं। वहां अपराधियों के खिलाफ जो कठोर कार्रवाई हो सकती है। वो नहीं हो रही हैं। जहां घटना होती है वहां शासन प्रशासन कठोर कार्रवाई कर दे तो उससे संदेश जाता है कि आगे कोई अपराध होगा तो उनके खिलाफ इस हद तक की कार्रवाई हो सकती है। ये अपराधियों के मनमुताबिक सरकार है। योगी की सरकार अपराधियों की सरकार है। इसमें आम आदमी सुरक्षित नहीं है। सरकार का पूरा जोर धार्मिक कार्यक्रमों पर है। जनता की जिंदगी से जुड़े मुद्दों पर सरकार का ध्यान नहीं है। हिंदू मुसलमान के नाम पर जो तनाव पैदा कर रहे हैं वो समाज और देश के दुश्मन हैं। बुलडोजर कार्रवाई पर कहा कि किसी के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई करनी है तो उसके लिए कानून है। कानून दण्ड देगा। बुलडोजर संस्कृति बंद होनी चाहिए। गुनाह करने वालों के लिए कोर्ट में सजा का प्रावधान है। उस प्रक्रिया का इस्तेमाल करना चाहिए।

## चिकित्सक ने किया पेशे को शर्मसार, महिला मरीज पर डोल गई नीयत

**● अस्पताल में भर्ती महिला के साथ रात के समय की दुष्कर्म की घटना**

**घटना के बाद चिकित्सक फरार हो गया है, पुलिस छानबीन कर रही है**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** फरह में एक महिला ने चिकित्सक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित महिला की ओर से थाना फरह पर इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला की तरफ से आरोप लगाया गया है कि फरह में स्थित चिकित्सालय के चिकित्सक ने रात के समय नशे की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया । महिला पेट में दर्द की शिकायत होने पर अपने परिजनों के साथ चिकित्सक को दिखाने के लिए पहुंची थी। चिकित्सक ने इसके बाद महिला को भर्ती कर लिया। रात के समय चिकित्सक की नीयत खराब हो गई और उसने महिला को नशा कराने के बाद रात के सन्नाटे का लाभ उठा कर महिला के साथ गंदी हरकत कर दी। नशे की स्थिति में वह चिकित्सक का विरोध नहीं कर सकी। डर की वजह से उसने घटना का जिक्र भी किसी ने नहीं किया। सुबह चाय लेकर जब महिला को बेटा अस्पताल पहुंचा तो महिला ने घटना से अवगत कराया। बेटे ने महिला डायल 112 पर पुलिस को घटना की सूचना दी।

स्वास्थ्य विभाग ने भी घटना से हड़कंप मच गया। आनन फानन में स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एसआरडी पॉलीक्लिनिक नामक इस चिकित्सालय पर सील लगा दी है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से कहा गया है कि यह चिकित्सालय रजिस्टर्ड नहीं है और चिकित्सक भी झोलाछाप है। सूचना पर सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा मौके पर पहुंची और पीड़ित महिला के बयान लिये। इधर फरह के चिकित्सा अधीक्षक रामगोपाल ने आरोपी चिकित्सक के क्लीनिक को सील कर नोटिस चस्पा कर दिया है। सीएचसी अधीक्षक रामगोपाल ने बताया कि महिला को चिकित्सीय परीक्षण के लिये जिला अस्पताल मथुरा भेजा गया है।

### सीखड़ घाट से शिवद्वार के लिए कांवरियों का पहला जत्था रवाना



**सीखड़, मीरजापुर।** श्रावण मास के पहले सोमवार को बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए शनिवार को सीखड़ गंगा घाट से सैकड़ों की संख्या में कांवरियों ने जल भरकर सोनभद्र जिले में स्थित शिवद्वार के लिए रवाना हुए। सीखड़ घाट पर कांवरियां भोर में ही गाजे बाजे नगाड़े के साथ पहुंच कर विधि विधान पूर्वक जल भरकर नाव से उस पार होकर डगमगपुर पहुंचते हैं। वहां से तेंदुआ कला गांव से जंगल के दुर्गम रास्तों से होते हुए पहला विश्राम भावा में करते हैं। रविवार भोर में वहां से निकल कर घोरावल बाजार होते हुए शाम तक बाबा के धाम शिवद्वार पहुंच कर दुसरा विश्राम लेते और भोर में लाइन में लग जाते हैं और बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाते हैं। बताते चलें कि सीखड़ घाट से विगत कई वर्षों से भारी संख्या में कांवरियां शिवद्वार बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाने जातें हैं।

## डॉ आशुतोष लिनियन सोसाइटी लंदन के फेलो चुने गए

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर लगातार नई ऊंचाइयां प्राप्त कर रहा है. विश्वविद्यालय के शिक्षक वैश्विक मान्यता प्राप्त कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग के अध्यक्ष एवं सहआचार्य डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव को लंदन की लिनियन सोसाइटी के फेलो के रूप में चुना गया है।लंदन की लिनियन सोसाइटी 1788 में स्थापित एक प्रतिष्ठित और ऐतिहासिक विद्वान सोसाइटी है, जो प्राकृतिक इतिहास, वर्गीकरण विज्ञान और विकास पर केंद्रित है। यह दुनिया की सबसे पुरानी जैविक सोसाइटी है।चार्ल्स डार्विन लिनियन सोसाइटी के सबसे प्रसिद्ध फेलो में से एक हैं। प्राकृतिक चयन द्वारा विकास पर उनका सिद्धांत अपने समय में अभूतपूर्व था और आज भी अध्ययन और विवाद का विषय है।डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव रॉयल नॉर्वेजियन गवर्नमेंट फेलोशिप और याग्ड्रासिल रिसर्च फेलोशिप के भी प्राप्तकर्ता हैं।इससे पहले उन्हें इंडस फाउंडेशन यूएसए द्वारा अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था द्य डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव मत्स्य पालन और जलीय विष विज्ञान के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग जैसी क्रांतिकारी तकनीकों के साथ काम कर रहे हैं। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कविता शाह ने उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें प्रतिष्ठित फेलोशिप के लिए बधाई दी।विज्ञान संकाय की अध्यक्ष प्रो. प्रकृति राय और विज्ञान संकाय के अन्य सभी शिक्षकों ने भी उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

## छत के कुंडी से साड़ी के फंदे से लटकता हुआ युवक का शव मिला

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** इटवा थाना क्षेत्र के पिपरी महरी गांव में शनिवार को एक युवक ने घर के अंदर छत के कुंडी में लगे साडी के फंदे से लटकर आत्महत्या कर ली है। मृतक की पहचान मंगल मिश्रा (21) पुत्र राम जनक मिश्रा के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार मंगल मिश्रा पिछले ढाई साल से मुंबई में रहकर किसी निजी कार्य में लगा था। वह करीब 12 दिन पहले ही गांव वापस लौटा था। शनिवार को जब परिवार के सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे, उसी दौरान उसने घर के अंदर छत के कुंडे में साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।

घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। पास-पड़ोस के लोग भी मौके पर इकट्ठा हो गए। इस दौरान किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। थोडी देर में मौके पर इटवा पुलिस भी पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अविवाहित था और चार भाइयों में तीसरे स्थान पर था। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। इस मामले में थानाध्यक्ष इटवा श्याम सुन्दर तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों के मुताबिक, मंगल कुछ दिनों से गुमसुम रह रहा था, लेकिन किसी को अंदेशा नहीं था कि वह ऐसा कदम उठा लेगा। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

### पान की गुमटी का कुंडी तोड़कर हजारों की चोरी



**सिद्धार्थनगर।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के खान चौराहे पर शुक्रवार रात चोरों ने एक पान की दुकान का कुंडी तोड़कर नकदी व सामान चोरी कर लिया। सरोथर गांव निवासी सफीक अहमद ने बताया कि वह रोज की तरह रात करीब 8 बजे अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। शनिवार सुबह लगभग 6 बजे जब दुकान पर पहुंचे तो देखा कि कुंडी टूटी हुई है और गल्ला नीचे गिरा पड़ा था। उसमें रखे करीब 3000 रुपये नकद और लगभग 6000 रुपये के सिगरेट, गुटखा, बिस्किट आदि सामान गायब थे। सूचना मिलते ही 112 पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पीड़ित ने त्रिलोकपुर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विपिन सिंह राठौर ने बताया कि चोरी होने की सूचना मिली है, लेकिन अब तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## श्रीभूम के सांसद ने 24-25 ई वर्ष के वित्तीय वर्ष में निधि फंड के 10 लाख रुपये की योजना के तहत विभिन्न स्थानों पर सामुदायिक हॉल के शुभारंभ समारोह

स्वतंत्र प्रभात







**श्रीभूमि-** 2026 विधान सभा चुनाव के दिन नजदीक आने के साथ-साथ राज्यभर में विकासात्मक कार्य जारी हैं। श्रीभूमि जिले के सांसद कृपानाथ मालाह जिले के विकास के लिए सक्रियता से काम कर रहे हैं और जिले के विभिन्न समुदायों के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग सामुदायिक हॉल की धीरे-धीरे पूरी कर रहे हैं। लोकप्रिय सांसद कृपानाथ मालाह ने इस मांग को पूरा किया और जो बचा है वह भी जल्द ही पूरा किया जाएगा, ऐसा उन्होंने बताया। अनुदानित फंड के तहत सामुदायिक हॉल के निर्माण के लिए शिलापट्ट का अनावरण सांसद ने किया। साथ में प्रबंधन समिति के सदस्य और सदस्य भी कार्यक्रम में मौजूद थे। शिलापट्ट का अनावरण करने के बाद कृपानाथ मालाह ने कहा कि श्रीभूमि जिले के जनता की लंबे समय की मांग अब पूरी होने जा रही है, लेकिन एक साथ सब कुछ नहीं होता, समय लगेगा लेकिन होगा।श्रीभूमि जिले के विभिन्न स्थानों पर हज्रढ्ढश्वष्ठ स्नह्रष्ठ के अंतर्गत सामुदायिक हॉल का निर्माण किया जाएगा 1) दासग्राम के भैरवबाड़ी में 10 लाख रुपये लागत से मंदिर का निर्माण कार्य, 2) घारमूड़ा अन्नपूर्णा दुर्गाबाड़ी में 10 लाख रुपये लागत से सामुदायिक हॉल का निर्माण, 3) कुंदानाला में इस्कॉन मंदिर में 10 लाख रुपये से एक सामुदायिक हॉल का निर्माण। 4) वरुणछड़ा में 10 लाख रुपये से एफ.वी. बाजार शेडघर सामुदायिक हॉल का निर्माण। 5) काटलिछड़ा राधामाधव सेवा आश्रम में सामुदायिक हॉल का निर्माण कार्य 10 लाख रुपये लागत से होगा. श्रीभूमि के सांसद 24-25 इंग वर्ष के वित्तीय वर्ष में फंड के अंतर्गत इन विभिन्न स्थानों पर सामुदायिक हॉल के निर्माण कार्य की शुभ शुरुआत किया। फिर जनसभा में सांसद कृपानाथ मालाह ने कहा कि भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री और असम के लोकप्रिय मुख्यमंत्री के शासन में श्रीभूमि जिले के विभिन्न स्थानों पर विकास कार्य जारी है और जो काम 70 सालों में नहीं हुआ, वही काम अब समान रूप से हो रहा है। क्योंकि अब यह मोदीजी के परिवर्तन सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' है। उन्होंने क्षेत्र की जनता के साथ विचार-विमर्श करते हुए और कहा कि जो सभी कार्य बाकी हैं वे मेरे ध्यान में हैं, लोगों की लंबे समय की मांगों को संभवतः प्रयास के माध्यम से पूरा करने का आश्वासन दिया। श्रीभूमि क्षेत्र में विकास की लहर तेजी से बहेगी, यह विकासात्मक कार्य भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और असम के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के लिए ही हो रहा है। कार्यक्रमों में उपस्थित थे, समाज के वरिष्ठ नागरिक, मंदिर समिति के सदस्य और कार्यकर्ता सहित क्षेत्रवासियों. प्रबंधन समिति की ओर से श्रीभूमि के सांसद कृपानाथ मालाह को साधुवाद देने के साथ-साथ सहयोग में रहे अन्य लोगों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

## सीआईआरजी फरह में 46वां स्थापना दिवस, बकरी दिवस के रुप में मनाया

स्वतंत्र प्रभात


सीईआरजी में स्थापना दिवस के मौके पर सभी अतिथिगढ

**मथुरा-** केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम ने 12 जुलाई, को अपने 46 वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रथम राष्ट्रीय बकरी दिवस का भव्य आयोजन कर एक ऐतिहासिक पहल की शुरुआत की । यह आयोजन संस्थान की शोध, नवाचार और विस्तार कार्यों की उत्कृष्टता का परिचायक रहा, जिसमें देश के विभिन्न प्रतिष्ठित पशुपालन एवं कृषि अनुसंधान संस्थानों के प्रतिनिधियों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों, शिक्षाविदों, बकरी पालक किसानों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी सहभागिता रही

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ0 मंगी लाल जाट महानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के द्वारा किया महानिदेशक डॉ. मंगी लाल जाट ने बकरी को "चलता-फिरता एटीएम - Any Time Milk, Any Time Meat, Any Time Money" कहते हुए बकरी पालन की बहुआयामी उपयोगिता पर बल दिया। उन्होंने वैज्ञानिकों से बकरी दूध की औषधीय विशेषताओं पर गहन अनुसंधान करने का आह्वान किया।

संस्थान निदेशक डॉ0 मनीष कुमार चेटली द्वारा संस्थान के समस्त वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों, पूर्व निदेशकों एवं अधिकरियों व कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि संस्थान की 46 वर्ष की सफल एवं गौरवशाली यात्रा में आप सभी का योगदान सराहनीय है। संस्थान द्वारा किसानों की आय को बढ़ाने के साथ-साथ अनुसूचित जाति एवं जनजाति के किसानों एवं महिला किसानों के विकास एवं सशक्तिकरण के लिए परियोजना एवं कार्यक्रम चलाए गये है । केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान ने पिछले 46 वर्षों में बकरी पालन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है । संस्थान ने बकरी की नई नस्लों के विकास, रोग प्रबंधन, आहार सुधार और प्रजनन तकनीकों में उल्लेखनीय प्रगति की है।

कार्यक्रम में अध्यक्षता डॉ0 राघवेन्द्र भट्टा, उपमहानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने की । विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ0 ए.के गौर, सहायक महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, डॉ0 अशोक कुमार, पूर्व सहायक महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, डॉ0 ए.के. तोमर, निदेशक सी.एस.डब्ल्यू.आर.आई, अविकानगर, डॉ0 ए. साहू, निदेशक, एन.आई.ए.एन.पी, बंगलौर, डॉ0 पी.एस.बिरथल, निदेशक एन.आई.ए.पी, नई दिल्ली, डॉ0 ए.के. पूनिया, निदेशक, एन.आर.सी ऑन केमल, डॉ0 वी.वी. सिंह निदेशक भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान, भरतपुर, डॉ0 विकास पाठक, डीन दुवासु, मथुरा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### बीजेपी की तानाशाही सरकार से लड़ने के लिए संगठन को मजबूत करना है विक्रम पटेल

मिर्जापुर। शनिवार को ब्लाक नरायणपुर के टेडुआ मंडल में एव सीखड ब्लॉक के खैरा मंडल में संगठन सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि कोऑर्डिनेटर विक्रम पटेल निशा संबोधित करते हुए कहा कि न्याय पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत करना है तभी हम लोग तानाशाही बीजेपी सरकार से लड़ा जा सकता है श्री पटेल ने कहा कि बीजेपी सरकार सिर्फ जनता को धोखा दे रही है कहती कुछ है करती कुछ है आम जनता बहुत परेशान है कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ0 शिवकुमार पटेल ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए सभी कोई एकजुट होकर ब्लॉक एवं न्याय पंचायत स्तर पर मजबूत किया जाएगा श्री पटेल ने कहा कि गांव की जनता से रूबरू होकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों और कार्यक्रम को बताने का काम किया जा रहा है **कार्यक्रम में उपस्थित** गुलाब चंद्र पांडे वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजेश मिश्र ज्योति मनोज सिंह तुलसीदास गुप्ता गुलाब मिश्रा राम लखन मास्टर साहब मारकंडे पाठक देवराज पटेल के साथ मंडल अध्यक्ष अशोक प्रजापति जी एवं न्याय पंचायत अध्यक्ष गण उपस्थित रहे।

## ढेबरुआ में रैली निकालकर नामांकन पर दिया गया जोर



स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** बढ़नी विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ढेबरुआ द्वारा शुक्रवार को स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग नियंत्रण अभियान दस्तक अभियान की रैली निकाली गई। रैली का भ्रमण ढेबरुआ एवं शिवभारी गांव में कराया गया। रैली के उपरांत गावं के दो नये बच्चों का नामांकन किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष द्वारा बच्चों को माला पहनकर एवं चंदन लगाकर नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत भी किया गया। छात्रों ने पढ़ लो बिटिया पढ़ लो बहना,ये है जीवन का गहना। पढ़ी लिखी लड़की, रोशनी है घर की। सर्व शिक्षा अभियान अनूठा, नहीं लगेगा, कही अंगूठा।बुखार में देरी, पड़ेगी भारी।हर रविवार मच्छर पर वार। चूहा, मच्छर और छुछंदर, आने न दो घर के अन्दर।

आदि नारों के साथ प्राथमिक विद्यालय ढेबरूवा से चौराहा होते हुए सिसवा उर्फ शिवभारी गांव तक गई। छात्रों ने जन जागरुकता फैलाने में अपना विशेष योगदान दिया। सभी बच्चों को पुस्तक भी मुहैया कराया गया। दो बच्चों का रैली के बाद नामांकन हुआ। नव प्रवेशी बच्चों का शिक्षकों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। रैली में प्रधानाध्यापक निसार अहमद, अनुपम तिवारी, आशुतोष कुमार मिश्रा, अंशु चौधरी, इंचार्ज प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार मिश्रा, शाह आलम, दीप्ति कुमारी, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष झब्बूलाल, रसोईया किस्मती, फुलझड़ी, शांति तथा अन्य अभिभावक उपस्थित रहे।

## धान की सुरक्षा के लिए घेरें गये तार में लगे करंट से 32वर्षीय युवक की हुई दर्दनाक मौत

स्वतंत्र प्रभात




**चील्ह।** थाना क्षेत्र के चंदेल डड़िया गांव में पशुओं से बचाने के लिए खेत के चारों तरफ़ लगाए गए करेंट से टच करने से शौच करने के लिए रवि कुमार बिन्द 32 की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रवि कुमार बिन्द पुत्र स्वर्गीय राजकुमार बिन्द शनिवार की सुबह लगभग 4ः00 बजे खेत में शौच कर वापस घर लौट रहा था कि धान के बेहन को पशुओं से बचाने के लिए फसल के चारों तरफ खेत में तार से घेरा गया था। जिसमें शौच करने गए रवि कुमार बिंद जब वापस घर के लिए लौट रहा था कि चारों तरफ लगायी गई तार से टच कर गया। और बिजली का करेंट लगने से वहीं पर उसकी मौत हो गई । शनिवार की सुबह लगभग 6ः00 बजे मृतक के परिवार को सूचना मिली। परिजनों ने रवि कुमार को लेकर मिर्जापुर जनपद के कछवा क्रिश्चियन हॉस्पिटल में इलाज हेतु ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया । मृतक का बड़ा भाई डॉक्टर ने खेत में मतार से घेरने वाले चंदेल डड़िया गांव निवासी रमाशंकर ,केशव प्रसाद, सिद्धनाथ के विरुद्ध चील्ह थाना में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है । घटना से आक्रोशित परिजनों ने सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष शनिवार की सुबह 10ः00 बजे चील्ह थाने पहुंचकर आरोपियों के गिरफ्तारी व मुआवजा की मांग करने लगे। घटना की जानकारी पर थाने पर पहुंचे एसपी सिटी नितेश कुमार सिंह परिजनों से बातचीत कर आरोपियों की गिरफ्तारी कर हर संभव मदद करने के आश्वासन पर परिजन वापस लौट गए। घटना के संबंध में चील्ह थाना प्रभारी विजय शंकर सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तथा विधिक कार्रवाई की जा रही है। मृतक को तीन पुत्रियां हैं ।और चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। पत्नी देवी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।